लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 268
लखनऊ, रविवार, 21 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

www.dailypioneer.com


## एनटीए ने शहरवार नीट का रिजल्ट घोषित किया

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का किया पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा एनईईटी-यूजी के लिए केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित किए, जो कथित अनियमितताओं को लेकर सवालों के घेरे में है। परिणाम जो शुरू में 5 जून को घोषित किए गए थे, सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद इस प्रारूप में प्रकाशित किए गए हैं। शीर्ष अदालत पेपर लीक सहित परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं के बारे में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

परीक्षा 5 मई को 24 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें विदेश के 14 शहर भी शामिल थे। अदालत ने आदेश दिया था कि उम्मीदवारों की पहचान छुपाते हुए परिणाम घोषित किए जाएं। अदालत ने कहा था कि वह यह पता लगाना चाहती है कि क्या कथित रूप से दागी केंद्रों पर उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों ने अन्य जगहों पर परीक्षा देने वालों की तुलना में अधिक अंक हासिल किए हैं।

जो उम्मीदवार एनईईटी यूजी 2024 के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपना परिणाम एनटीए एनईईटी की आधिकारिक वेबसाइट questions.nta.ac.in/NEET/ या ठ्ठद्गद्ब.ठ्ठह्लड्डश्ठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्बठ्ठ पर देख सकते हैं। 18 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को 20 जुलाई दोपहर 12 बजे तक नीट यूजी नतीजे घोषित करने का निर्देश दिया था। अदालत ने आदेश दिया कि एजेंसी छात्रों की पहचान उजागर किए बिना उनके अंक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्देश दिया था कि एनईईटी यूजी परिणाम आज दोपहर तक शहर और केंद्र द्वारा अलग-अलग प्रकाशित किए जाएं।

शीर्ष अदालत प्रतिष्ठित परीक्षा में कदाचार के आरोपों को रद्द करने, दोबारा परीक्षा देने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सोमवार को दलीलें सुनना फिर से शुरू करेगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शनिवार दोपहर तक शहर और केंद्र-वार अलग-अलग परिणाम घोषित करने का आदेश दिया था। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया था कि नीट-यूजी की पुन: परीक्षा केवल ठोस आधार पर

( शेष पेज 9 )



जम्मू में शनिवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का काफिला। सेना प्रमुख ने यहां पुलिस मुख्यालय में बैठक की।

## आतंकवाद को कुचलने की तैयारी, सेना प्रमुख जम्मू में

**मोहित कंडारी।** जम्मू

**अक्टूबर** 2021 से जम्मू क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों में 50 से अधिक बहादुरों का बलिदान देने के बाद, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारी अपनी जवाबी रणनीति को दुरुस्त करने के लिए शनिवार को जम्मू में पहुंचे। उनका लक्ष्य जम्मू हाइट्स से पाकिस्तानी आतंकवादियों को बाहर निकालना है।महत्वपूर्ण सुरक्षा समीक्षा बैठक यहां पुलिस मुख्यालय में बुलाई गई। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक, सीआरपीएफ के महानिदेशक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक, केंद्रीय रक्षा और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि और खुफिया एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने दो घंटे से अधिक समय तक विचार-मंथन सत्र में भाग लिया।

सेना प्रमुख ने जम्मू क्षेत्र में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने के लिए संभावित रणनीतिक प्रतिक्रियाओं और उपायों पर चर्चा करने के लिए उत्तरी कमान मुख्यालय के शीर्ष कमांडरों के साथ भी बातचीत की।

उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि यह बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की हालिया बैठक के ठीक बाद हो रही है। यह बैठक जम्मू क्षेत्र में अचानक बढ़े आतंकी हमलों के बीच हुई। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए अलग से एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी।

मौजूदा सुरक्षा स्थिति की गंभीरता को समझते हुए और कमियों को दूर करने के लिए, भारतीय सेना ने पहले ही पाकिस्तानी आतंकवादियों से निपटने के लिए जम्मू क्षेत्र में तीन पैदल सेना बटालियनों सहित 3000 से अधिक सैनिकों को शामिल कर लिया है।

( शेष पेज 9 )

## हवाई अड्डों पर सामान्य हो रहा कामकाज

**पायनियर समाचार सेवा ॉ** नई दिल्ली



**बड़े व्यवधानों** के कारण यात्रियों को असुविधा होने के कुछ घंटों बाद, भारत में हवाईअड्डा प्रणालियों ने शनिवार सुबह 3 बजे से सामान्य रूप से परिचालन फिर से शुरू कर दिया। हालाँकि समग्र प्रणाली अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है, जैसा कि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुष्टि की है। रद्द की गई और विलंबित उड़ानों के महत्वपूर्ण बैकलॉग और अभी तक वितरित किए जाने वाले सामान का मतलब है कि सामान्य स्थिति की पूर्ण बहाली में कुछ दिन लग सकते हैं।इसके अतिरिक्त, प्रभावित यात्रियों की दोबारा बुकिंग या इसके अतिरिक्त, प्रभावित यात्रियों की दोबारा बुकिंग या रिफंड की प्रक्रिया सिस्टम के ठीक होते ही शुरू हो जाएगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हवाई अड्डों पर एयरलाइन सिस्टम सामान्य

( शेष पेज 9 )





लखनऊ में कुकरैल तट पर सौमित्र वन में वृक्षारोपण करते मुख्मंत्री योगी आदित्यनाथ

## यूपीएससी के चेयरमैन मनोज सोनी का इस्तीफा

**पीएनएस।** नई दिल्ली

**यूपीएससी** चेयरमैन मनोज सोनी ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल मई 20029 को खत्म होना था। यह जानकारी शनिवार को आधिकारिक सूत्रों ने दी। उन्होंने कहा, परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद उनका इस्तीफा किसी भी तरह से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से जुड़े विवादों और आरोपों से जुड़ा नहीं है। एक सूत्र ने कहा, यूपीएससी अध्यक्ष ने एक पखवाड़े पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा दे दिया था। इसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। 59 वर्षीय प्रख्यात शिक्षाविद् सोनी ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था। सूत्रों ने कहा कि सोनी इच्छुक नहीं थे यूपीएससी अध्यक्ष बनने पर और कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया था। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि तब उनका

( शेष पेज 9 )

## संसद सत्र से पहले सांसदों को याद दिलाए नियम

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**हाल** के दिनों में संसद की कार्यवाही में लगातार व्यवधानों के चलते की लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में हंगामे की स्थिति पैदा हो गई थी। सदस्यों को 'राज्यसभा के सदस्यों के लिए हैंडबुक' का एक नया सेट वितरित किया गया है, जिससे कि उनका संसदीय रीति-रिवाजों और परंपराओं तथा संसदीय शिष्टाचार के प्रति ध्यान आकर्षित किया जा सके।

इसमें अनुचित तरीके से वंदे भारत, जय हिंद जैसे नारे लगाना, धन्यवाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना और पीठासीन अधिकारी और इस मामले में राज्यसभा के सभापति द्वारा दिए गए फैसलों की आलोचना करने से बचना शामिल है। सूत्रों ने कहा कि इसी तरह का मैनुअल लोकसभा के सदस्यों के लिए भी निकाला जाएगा, जिसका हर सांसद को पालन करना होगा। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा और 23 जुलाई को वार्षिक बजट की घोषणा की जाएगी। मैनुअल में सलाह दी गई है कि सांसदों को सदन के पटल पर तख्तियां प्रदर्शित नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह सदन के व्यवस्थित नहीं होने के समान होगा। राज्यसभा सचिवालय के एक बुलेटिन में कहा गया, सदन की कार्यवाही की मर्यादा और गंभीरता के लिए आवश्यक है कि सदन में कोई 'धन्यवाद', 'जय हिंद', 'वंदे मातरम' या कोई अन्य नारा न लगाया जाए। हाल के दिनों में विपक्ष का विरोध प्रदर्शन अधिक लगातार और आक्रामक रहा है, जिसके बाद अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने वरिष्ठतम सांसदों के साथ भी मौखिक द्वंद्व किया था। राज्यसभा के टेबल ऑफिस द्वारा जारी बुलेटिन में कुल 28 परंपराओं और शिष्टाचार का उल्लेख किया गया है जो आमतौर पर संसद में प्रचलित हैं।सभापति द्वारा फैसलों के मुद्दे पर, बुलेटिन में कहा गया है कि

( शेष पेज 9 )




# भव्य, दिव्य, स्वच्छ व सुरक्षित होगा महाकुंभः योगी

**● अक्टूबर तक गुणवत्ता के साथ सभी कार्य पूरा करने के दिए निर्देश**

**● संगम किनारे स्थित लेटे हनुमानजी के मंदिर में की पूजा अर्चना, लिया आशीर्वाद**

## मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से ली महाकुंभ की तैयारियों की जानकारी





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में महाकुंभ-25 की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिव्य, भव्य, हरित, स्वच्छ और सुरक्षित महाकुंभ आयोजित कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सीएम ने सर्किट हाउस में पौधरोपण भी किया। इसके बाद उन्होंने संगम किनारे स्थित लेटे हनुमान जी के मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं अंत में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के आवास पहुंचे। यहां पर उन्होंने नवविवाहित मंत्री के बेटे और बहू को आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज सर्किट हाउस में महाकुंभ-25 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीएम योगी के सामने कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इसके बाद तैयारियों को लेकर अलग-अलग विभागों ने अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीएम ने महाकुंभ को भव्य और दिव्य कराने के साथ स्वच्छ ,सुरक्षित और हरित स्वरूप देने के निर्देश दिये। उन्होंने महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले सभी कर्मियों को नेमप्लेट और यूनिकोड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रेनिंग को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हरित महाकुंभ के मद्देनजर कुंभ क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक होनी चाहिये। इतना ही नहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे कर लिये जाएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अक्टूबर तक सभी कार्य पूरा करने के आदेश दिये। इसके अलावा सीएम ने कहा कि संगम के नाविकों को लाइफ जैकेट और उनकी ट्रेनिंग समय से पूरी की जाए। वहीं जैकेट की खरीद के लिए ऑनलाइन रेट की जानकारी भी उन्हें दी जाए। मेला क्षेत्र के अंदर सभी प्रमुख भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। शहर और कुंभ क्षेत्र में लगी होर्डिंग्स को हटाकर उनके स्थान पर डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाए। शहर में निजी भवनों पर लगे होर्डिंग्स को हटाकर वहां डिसप्ले बोर्ड लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स, साधु संतों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और सभी संस्थाओं के साथ बेहतर तालमेल बनाकर उनसे सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।

# ऑनलाइन अनुमति लेकर खेतों से कर सकेंगे 100 घन मीटर मिट्टी का खनन और परिवहन

**● जन-सामान्य और किसानों के व्यक्तिगत उपयोग के राज्य सरकार ने दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जन** सामान्य और अन्नदाता किसानों के द्वारा साधारण मिट्टी का खनन किए जाने के संबंध में योगी सरकार की ओर से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत ऑनलाइन व्यवस्था का उपयोग करते हुए 100 घन मीटर तक की मिट्टी की मात्रा स्वयं के खेतों से खनन व परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। यहां यह उल्लेखनीय है कि किसी भी दशा में दूसरे प्रदेश में इस प्रदेश से मिट्टी की खुदाई कर परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। योगी सरकार की ओर से तहसील व थाने के कर्मियों से इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को निर्देशित किया गया है। मालूम हो कि शासन के संज्ञान में लगातार इस तरह की शिकायतें आ रही थीं कि जन-सामान्य द्वारा अपने निजी कार्य अथवा सामुदायिक कार्य के लिए अपने खेत से मिट्टी खुदाई कर ले जाने पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा परमिट की मांग करते हुए रोका जा रहा है।

इसी संबंध में शासन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कमिश्नर व एसएसपी और एसपी को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं और कहा गया है कि शासन के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। निर्देश में कहा गया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के द्वारा 100 घनमीटर तक खनन के परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है।

**PUBLIC NOTICE**

Be known to the public at large that I, Dr. Priya Ranjan Parsad Singh, Advocate - Supreme Court of India, being Honorary Legal Advisor-Delhi Commission for Safai Karamcharis, Govt. of NCT of Delhi at Delhi, for and on behalf of and under the instructions of my client Mr. Sanjay Gehlot, Chairman-Delhi Commission for Safai Karamcharis (DCSK), Govt. of NCT of Delhi, do hereby serve the following Public Legal Notice to public at large for the purpose of restrictions, avoidance, information, record and instructions which are as under:

i) That, my client is a well known social figure having deep root in civil society as being assumed the Office of Chairman, Delhi-(DCSK), Govt. of NCT of Delhi.

ii) That, since he is very generous, helpful and public oriented social leader, his accessibility and popularity is well known among the society. He always ready to help out any deprived & distressed person in need to his extent. Due to his such qualities, as he made himself physically available for the good and the sad reasons, people try to take him for granted.

iii) That, in view of this basic characteristics it has been brought to the notice of his good office that some of the notorious persons, one of them is identified as Mr. Vikas Gehlot who tried to use the name of my client for illegal activities including taking money for one or any other reason from the member/s of the public without his authority, permission, instruction, information or knowledge. After knowing some instances of alleged Mr. Vikas Gehlot, my client has sorted out the same in recent past with strict instructions to the alleged Mr. Vikas Gehlot or his accomplices not to repeat any such activities in future to bad name my client in any manner to any extent to tarnish the public image of my client.

iv) That, further to it, again it has been brought to the notice of same or similar activities has been started by the said alleged Mr. Vikas Gehlot or his accomplices in the same manner as he did earlier despite all cautions, strict instructions and advise of my client before he conclude his access to my client by stopping him for phone calls, physical visit, social presence or even family invitation or for any occasion that alleged Mr. Vikas Gehlot and/or his accomplices who is/are neither personally nor remotely related to my client, in personal or official capacity in any manner for any reason to any extent.

v) That, this is mere co-incidence that both the alleged Mr. Vikas Gehlot and my client share the same surname and he always tried to encash the same in any manner best known to him.

vi) That, in view all facts and circumstances which came into the knowledge and information of my client recently has left with no option except to issue this public legal notice to avoid his personal and official defamation of his social stature and personality in the given circumstances.

This is to notify to the public at large that the alleged Mr. Vikas Gehlot and his accomplices and/or any person known, unknown, related, not related, relatives, family, friends, subordinates, colleagues, any individual are hereby instructed not to receive any documents, cash, kind, donation, gift, prize, reward or any form of consideration at all for and on behalf of my client in any manner to any extent here onwards.

Keeping in view of all the above facts and circumstances, this needs to be followed by the public at large in individual or in association or in any form of body corporate to avoid any such transactions enumerated hereinabove in any manner for and on behalf of my client for any purpose to any extent.

Despite the instructions through this public legal notice if anybody in individual capacity or in body corporate or in any association of persons, who tries to claim any such transactions has no locus & at here on risk and cost as it amounts to Nonest in the Law under Rule of Law of this Country as the same may be treated as illegal, null and void ab initio.

Copy of this **Public Legal Notice** is retained in the office of the undersigned for all the future information, record and action.

**(Dr. Priya Ranjan Prasad Singh) Advocate,**
**Supreme Court of India Honorary Legal Advisor**
Delhi Commission for
Safai Karamcharis, Govt. of NCT of Delhi
The ADR Centre, Tokas Complex,
Sector-19, Dwarka, New Delhi-110075
Mob.: 9599636056/9868882401
priyaranjanpsingh@gmail.com

**Date** : 19th July, 2024
**Place** : Delhi

# कौशाम्बी में भगवान बुद्ध की 51 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा होगी स्थापित

**● 8.50 करोड़ के व्यय से किया जाएगा मूर्ति स्थापना का कार्य पूरा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार कई प्रकार के प्रयास कर रही है। एक ओर, काशी-अयोध्या समेत प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों में पर्यटक सुविधाओं में विकास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में बौद्ध सर्किट (बौद्ध तीर्थक्षेत्रों) के विकास व उन्हें नए टूरिस्ट अट्रैक्शंस से पूर्ण करने की प्रक्रिया पर जोर दिया जा रहा है।

इसी क्रम में, सीएम योगी के विजन अनुसार कौशाम्बी में भगवान बुद्ध की 51 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा को स्थापित करने के कार्य को गति दी जा रही है। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी ने इस परिपेक्ष्य में शॉर्ट टर्म नोटिस के माध्यम से ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। इससे मूर्ति के निर्माण व स्थापना के लिए एजेंसी के निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया पूरी होगी। निर्धारित एजेंसी द्वारा कार्यावंटन के बाद 7 महीने की समयावधि में मूर्ति स्थापना के कार्य को पूरा करना होगा। इसके लिए पहले 1 महीने में मूर्ति के प्रोटोटाइप का निर्माण किया जाएगा जिसको स्वीकृति मिलने के बाद मुख्य मूर्ति को 6 माह की समयावधि में पूर्ण कर स्थापित किया जाएगा। कौशाम्बी में स्थापित की जाने वाली महात्मा बुद्ध की मूर्ति को हॉलो कास्ट पद्धति के जरिए पूरा किया जाएगा। खास बात ये है कि मूर्ति ब्रॉन्ज शीट्स को जोड़कर नहीं बनेगी बल्कि उसकी लॉस्ट वैक्स प्रॉसेस के जरिए ढलाई की जाएगी। मूर्ति के लिए जिस कांस्य धातु का प्रयोग होगा उसमे 85 प्रतिशत कॉपर, 5 प्रतिशत लेड, 5 प्रतिशत टिन व 5 प्रतिशत जिंक का अलॉय के तौर पर प्रयोग किया जाएगा। इस दौरान मूर्ति में कांस्य का वजन 52 टन होगा जबकि 20 टन लोहे का भी इसकी स्थापना में उपयोग किया जाएगा। मूर्ति अंदर से हॉलो होगी जिसकी मेटल थिकनेस कास्टिंग 7 से 8 मिलीमीटर होगी।

# बहराइच में रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, 194 की बचाई गई जान

**● अचानक घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से फंस गए थे खेतों में काम कर रहे ग्रामीण**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ बहराइच

**योगी** सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की लगातार मॉनीटरिंग कर रही है। यहां प्रशासन की ओर से आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार शाम बहराइच में अचानक नेपाल से छोड़े गये पानी से खेत में काम कर रहे 194 लोग फंस गये। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू टीम ने बाढ़ में फंसे 63 लोगों को रात में ही सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 131 लोगों को बचाने के लिए सुबह 9 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू में बचाये गये लोगों में पुरुषों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलायें और बच्चे भी शामिल रहे। बाढ़ में फंसे लोगों की स्वास्थ्य जांच कराने के बाद सभी को उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया गया। इस दौरान सभी को राहत सामग्री भी वितरित की गयी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि राज्य इमरजेंसी सेंटर को शुक्रवार शाम 6.30 बजे बहराइच में बाढ़ के पानी में सैकड़ों लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। इस पर मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील और बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी को सूचना दी गयी। इस पर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी आनन फानन में मौके पर पहुंचे। मंडलायुक्त देवी पाटन शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि ग्राम चहलवा परगना धर्मापुर तहसील मिहीपुरवा (मोतीपुर) बहराइच के करीब सौ से अधिक ग्रामीण घाघरा नदी के दूसरी ओर अपने खेतों में काम करने गये थे। इस दौरान घाघरा का जलस्तर कम था।

वहीं शाम को नेपाल से अचानक पानी छोड़े जाने से घाघरा का जलस्तर बढ़ गया। इसकी वजह से ग्रामीण अपने खेतों में फंस गये। मामले की सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां जानकारी मिली कि बाढ़ के पानी में करीब 194 ग्रामीण फंसे हैं, जिसमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

# बाढ़ प्रभावित 40 जिलों को जारी किए गए 120 करोड़ रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, परिवार को राहत सहायता देने, कृषि निवेश अनुदान समेत अन्य राहत कार्यों के लिए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील 40 जिलों को 120 करोड़ की धनराशि जारी की है। यह धनराशि योगी सरकार ने राज्य आपदा मोचक निधि से बाढ़ प्रभावित जिलों को आवंटित की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से ज्यादा प्रभावित जिलों को 5 करोड़ जबकि सामान्य प्रभावित जिलों को एक-एक करोड़ की धनराशि आवंटित की है।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित इलाकों की खुद लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही समय-समय पर अधिकारियों को राहत कार्य संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए 40 जिलों को 120 करोड़ की धनराशि आवंटित की है। इससे पहले सीएम योगी ने बाढ़ तैयारियों को पुख्ता करने के लिए बाढ़ प्रभावित 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को 10 करोड़ की धनराशि जारी की थी। सीएम योगी द्वारा 40 जिलों को आवंटित धनराशि को बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, उनके परिजनों को सहायता धनराशि, क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा समेत अन्य राहत कार्यों में खर्च किया जाएगा।

जिन जिलों पांच-पांच करोड़ की धनराशि जारी की गई है उनमें लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोण्डा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया एवं उन्नाव शामिल हैं। वहीं महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं कासंगज को एक-एक करोड़ की धनराशि जारी की गई है।

# भाजपा सरकार की नीतियों से अंधकार में है युवा पीढ़ी का भविष्यः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उपचुनाव सिर पर है। इनमें पीडीए को सामने रखकर जनता के बीच जाकर फिर समाजवादी पार्टी को विजयी बनाना है। इसके साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा के चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाना हैं। इन सभी चुनावों में युवाओं की निर्णायक और महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बिना समाजवादी सरकार के युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। अखिलेश यादव शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी युवा संगठनों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में है। उच्चशिक्षितो के लिए भी नौकरी नहीं रह गई है वे डिलीवरी ब्याय बनकर रह गए हैं। अखिलेश यादव ने महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में छात्रों-नौजवानों को जागरूक करने के लिए छात्र, नौजवान जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर सक्रिय होने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण के साथ शिक्षकों के सम्मान पर भी बल दिया। अभियान में शिविर लगाकर सम्पर्क, छात्र-छात्राओं की समस्याओं की सुनवाई, समाजवादी सरकार के समय हुए कामों की जानकारी देने के साथ छात्र संघों की सामयिक उपयोगिता पर संगोष्ठी भी की जाएगी। यादव ने कहा कि आबादी के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था किये जाने के लिए जातीय जनगणना आवश्यक है। सामाजिक न्याय की अवधारणा को तभी अमल में लाया जा सकेगा।

# योगी सरकार 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से हो जाएगी बेदखलः अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि लखनऊ में जिस अकबरनगर कॉलोनी को अवैध बताकर योगी सरकार ने घरों पर बुलडोजर चला कर हजारों परिवारों को बेघर कर दिया था, आज उसी स्थान पर योगी आदित्यनाथ पेड़ लगवा रहे हैं। उन्होंने कहा जनता 2027 के चुनाव में योगी सरकार को सत्ता से बेदखल कर देगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने हजारों माओं की आंखों में आंसू देकर, अब मां के नाम पर पेड़ लगाने का ढोंग कर रही है। योगी सरकार पहचान की बुनियाद पर हज़ारों परिवारों को बेघर करके अपने दिखावटी विकास के मॉडल को तैयार कर रही है। राय ने कहा कि ये कैसा विकास का मॉडल है, जहां सैकड़ों परिवारों के आशियानों को उजाड़ कर उन्हें बेघर कर दिया गया, बुलडोजर से गरीब लोगों के सपनों के आशियाने को जमींदोज कर दिया गया। जिन गलियों में कल तक बच्चे खेलते थे, आज उसी अकबरनगर को योगी सरकार ने वीरान कर दिया है। राय ने कहा कि एक आदमी अपनी जिन्दगी के मेहनत से घर बनाता है, एक-एक तिनका जोड़कर अपना आशियाना सजोता हैं और यह निर्दयी सरकार उन पर बुलडोजर चला देती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत इकबालपुर विकास खण्ड सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस**

पत्रांकः मीमो/ग्राम पंचायत/चौ.वि.-च.रा.वि./टेन्डर/2024-25 दिनांक - 20/07/2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 14वां वित्त आयोग / चतुर्थ राज्य वित्त आयोग पद के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बन्द निविदाएँ दिनांक 27/07/2024 को दिन के 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की शर्ते निम्नवत निर्धारित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत इकबालपुर से कार्यालय दिवस एवं समय में निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है। 2. निविदा प्रपत्र के साथ दो प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ.बी.आर./एस.टी.डी.आर. राष्ट्रीय बचत पत्र जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी। 3. निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 4. निविदा दरों की वैधता 3 माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ सौ रुपये का नॉनजुडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रुपए का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है। 5. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी। 6. बिलों के भुगतात में नियमानुसार आयकर एवं जी.एस.टी. की कटौती की जायेगी। 7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। 8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कांसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबंधित होगे।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत सामग्री (रु. में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामपाल के घर से करन पाल के घर तक इ.लॉ. एवं नाली निर्माण कार्य | 376279 | 7525 | 250+GST | 6 माह |
| 2 | सत्य प्रकाश के घर से भगवान सिंह के घर तक इ.ला. व नाली निर्माण कार्य | 317090 | 6341 | 250+GST | 6 माह |
| 3 | ब्रजेश के घर से गन्दे नाले तक u टाइप नाली निर्माण कार्य | 215900 | 4318 | 250+GST | 6 माह |
| 4 | भूरे फौजी के घर से अमर सिंह के घर तक इ.ला. व नाली निर्माण कार्य | 410598 | 8211 | 250+GST | 6 माह |
| 5 | जौनी के घर से संसार सिंह के घर तक इ.ला. व नाली निर्माण | 129100 | 2582 | 250+GST | 6 माह |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत इकबालपुर वि.ख. सि.राऊ

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत इकबालपुर सिकन्दराराऊ (हाथरस)

**गुरुपूर्णिमा और गोरक्षपीठ**

# एक दूसरे का गुरुत्व बढ़ाना गुरु-शिष्य की श्रेष्ठतम परंपरा

**● इस मायने गोरक्षपीठ की तीन पीढियां खुद में बेमिसाल**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एक** दूसरे का गुरुत्व बढ़ाना गुरु-शिष्य की श्रेष्ठतम परंपरा है। गुरु का गुरुत्व, शिष्य की श्रद्धा में होता है। यह श्रद्धा गुरु के सशरीर रहने पर तो होती ही है, उनके ब्रह्मलीन होने पर भी शिष्य की श्रद्धा जस की तस रहती है। इसी तरह एक योग्य गुरु भी लगातार अपने शिष्य का गुरुत्व बढ़ाने का प्रयास करता है। इस मायने में गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ की तीन पीढियां खुद में बेमिसाल हैं।

गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं। अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के प्रति उनकी श्रद्धा कितनी गहरी थी, इसके साक्षी पीठ से जुड़े लोग हैं। कम शब्दों में कहें तो अपने समय में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का आदेश उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ के लिए 'वीटो पॉवर' जैसा था। आज भी पद के अनुरूप अपनी तमाम व्यस्तताओं में से समय निकालकर वह जब भी गोरखनाथ मंदिर पहुंचते हैं तो सबसे पहले अपने स्मृतिशेष गुरुदेव का ही आशीष लेते हैं। यह सिलसिला उनके मठ में रहने तक जारी रहता है। गुरु शिष्य का यही संबंध योगी जी के गुरुदेव और उनके गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ में भी था। हालांकि गोरक्षपीठ की परंपरा, लोगों को शिष्य बनाने की नहीं है। पर, उत्तर भारत की प्रमुख व प्रभावी पीठ और अपने व्यापक सामाजिक सरोकारों के नाते इस पीठ के प्रति लाखों-करोड़ों लोगों की स्वाभाविक सी श्रद्धा है। गोरखपुर या यूं कह लें कि पूर्वांचल की तो यह अध्यक्षीय पीठ है। पीठ का हर निर्णय अमूमन हर किसी को स्वीकार्य होता है। खासकर पर्व और त्योहारों के मामले में। समय-समय पर पीठ के प्रति यह श्रद्धा दिखती भी है। मकर संक्रांति से शुरू होकर करीब एक माह तक चलने वाला खिचड़ी मेला इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। इस दौरान नेपाल, बिहार से लगायत देश भर के लाखों श्रद्धालु गुरु गोरखनाथ को, मौसम की परवाह किए बिना अपनी श्रद्धा निवेदित करने आते हैं। कुछ मन्नत पूरी होने पर आते हैं, कुछ नई मन्नत मांगने भी। गुरु पूर्णिमा के दिन भी जो भी पीठाधीश्वर रहता है, उसके प्रति श्रद्धा निवेदित करने बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर्व पर आज पूजन कर शिष्यों को आशीर्वाद देंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

**● गोरखनाथ मंदिर में आज तड़के ही शुरू हो जाएंगे आनुष्ठानिक कार्यक्रम**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**गुरु** पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गुरु गोरक्षनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजन के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। इस पर्व पर शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ को रोट अर्पित करने की भी परंपरा है। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में चल रहे श्रीरामकथा की पूर्णाहुति भी होगी।

गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के दिन रविवार को गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूजन का सिलसिला तड़के से ही शुरू हो जाएगा। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ सुबह सबसे पहले गुरु गोरक्षनाथ की पूरे विधि विधान से पूजा करेंगे। इसके बाद नाथपंथ के सभी योगियों की समाधि स्थल और देवी देवताओं के मंदिर में विशेष पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजा के अंत के सामूहिक आरती होगी। गुरु पूजन के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों के बीच आएंगे। बारी-बारी से शिष्य, गोरक्षपीठाधीश्वर तक पहुंचेंगे और तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। गोरक्षपीठ में गुरु पूर्णिमा वह अवसर होता है जब नाथ योगी व्यवहारिक और सैद्धातिक दोनों ही रूप में लोगों के सामने गुरु परंपरा के सम्मान की मिसाल प्रस्तुत करते हैं। नाथपंथ गुरु-शिष्य परंपरा का पर्याय रहा है। इस पंथ के योगियों ने गुरु भक्ति और गुरु-शिष्य में योग परंपरा के स्थानातरण की सनातन संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखा है। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर होने वाला आयोजन इसी प्रयास की महत्वपूर्ण कड़ी होता है। यह आयोजन महज एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि संदेश है, गुरु के प्रति सम्मान को कायम रखने का।

**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय लखनऊः न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
फोनः 0522-2286272, 2287283, फैक्सः 0522-2288033, ई-मेलः zolucknow@indianbank.co.in

**मांग सूचना**

**सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निमाण की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

जबकि, **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों कों मांग सूचना भेजी गई थी। चूंकि डाक द्वारा भेजी गये उक्त नोटिस को प्राप्तकर्ता के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणियों को नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर दर्शायी गयी राशि का भुगतान करने की मांग की जाती है अन्यथा सरफेसी एक्ट की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बैंक चल/अचल सम्पत्ति का कब्जा लेकर बिक्री कर देगा। उधारकर्ता(ओं)/जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यता एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस चल/अचल सम्पत्ति में कोई लेन-देन न करें और इससे किसी प्रकार का लेन-देन बकाया राशि और उस पर निहित अप्रायोजित ब्याज एवं अन्य खर्चे हेतु **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** के अध्याधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं)/ज़मानतकर्ता(ओं) का नाम व पता/मांग सूचना की तिथि | बकाया धनराशि (रू) / एनपीए तिथि | सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| शाखाः कैसरबाग शाखा | | | |
| 1. | 1. श्री मोहम्मद रिज़वान खान पुत्र स्वर्गीय नन्हे खान (ऋणी, बंधककर्ता) पताः 298/13के गली मीर माता, नक्खास थाना चौक लखनऊ 2. श्रीमती सना रिज़वान खान पत्नी मोहम्मद रिज़वान खान (ऋणी, बंधककर्ता) पताः 298/13के गली मीर माता, नक्खास थाना चौक लखनऊ 3. श्री मोहम्मद अरफात पुत्र श्री चांद मोहम्मद (जमानतकर्ता), पताः मकान सं. 421/5 बंधुवा खाना अंबर गंज लखनऊ 4. श्री जियाउद्दीन पुत्र जमीलुद्दीन (जमानतकर्ता), पताः मकान सं. 417/488 निवास गंज लखनऊ मांग तिथिः 11.07.2024 | रू. 35,78,816/- दिनांक 11.07.2024 से प्रभावी + ब्याज एवं अन्य शुल्क / एनपीए तिथिः 30.11.2015 | बंधक सम्पत्तिः प्लॉट सं. 45 एवं 45ए पर निर्मित मकान के सभी भाग व खण्ड, खसरा सं. 367 का भाग, क्षेत्रफल 1575 वर्ग फीट यानी 146.37 वर्ग मीटर, कवर्ड एरिया 1200 वर्ग फीट यानी 111.524 वर्ग मीटर स्थित बरौरा हुसैन बाड़ी, वार्ड कन्हैया मधायपुर जिला लखनऊ, बही सं. 1, जिल्द सं. 10253 पेज 371 से 416, क्रमांक 1419, उप रजिस्ट्रार-पंचम लखनऊ, दिनांक 20.02.2015 को मोहम्मद रिजवान खान एवं सना रिज़वान खान के पक्ष में पंजीकृत, चौहद्दीः पूर्व- सड़क 12 फीट चौड़ी, पश्चिम- प्लॉट सं. 44, उत्तर- सड़क 20 फीट चौड़ी, दक्षिण- प्लॉट सं. 46 |
| 2. | 1. मेसर्स जिया इंटरप्राइजेज (ऋणी), 179/14, प्रथम तल, अमीना विला बारूद खाना, गोला गंज, लखनऊ-226018 2. श्री जावेद जफर खान पुत्र जफरुद्दीन खान (पार्टनर- जमानतकर्ता), 179/14, प्रथम तल, अमीना विला बारूद खाना, गोला गंज, लखनऊ-226018 3. श्री विपिन तिवारी पुत्र सुरेंद्र प्रसाद तिवारी (पार्टनर-जमानतकर्ता), 548 पीए/40, बल्देव खेड़ा, मानक नगर, लखनऊ-226011 4. श्री सुरेंद्र प्रसाद तिवारी पुत्र गोमती प्रसाद तिवारी (जमानतकर्ता-बंधककर्ता), 548 पीए/40, बल्देव खेड़ा, मानक नगर, लखनऊ-226011 मांग तिथिः 11.07.2024 | रू. 80,52,449/- दिनांक 11.07.2024 से प्रभावी + ब्याज एवं अन्य शुल्क / एनपीए तिथिः 10.04.2017 | बंधक सम्पत्तिः मकान सं. 548-पीए/40 (खसरा सं. 1491) क्षेत्रफल 1361 वर्ग फीट (126.486 वर्ग मीटर) स्थित बलदेव खेड़ा, देवपुर, वार्ड-केसरी खेड़ा, परगना, तहसील एवं जिला लखनऊ, बही सं. 1, जिल्द सं. 875, पृष्ठ सं. 85/100 क्रमांक 273 दिनांक 11.02.2002 को उप रजिस्ट्रार पंचम लखनऊ में पंजीकृत, चौहद्दीः उत्तरः शशि रावत का मकान, दक्षिणः विक्रेता का प्लॉट, पूर्वः विक्रेता का प्लॉट, पश्चिमः 8 फीट चौड़ी सड़क |

दिनांकः 21.07.2024 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)

पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024

# मां के नाम पर पेड़ लगाया तो इसे बचाने की जिम्मेदारी भी हमारी: योगी

## मुख्यमंत्री ने कुकरैल नदी तट पर सौमित्र वन में लगाया हरिशंकरी का पौधा, पौधों को बांधा रक्षासूत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आह्वान किया था। पर्यावरणविद् चिंतित हैं कि दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग जीव सृष्टि के लिए नया संकट खड़ा करने जा रहा है। यह संकट मनुष्य के स्वार्थ ने प्रदान किया है, इसलिए इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी भी मनुष्य पर ही होनी चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक मुखिया के रूप में पीएम मोदी का यह आह्वान हर भारतवासी के लिए मंत्र बनना चाहिए। पांच जून के बाद से प्रदेश में लगातार पौधरोपण महाभियान के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का यह गौरव लगभग हर परिवार को प्राप्त होने जा रहा है। यूपी की कुल आबादी 25 करोड़ है, हम 36.50 करोड़ पौधरोपण कर रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे हैं। ऐसे में यूपी में आज एक दिन के भीतर हर मातृशक्ति के नाम पर तीन पेड़ लगने जा रहे हैं। सुबह से अब तक लगभग 12 करोड़ पौधे रोपे जा चुके हैं। हमें पौधों को लगाना, बचाना और इसके जरिए पर्यावरण को संरक्षित करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को उत्तर प्रदेश में एक दिन (20 जुलाई) में 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान का लखनऊ के अकबरनगर से शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि गत वर्ष बड़े क्षेत्रफल में अक्टूबर में बाढ़ आई थी। बाढ़ का समय अगस्त से मध्य सितंबर तक रहता है। पहली बार जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होना पड़ा। इससे यूपी के 24 जनपद, 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित रही। नेपाल व उत्तराखंड की अतिवृष्टि के कारण यह बाढ़ के चपेट में आए। यह ग्लोबल वॉर्मिंग का दुष्प्रभाव है। इस बार मई-जून का महीना लंबे समय तक याद रहेगा। यहां का तापमान अमूमन 42-45 रहता था, लेकिन इस बार यह 47-50 तक पहुंचा। देखा। यह दुष्प्रभाव जल

### ● यूपी में एक दिन में 36.50 करोड़ पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

का संकट भी खड़ा करेगा। कहीं असमय बारिश तो कहीं सूखे का संकट होगा। इसके कारण होने वाले परिवर्तन से कई जगहों पर अकाल पड़ने की भी संभावना दिखेगी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में यूपी में सरकार बनने के बाद पीएम के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हमने पौधरोपण अभियान प्रारंभ किया। सात वर्ष में भाजपा नेतृत्व की सरकार ने 168 करोड़ पौधरोपण किया। प्रदेश के अंदर थर्ड पार्टी के जरिए इनका सर्वे कराया तो पता चला कि 75-80 फीसदी पेड़ अभी भी जीवित हैं और अच्छी वाटिका के रूप में स्थापित हैं। वैश्विक संस्थाएं भी इसे मान्यता दे रही हैं। कार्बन उत्सर्जन से पर्यावरण को क्षति हो रही है। उसके बचाव के लिए किसानों ने पेड़ लगाने के अभियान के साथ अपना पंजीकरण कराया। वैश्विक संस्थाओं ने उनके कार्यों का निरीक्षण किया। ऐसे 10 किसानों को यहां कार्बन क्रेडिट के रूप में धनराशि उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई। सरकार के प्रयास का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश सरकार को इसके लिए 200 करोड़ का अनुदान प्राप्त हो रहा है। कार्बन उत्सर्जन रोकने में इन पेड़ों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। पांच वर्ष तक किसानों को लगातार यह धनराशि मिलेगी। पहले चरण में 25 हजार किसानों को इस सुविधा का लाभ प्रदान कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि लखनऊ सहित छह जिलों को मिलाकर आर्थिक प्रगति के नए मानक के रूप में स्थापित करने के अभियान के रूप में कल ही स्टेट कैपिटल रीजन का गठन किया गया है। विकास का लाभ लंबे समय तक लोगों को तब मिलेगा, जब भौतिक विकास के साथ उससे होने वाली पर्यावरणीय क्षति को न्यूनतम स्तर तक पहुंचाया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि शहरों के अंदर 2017 के पहले स्ट्रीट लाइट हाइलोजन के रूप में जलती थी। इससे बिजली की खपत और कार्बन उत्सर्जन भी अधिक होता था। इसे बदलकर 16 लाख एलडीई स्ट्रीट लाइट लगाई तो बिजली की बचत हुई। इससे जो पैसा बचा, उसी से हर शहर के अंदर अच्छी दूधिया स्ट्रीट लगी। सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करना पर्यावरण व जीव जगत के लिए उत्तम प्रयास है। योगी ने कहा कि 50 साल पहले कुकरैल नदी निकलते हुए गोमती मे मिलती थी। 1984 के बाद भूमाफिया ने अपने स्वार्थ के लिए इसे पाटना शुरू किया, जिससे यह नदी नाला में तब्दील हो गई और बस्तियों के ड्रेनेज को उड़ेलने का माध्यम बन गई। एक तरफ नदी को मारा गया तो दूसरी तरफ गोमती नदी को भी प्रदूषित किया गया। लखनऊ में आकर गोमती काली हो गई। प्रदेश सरकार ने तय किया कि कुकरैल में नाइट सफारी बनाएंगे। सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाया गया। जिनकी रजिस्ट्री थी, प्रशासन की मदद से एलडीए ने 3100 परिवारों को एक-एक आवास देकर पुनर्वास किया। जिन भूमाफिया ने जमीन के धंधे से जुड़कर लोगों को ठगा, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़कर एलडीए ने इसे खाली करवाया।



### 10 किसानों को कार्बन क्रेडिट कार्ड से हुई आय का चेक वितरित किया

**पर्यावरण** को सुरक्षित रखकर किसानों को कार्बन क्रेडिट कार्ड से भी आय होती है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इससे होने वाली आय का चेक किसानों को वितरित किया। चेक पाने वाले किसानों में ठाकरी सिंह, सितारा चंद्र, सलीम अहमद, विजयलक्ष्मी, विनोद कुमार, रामलोटन, प्रेमशंकर, कुलविंदर सिंह बाधवा, प्रभा देवी, व्यासमुनि मिश्र को कार्बन क्रेडिट कार्ड से होने वाली आय का चेक देकर सम्मानित किया।

योगी सरकार ने रचा इतिहास

## यूपी में एक दिन में 36.51 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ प्रयागराज व गोरखपुर में रोपा पौधा

### ●सीतापुर में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने किया पौधरोपण

**दुनियाभर** में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को कम करने के प्रयास को कम करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर अभियान को शीर्ष प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत मुख्यमंत्री की मंशा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को प्रदेश में व्यापक स्तर पर 'पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ जनअभियान-2024' चलाया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के कुकरैल नदी तट पर पौधरोपण अभियान का आगाज किया गया। मुख्यमंत्री ने इसके अतिरिक्त प्रयागराज और गोरखपुर में भी पौधरोपण किया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सीतापुर में पौध लगाया। वहीं प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग अलग जिलों में पौधे रोपित किये। शाम छह बजे तक प्रदेश में 36, 51, 45, 477 पौधे रोपित किये गये, जो सरकार के लक्ष्य 36.50 करोड़ से 1,45,477 से भी अधिक है। पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ महाभियान 2024 को मिली अप्रत्याशित सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में आज एक दिन में 36.50 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लोक-कल्याणकारी संकल्प पूर्ण हो गया है। प्रकृति और धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता यह कीर्तिमान आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' से अपार जन जुड़ाव को प्रदर्शित करता है। वृक्षारोपण महाभियान में सहभागी सभी सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और शासन-प्रशासन को हार्दिक बधाई एवं उनका अभिनंदन! शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री अलग-अलग जनपदों में शामिल हुए। राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल सीतापुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर में पौधरोपण किया। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने मऊ व आजमगढ़, धर्मपाल सिंह ने बरेली व बदायूं, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अयोध्या, वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना लखनऊ, आशीष पटेल सुल्तानपुर, राकेश सचान हमीरपुर व फतेहपुर, योगेंद्र उपाध्याय इटावा व फर्रुखाबाद, कपिल देव अग्रवाल कानपुर नगर, नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद और बुलंदशहर, रजनी तिवारी ने झांसी में पौधरोपण किया। शनिवार को हुए 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान 2024' के अंतर्गत वन भूमि, रक्षा, रेलवे की भूमि, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे, विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। सबसे अहम बात ये कि अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए वन विभाग की तरफ से एण्ड्रायड आधारित प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर पर रीयल टाइम अपडेट मिला।

मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश था कि पिछली सरकारों की तरह पौधरोपण अभियान केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित ना रहे, बल्कि इसको लेकर पूरी पारदर्शिता और पौधों की प्रभावी मॉनीटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। यही कारण रहा कि इस साल भी पौधों की जियो टैगिंग की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। साथ ही वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है।

### कभी अकबरनगर प्रदूषण का माध्यम था, आज सौमित्र वन का गठन हुआ

**सीएम** योगी ने कहा कि पहले अकबरनगर के नाम पर यह प्रदूषण का माध्यम बना था, आज वहां श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के नाम पर सौमित्र वन का गठन हुआ है। मैंने भी हरिशंकरी की वाटिका लगाई। इसके दूसरी ओर शक्ति वन बनने जा रहा है। यह भारत की नदी संस्कृति को बचाने का माध्यम बनेगा। 'एक पेड़ मां के नाम' के साथ नई मजबूती प्रदान करने में यह हमारा मार्गदर्शन करेगा। इस मौके पर वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत और प्रधान मुख्य वन संरक्षक- विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बृजलाल, संजय सेठ, विधायक ओपी श्रीवास्तव, डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, संतोष सिंह, इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, अपर मुख्य सचिव (पर्यावरण व वन) मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने सौमित्र वन, कुकरैल नदी तट पर हरिशंकरी का पौधा लगाकर किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सौमित्र वन, कुकरैल नदी तट, अयोध्या रोड लखनऊ में हरिशंकरी का पौध लगाया। इसके पहले सीएम ने इन पौधों को रक्षासूत्र बांधा। इसी के साथ वृक्षारोपण जन अभियान-2024 (पहली जुलाई से 30 सितंबर 2024) के अंतर्गत एक दिन (20 जुलाई) में प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधरोपण महा अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएम ने सौमित्र वन के विकास की प्रस्तावित कार्ययोजना का भी अवलोकन किया और इससे जुड़ी लघु फिल्म भी देखी।

### छात्र-छात्राओं को भेंट किया पौधा

**विद्यार्थियों** में पर्यावरण की अलख जगाने के उद्देश्य से सीएम योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थी अतुल कुमार आनंद, अर्पित सिंह, शिष्ट कुमार तिवारी, पल्लवी शुक्ला, आकांक्षा दुबे को पौध भेंट किया। सीएम ने विद्यार्थियों को पौध लगाने और इसके संरक्षण का आग्रह किया।

## ग्राम्य विकास ने सर्वाधिक 13.54 करोड़ पौध लगवाए

### ● जनपदों में सोनभद्र ने मारी बाजी, लगाए गए 1.53 करोड़ पौधे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी को हरा-भरा करने में सबने मिलकर पहल की। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर में पौधरोपण किया। वहीं इस प्रयास में सर्वाधिक योगदान ग्राम्य विकास विभाग ने दिया। विभाग की तरफ से 13 करोड़ 54 लाख पौधे लगाए गए। वहीं जनपदों में सोनभद्र ने बाजी मारी। यहां 1 करोड़ 53 लाख पौधे लगाए गए। सर्वाधिक पौधा शीशम का लगा। यूपी में शीशम 4 करोड़ 33 लाख 38 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। 36.51 करोड़ से अधिक पौधरोपण में शीशम के सर्वाधिक 4 करोड़ 33 लाख 38723 पौधे लगे। सागौन के 4 करोड़ 33 लाख,सात हजार 858 पौधे लगे। जामुन के 2 करोड़ 19 लाख 10,650 पौधरोपण हुए। अर्जुन के 1 करोड़ 67 लाख, 73913 और आंवला के 95 लाख, 32 हजार 275 पौधे लगाए गए। सर्वाधिक पौधरोपण सोनभद्र जनपद में हुआ। यहां 1 करोड़ 53 लाख पौधे लगे। झांसी में 97 लाख, लखीमपुर खीरी में 95 लाख, जालौन में 94 लाख और मीरजापुर में 93 लाख से अधिक पौधरोपण एक दिन के भीतर किया गया। विभागों को मिले लक्ष्य के साथ ही ग्राम्य विकास विभाग शीर्ष पर रहा। विभाग की तरफ से 13 करोड़ 54 लाख पौधे लगाए गए। वन, वन्यजीव विभाग ने 12.64 करोड़ पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश की हरियाली बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई। 2.89 करोड़ पौधे लगाकर कृषि विभाग तीसरे स्थान पर रहा।

## हाईकोर्ट परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ के परिसर में शनिवार को एक वृहद वृक्षारोपण जन-महाअभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायमूर्ति अरूण भंसाली, वरिष्ठ न्यायमूर्ति ए. आर. मसूदी और अन्य न्यायमूर्तिगण तथा रजिस्ट्री के अधिकारी और कर्मचारीगण शामिल हुए। मुख्य न्यायमूर्ति और अन्य न्यायमूर्तिगण ने पौधारोपण किया, जिसमें टैबेबुइया (पिंक ट्रूपेट), अमलतास, सहजन, लीची जैसे विभिन्न पौधों की प्रजातियां शामिल थीं। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना था। वृहद वृक्षारोपण जन-महाअभियान कार्यक्रम उत्तर प्रदेश वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से सम्पन्न किया गया।

## अजंता अस्पताल ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में दर्ज कराई भागीदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** सरकार के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए अजंता हॉस्पिटल एवं आईवीएफ सेंटर, आलमबाग लखनऊ ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में अस्पताल के चीफ जनरल मैनेजर के एस ऐबॉट और प्रशासन की टीम ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू भैया और विशेष अतिथि पार्षद गिरीश मिश्रा थे।

## महात्मा गांधी बालिका इंटर कालेज में पार्षद ने किया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चिनहट** बाजार स्थ्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजकीय बालिका इंटर कालेज में भी शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद अरुण राय ने इस अवसर पर पौधरोपण किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल पांडेय व कालेज की शिक्षिकाएं और छात्राएं भी मौजूद रहीं।

## डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय में किया वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में वृक्षारोपण करते हुए 'एक वृक्ष मां के नाम' को समर्पित थीम के तहत पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान 2024 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एण्ड मैन्युअल, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा मुख्यालय के परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

डीजीपी द्वारा प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों से वृक्षारोपण जन अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुये उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## 20 साल में स्वरूप लेने वाले जंगल को मियावाकी पद्धति से महज 2 साल में तैयार करेगा एलडीए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री द्वारा सौमित्र वन में हरिशंकरी वाटिका का शुभारंभ किया गया। अयोध्या रोड के किनारे कुकरैल नदी के तट पर विकसित किया जा रहा सौमित्र वन और शक्ति वन शहरवासियों को ताजी सांस तो देगा ही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश भर में चलाये जा रहे महाअभियान में एक अलग कीर्तिमान बनाएगा। वजह यह है कि एलडीए इस वन क्षेत्र को महज 2 वर्ष के अंदर पूरी तरह विकसित करने का काम करेगा, जबकि एक जंगल को पूरी तरह विकसित होने में 20 वर्ष तक का लंबा समय लगता है।

अयोध्या रोड पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सौमित्र वन में हरिशंकरी वाटिका (पीपल, पिलखन व बरगद के पौधे) लगाकर इस परियोजना का शुभारम्भ किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्कूल के छात्र-छात्राओं, सिविल डिफेंस व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने क्षेत्र में 10,000 से अधिक पौधे लगाए। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अयोध्या रोड के किनारे कुकरैल नदी के तट पर कब्जामुक्त करायी गयी 24.7 एकड़ भूमि में से 15.2 एकड़ क्षेत्रफल में सौमित्र वन एवं शक्ति वन विकसित किया जा रहा है। वहीं, 4.942 एकड़ भूमि एसटीपी के लिए आरक्षित की गयी है। उन्होंने बताया कि इस वन क्षेत्र में 11 वृक्ष प्रजाति, 21 सह वृक्ष प्रजाति, 10 हर्ब प्रजाति व 14 झाड़ी प्रजाति के लगभग 1,25,000 पेड़.पौधे लगाए जाएंगे। पूरे वन क्षेत्र का विकास मियावाकी पद्धति से किया जाएगा। इससे एक तरफ तो वायु शुद्धि, छाया एवं शीतलता, मिट्टी सुधार, कटाव नियंत्रण व जैव विविधता को समर्थन मिलेगा। वहीं, दूसरी तरफ सामान्यत: 20 वर्ष में तैयार होने वाला जंगल मात्र 2 वर्ष में ही स्वरूप ले लेगा। इसके अलावा कुकरैल नदी के किनारे का बफर मैंग्रोव वनीकरण जल गुणवत्ता में सुधार, बाढ़ शमन, पर्यावास और जैव विविधता एवं जलवायु शुद्धिकरण में उपयोगी होंगे।

### सिंचाई के लिए बिछाई गई अंडरग्राउंड पाइप लाइन

**उपाध्यक्ष** प्रथमेश कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र में पार्क भी विकसित किया जाएगा। जिसमें बच्चों के लिए किड्स जोन, लॉन, ग्रीन एरिया, ओपन जिम व टहलने के लिए पाथ.वे आदि बनाया जाएगा। इसके अलावा वन क्षेत्र की सुंदरता को निखारने के लिए हाईमास्ट व फसाड लाइटें भी लगवायी जाएंगी। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में रोपित किये जा रहे पौधों की सिंचाई के लिए स्थायी व्यवस्था की जा रही है।

## मंडलायुक्त व डीएम ने कुकरैल में किया पौधरोपण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कुकरैल** रेंज में मंडलायुक्त सहित अन्य अधिकारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम को समर्पित पौधा रोपित किया गया।

शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम को समर्पित पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत कुकरैल वन रेंज में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने पौध रोपण किया। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, डीएफ ओ शितांशु कुमार सहित संबंधित अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 21 जुलाई 2024



# ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखकर बना रहे धरती माता को हरा-भराः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी अत्यधिक गर्मी तो कभी अतिवृष्टि और कभी असमय बाढ़ भविष्य के प्रति आगाह करने वाली तथा ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी है। इस चेतावनी का संज्ञान लेकर हम धरती माता को फिर से हरा-भरा बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं। इस संकल्प की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकार ने व्यापक जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश एक दिन में 36.50 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य हासिल कर नया कीर्तिमान रच दिया है। मुख्यमंत्री ने इस नए रिकॉर्ड के लिए सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

सीएम योगी शनिवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' को समर्पित 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान-2024' के अंतर्गत शनिवार शाम शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में पारिजात पौध का रोपण करने के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण में आ रहे परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि इस वर्ष की गर्मी लोगों को लंबे समय तक याद रहेगी। अमूमन गोरखपुर और आसपास के जिलों में 42-43 डिग्री तापमान रहता था लेकिन इस वर्ष तापमान 46-47 डिग्री तक पहुंच गया। अत्यधिक गर्मी, भीषण लू, अतिवृष्टि, असमय बाढ़, कभी सूखा पड़ जाना, ये सभी ग्लोबल वार्मिंग की तरफ ध्यान आकृष्ट करते हैं। गत वर्ष अक्टूबर में बाढ़ आई जबकि पहले अधिकतम 15 सितंबर तक बाढ़ आती थी।

सीएम योगी ने कहा कि कभी जुलाई के प्रथम सप्ताह में बाढ़ नहीं आती थी। पर, इस वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में बाढ़ आई और इससे प्रदेश के 24 जिले प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि मौसम में यह बदलाव भविष्य के प्रति आगाह करने वाला है। हमें समय रहते सुधार करना होगा अन्यथा प्रकृति अपने हिसाब से सुधार करेगी। प्रकृति की इस चेतावनी का संज्ञान लेकर आज पूरे प्रदेश में जनता जनार्दन की सहभागिता से रिकॉर्ड पौधरोपण किया गया है। पीएम मोदी के आह्वन पर एक पेड़ मां के नाम का अनुसरण करते हुए प्रदेश में हर व्यक्ति, संस्था, विभाग इस पवित्र कार्य से जुड़े हैं। राज्य में एक व्यक्ति की तरफ से मां के नाम तीन-तीन पेड़ लगाए गए हैं। हर तरफ एक ही आह्वान नजर आया, पेड़ लगाना है, पेड़ बचाना है और पर्यावरण को बचाना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत सात वर्ष में प्रदेश में 168 करोड़ पौधरोपण कर कीर्तिमान रचा गया है। इनमें से 75-80 प्रतिशत पेड़ सुरक्षित भी हैं। कहीं नक्षत्र वाटिका बनाई गई है तो कहीं नवग्रह वाटिका और हरिशंकरी वाटिका।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पौधों की कमी नहीं है। वन व उद्यान विभाग तथा निजी नर्सरियों के पास 50 करोड़ पौधे थे। इनमें से 36.50 करोड़ का इस्तेमाल आज के अभियान में हुआ है और शेष पौधों का भी क्रमिक रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब वैश्विक संस्थाएं भी उत्तर प्रदेश में पौधरोपण को मान्यता दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से पर्यावरण को क्षति हो रही है। उसके बचाव के लिए किसानों ने पेड़ लगाने के साथ ही कार्बन क्रेडिट अभियान के साथ अपना पंजीकरण कराया। सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश के 25 हजार किसानों को कार्बन क्रेडिट के लिए 200 करोड़ का अनुदान प्राप्त हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 50 साल पहले लखनऊ में कुकरैल नदी का गोमती नदी में संगम होता था। 50 सालों में इसे पाटकर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया। वहां बांग्लादेशी और रोहिंग्या तक बस गए। कुकरैल नदी को उसका स्वरूप देने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर अभियान चलाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा। अब कुकरैल नदी को इको टूरिज्म के स्पॉट के रूप में निखारा जा रहा है। वहां भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण जी के नाम पर सौमित्र वन बसाया जा रहा है।

सीएम योगी ने गोरखपुर के गोड़धोइया नाला परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा। नालों से अतिक्रमण हटेगा तभी शहरों में जलभराव को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि कभी भी गलत को प्रश्रय नहीं देना है। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर के चिड़ियाघर को काकोरी कांड के नायकों में शामिल शहीद अशफाक उल्ला खान के नाम पर नामकृत किया गया है। यह चिड़ियाघर मनोरंजन और ज्ञानवर्धन का माध्यम है। यहां पौधरोपण कर चिड़ियाघर के पर्यावरण को वन्यजीवों के अनुकूल किया जा रहा है।

# सरोजनीनगर विधायक ने एससीआर की अधिसूचना जारी होने पर जताया मुख्यमंत्री योगी का आभार

● डॉ. राजेश्वर सिंह ने 15 जून 2022 को सीएम को पत्र लिखकर प्रस्तुत की थी एससीआर की परिकल्पना, अधिसूचना जारी होने पर व्यक्त की खुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में राज्य राजधानी क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ट्वीट कर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय तल से आभार व्यक्त किया।

अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर डॉ. सिंह ने इसे ऐतिहासिक निर्णय और अभिनंदनीय पहल बताते हुए लिखा कि दिनांक 15 जून 2022 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) की परिकल्पना प्रस्तुत की थी। लखनऊ सहित समीपवर्ती 6 जनपदों- लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी के क्षेत्रों को मिलाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के गठन की अधिसूचना जारी हो गई है। एससीआर के अंतर्गत 27,826 वर्ग किलोमीटर का यह विस्तृत क्षेत्र अत्याधुनिक ट्रासंपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के साथ औद्योगिक व अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। सरोजनजीनगर विधायक ने एससीआर के गठन को दूरदर्शी निर्णय बताया और लखनऊ परिक्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण उन्नति को समर्पित दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

# व्यापारियों की समस्याएं प्राथमिकता से दूर की जाएंगीः ब्रजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भेंट की। पदाधिकारियों ने उन्हें व्यापार से सबंधित समस्याएं बताईं और छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

उतर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री अनिल बजाज के नेतत्व में उपमुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से व्यापारी नेता श्याम कृष्नानी, सुशील गुरनानी, प्रभु जालान, पुनीत लाल चंदानी, घनस्याम दास , पप्पू ग्रोवर, हरीश चुग, मनीष सलूजा शामिल थे।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड वा आयोग का गठन किया जाना चाहिए। जिससे प्रदेश सहित देश के व्यापारियों की समसयाओं का समाधन एक ही प्वाइंट पर हुआ करे। जिसका अध्यक्ष/ चेयरमैन व्यापार मंडल से होना चाहिए। पूजा सामग्री में इस्तमाल होने वाले सस्ते कपड़ो और अंतिम यात्रा में इस्तेमाल होने वाले कपड़ो को जीएसटी मुक्त किया जाना चाहिए। जीएसटी में रजिस्टर हर उम्र के व्यापारियों को 10 लाख रूपए का स्वास्थ बीमा मिलना चाहिए। कपड़ों व रेडीमेड गारमेण्ट, पॉलिस्टर धागे पर जीएसटी पांच प्रतिशत होनी चाहिए। मौजदा समय में रेडीमेड गारमेण्ट व पॉलिएस्टर यान धागे पर 12 प्रतिशत जीएसटी है जबकि कपड़ों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू है। व्यापारिक संगठनों के साथ तीन माह में एक बैठक पार्टी कार्यालय में होनी चाहिए, जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष या उप मुख्यमंत्री को व्यापारिक समस्याओं से अवगत कराया जा सके।

43 बीएच एमएसएमई में रजिस्टर व्यापारियों को पेमेंट देने का दायरा 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन किया जाना चाहिए जिससे रिटेल सेक्टर को राहत मिल सके।

# तीन नए आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**कुलाधिपति** सतीश चंद्र मिश्रा, प्रति कुलाधिपति कपिल मिश्रा एवं कुलपति डॉ प्रशांत त्रिवेदी के मार्गदर्शन में टी.एस मिश्रा विश्वविद्यालय मे शनिवार को तीन नए आपराधिक कानून पर कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में पहले दिन के प्रमुख वक्ता जामिया मिलिया विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर असद मलिक तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वागेश्वरी देशवाल थी। आज की प्रमुख वक्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेटर फार पोस्टग्रेजुएट लीगल स्टडीज की डायरेक्टर प्रोफेसर प्रीति सक्सेना एवं उसी विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लीगल स्टडीज की अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रीति मिश्रा थी।

प्रोफेसर प्रीति सक्सेना ने उन कानून की प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा की जो कि दंड की बजाय न्याय प्रदान करते हैं तथा संवैधानिक प्रावधानों को कानून की मूलभूत तिकड़ी से जोड़ते हैं। प्रोफेसर प्रीति मिश्रा ने पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से आपराधिक न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन पर विचार करके नए कानून के प्रवर्तन के बारे में बताया। प्रोफेसर सीपी सिंह ने दोनों अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए यह कहा की सरकार द्वारा तीन पुराने ड्रैकोनियन कानूनो को निरस्त करके तीन नए आपराधिक कानूनों को लाना एक सराहनीय कार्य है। इन कानूनों के लागू होने से जहां एक और अधिकतम 3 वर्ष में न्याय प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर अपराधियों की दोष सिद्ध की दर में वृद्धि होगी परंतु झूठी एफ .आई .आर .करना, झूठी गवाही देना, झूठी चार्ज शीट फाइल करना, दहेज अधिनियम एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के दुरुपयोग आदि को भारतीय न्याय संहिता में अपराध घोषित नहीं किया गया है इन्हें अपराध घोषित करने पर मुकदमों की संख्या में कमी आएगी। इसके अतिरिक्त नार्को पॉलीग्राफिक ब्रेन मैपिंग टेस्ट को अनिवार्य किया जाना चाहिए और इसकी रिपोर्ट को विधिपूर्ण साक्षी माना जाना चाहिए उनका यह भी कहना था कि पुलिस अधिनियम 1861 को निरस्त करके नया पुलिस अधिनियम बनाया जाना चाहिए।

# महापौर ने अधिकारियों को हास्टल चलाने वालों से कामर्शियल हाउस टैक्स वसूलने के दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर** द्वारा जोन 7 के अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षदों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान पार्षदों द्वारा क्षेत्र में हास्टल का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन टैक्स रेजीडेंसियल देने की बात कही। महापौर द्वारा अधिकारियों को पार्षदों के सहयोग से हाउस टैक्स हास्टल चलाने वालों से कामर्शियल लेने के आदेश दिए गए। साथ ही महापौर द्वारा अधिकारियों को नवनिर्मित सड़कों की पट्टिका लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम के जोन 7 की समीक्षा बैठक लालबाग के नगर निगम मुख्यालय में की। बैठक में क्षेत्रीय पार्षद एवं अधिकारियों के शामिल हुए। बैठक में पार्षदों ने अपनी समस्याएं रखीं। पार्षदों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए सम्बन्धी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में महापौर ने ऐसे घर जिनका इस्तेमाल लोग हॉस्टल के रूप में कर व्यापार कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर ऐसे ग्रह स्वामियों से हाउस टैक्स के बजाय कॉमर्शियल टैक्स वसूल किए जाने के निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त वार्ड में अधिकारी या कर्मचारीयों के किये जा रहे कार्य की पूर्व सूचना पार्षद को दिए जाने एवं उन कार्यों को करने से पूर्व पार्षदों के सुझाव लिए जाने के निर्देश दिए।

# नेशनल एनेस्थीसिया व ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट दिवस मनाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**संजय** गांधी पीजीआई के एनेस्थीसिया विभाग में आठवां नेशनल एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर राधा कृष्ण धीमन, विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया प्रोफेसर प्रभात तिवारी, सीएमएस प्रोफेसर संजय धीराज तथा मेडिकल सुपरीटेंडेंट प्रोफेसर वी के पालीवाल जी की विशिष्ट उपस्थिति रही।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने एनेसथीसिया और ओटी टेकनीशियनों द्वारा किए गए कामों एवं भूमिका को सराहा। प्रोफेसर प्रभात तिवारी ने ओपन हार्ट सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया के चिकित्सकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ट्रांस एसोफेगल इको उपकरण के रखरखाव में तकनीकी दक्षता के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर संजय धीराज ने ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट के वर्क कल्चर व ओरिएंटेशन कोर्स के महत्व के बारे में बताया। चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर वी के पालीवाल ने एनेसथीसिया और ओ टी तकनीशियनों द्वारा परदे के पीछे रहकर किये जाने वाले तकनीकी योगदान की प्रशंसा की।

सचिव, राजीव सक्सेना ने एनेस्थीसिया टेक्नीशियन के द्वारा किए जाने वाले क्रियाकलापों, मशीनों के रखाव संबंधित और सर्जरी के दौरान उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक द्वारा सरस्वती पूजा और दीप प्रज्वलित करके की गयी। इस अवसर पर सरस्वती वंदना में विभाग की श्रद्धा , रुचि ,प्रिया ,शिवानी, मीनू सिंह, प्रमिला तथा आयुषी ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता, डाक्टर आशीष कनौजिया ,डा सुजीत सिंह गौतम, डा अमित रस्तोगी और डा रुद्राशीष हलदार उपस्थित रहे।

# कुशवाहा महासभा ने ली आगामी चुनाव में सकारात्मक परिणाम लाने की शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**अखिल** भारतीय कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश ईकाई की कार्यकारिणी समिति एवं प्रदेश के समस्त जनपद के जिला अध्यक्षों व सदस्यों की एक संयुक्त बैठक गोमती नगर शहीद पथ स्थित एक होटल में संपन्न हुई। इस दौरान राष्ट्रीय प्रधान महासचिव नीरज कुशवाहा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आगंतुक जिला अध्यक्षों से जनपदों के चुनाव घोषित करने की तिथि निर्धारण हेतु निवेदन किया। प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुशवाहा ने गत लोकसभा के स्वजातीय उम्मीदवारों की विजय होने की बधाई देने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों में यूपी के चिन्हित करीब 70-80 विधानसभाओं को केन्द्रित कर करीब ढाई वर्षों तक स्वजातीय उम्मीदवारों की तैयारी करने का प्रस्ताव रखा। झांसी से आए उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा एडवोकेट ने बुंदेलखण्ड में राष्ट्रीय सचिव गजेन्द्र कुशवाहा के साथ मिलकर आगामी विधानसभा में साकारात्मक परिणाम लाने की शपथ ली। लखनऊ की जिला इकाई के अध्यक्ष मूल चन्द्र मौर्य एवं महासचिव आनंद मौर्य ने आगामी माह में जनपद में एक वृहत सामाजिक कार्यक्रम जिसमें मेंधावी छात्रों का सम्मान एवं गत लोकसभा में विजयी स्वजातीय समाज के सांसदगणों का सम्मान किया जायेगा। बैठक की समापन पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव नें अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के विरूद्ध रोहिणी कोर्ट में उनके द्वारा गबन, कार्यवाही रजिस्टर से छेड़छाड़ एवं विभिन्न मामलों में दर्ज कोर्ट केस की स्थिति की जानकारी दी तथा महासभा को विश्वास दिलाया कि जल्द ही उनके द्वारा नकद 4.0 लाख रूपये कोर्ट के माध्यम से वापस लिए जाएंगे।

महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष यशोदा कुशवाहा एवं नवनियुक्त यूपी के युवा अध्यक्ष सुधाकर सिंह कुशवाहा का महासभा ने सम्मान कर बधाईयां दी। यशोदा ने मध्यप्रदेश एवं हरियाणा की महिला अध्यक्ष की नियुक्ति उपरान्त यूपी की महिला अध्यक्ष की घोषणा करने का आश्वासन दिया। सुधाकर सिंह ने युवावर्ग को सामाजिक सेवा की तरफ केन्द्रित कर जल्द ही युवा संगठन को पूरे प्रदेश में विस्तार करने का आश्वासन दिया।

# अमित वर्मा बने लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शासन** ने ईओडब्ल्यू में तैनात वर्ष 2008 बैच के आईपीएस अमित वर्मा को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था के पद पर तैनाती दी है। अभी तक यहां तैनात उपेंद्र कुमार अग्रवाल को ईओडब्ल्यू स्थानांतरित किया गया है। अग्रवाल पिछले कुछ समय से चिकित्सा अवकाश पर चल रहें हैं। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय में तैनात संतोष कुमार मिश्र को एसपी प्रशिक्षण एवं सुरक्षा, लखनऊ के पद पर नई नियुक्ति प्रदान की गई है।

# हरियाली बढाने की मुहिम ने पकड़ी रफ्तार, अफसरों ने भी मां के नाम रोपे पौधे

**संवाददाता।** मोहनलालगंज




**एक** पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को मोहनलालगंज की सभी 78 ग्राम पंचायतों में दो लाख सात हजार चार सौ सत्तर पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त करने के व्यापक पौधरोपण महा अभियान का आगाज किया गया। डीसी मनरेगा एसके सिंह बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव व ज्वाइंट बीडीओ अमित सिंह और एपीओ उदयराज शर्मा की अगुवाई में सभी तकनीकि सहायक और सचिवों ने ग्राम प्रधानों के साथ अभियान में हिस्सा लिया।

इस दौरान मनरेगा श्रमिकों के जरिए पहले से तैयार गड्ढों में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया अमरूद अर्जुन इमली जामुन बरगद पीपल नीम सागौन पाकड़ शीशम और जंगल जलेबी समेत अनेक प्रकार के पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पौधों की देखरेख के लिए इस बार तीन वर्ष तक ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारी दी गई है। पौधों की देखरेख और सिंचाई के लिए मनरेगा श्रमिक लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सचिव और तकनीकि सहायक खुद पौधरोपण की निगरानी रखेंगे। जिसकी ब्लॉक स्तर से भी प्रतिमाह रिपोर्ट ली जाएगी।

## अफसरों ने सबस्टेशन पर किया पौधरोपण

**एक** पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मोहनलालगंज के एक्सइएन एसके अग्रवाल ने शनिवार को एसडीओ एसवी यादव और जेई आशुतोष कुमार के साथ मोहनलालगंज ओल्ड सबस्टेशन पर शीशम और अमरूद के पौधे लगाए। एक्सइएन ने बताया सभी सबस्टेशन पर शनिवार को सुबह से ही पौधरोपण की मुहिम चलाई गई। जिसके तहत जेई और एसडीओ की अगुवाई में प्रत्येक सबस्टेशन पर एक सौ पौधे लगाए गए। कर्मचारियों को रोपे गए पौधों की देखरेख और सिंचाई की भी जिम्मेदारी दी गई है।

## अतिक्रमण के दानव का हुआ अंत, पंचायत ने लहलहा दी पौधरोपण की हरियाली

**मोहनलालगंज।** राती में जहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की भरमार थी। शनिवार को पौधरोपण के बाद हरियाली लहलहाने लगी। तकनीकि सहायक राजकिशोर शुक्ल और सचिव अनुज त्यागी की अगुवाई में मनरेगा श्रमिकों ने सैकड़ों फलदार पौधे लगाकर ग्रामीणों के लिए पोषण वाटिका की बुनियाद रख दी। मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत राती में एक हेक्टेअर से अधिक सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही थी। शिकायत के बाद राजस्व टीम ने निशानदेही कर सरकारी भूमि से अतिक्रमण खाली करा दिया। ग्राम पंचायत की पहल पर शनिवार को इसी भूमि में से तकरीबन दो बीघे जमीन पर अमरूद के पौने दो सौ पौधे लगाकर फल वाटिका लगाई गई। जबकि शेष तीन बीघे भूमि पर दो हजार अन्य पौधे लगाए गए हैं। तकनीकि सहायक राजकिशोर शुक्ल ने बताया अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर फल वाटिका और वानर वाटिका की बुनियाद रखी गई है। पौधों की सिंचाई और देखरेख के लिए केयर टेकर भी रखा गया है।

## डेबरिया और परसपुर में पोषण वाटिका की रखी नींव

**मोहनलालगंज** की ग्राम पंचायत डेबरिया भरोसवा और परसपुर थट्टा में शनिवार को पोषण वाटिका व औषधीय वाटिका की नींव रखी गई। डेबरिया भरोसवा में जहां लेमनग्रास एलोवेरा अजवाइन तुलसी अमरूद और आंवला के ढाई सौ से अधिक पौधे रोपे गए हैं। वहीं परसपुर थट्टा में अमरूद आंवला इमली जामुन व जंगल जलेबी के पौधे लगाए गए हैं। शनिवार को डीसी मनरेगा एसके सिंह बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव और ज्वाइंट बीडीओ अमित सिंह ने एपीओ उदयराज शर्मा के साथ दोनों पंचायतों में पहुंचकर पौधरोपण अभियान में भाग लिया। अफसरों ने पौधों की देखरेख में कोताही न बरतने की हिदायत दी।

# नाबार्ड के उपप्रबन्ध निदेशक डॉ. एके सूद का ने किया मुबारकपुर पैक्स, बाराबंकी का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के उप प्रबन्ध निदेशक, डॉ एके सूद ने शनिवार को जनपद बाराबंकी में स्थित मुबारकपुर पैक्स का दौरा किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक, आर्यावर्त बैंक के अध्यक्ष, संतोष एस. एवं उत्तर प्रदेश को ऑपरेटिव बैंक लि. के अपर प्रबन्ध निदेशक श्री सतीश चन्द्र मिश्रा शामिल थे। इस कार्यक्रम में बैंकर्स, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, किसान उत्पादक संगठनों, पैक्स मेम्बर्स, आदि सहित प्रमुख हितकारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के आरंभ में संतोष एस, आर्यावर्त बैंक के अध्यक्ष ने उप प्रबन्ध निदेशक, नाबार्ड का स्वागत किया और नाबार्ड की योजनाएँ जो ग्रामीण विकास के लिए बनीं हैं, उनके लिए नाबार्ड की भूमिका को सराहा। कार्यक्रम में उप प्रबन्ध निदेशक, नाबार्ड के कर कमलों द्वारा केन्द्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) , प्रधान मंत्री सूम खाद्य उन्नयन योजना (पीएम एफ एम ई), एन आर एल एम एवं कृषि विपणन अव संरचना (एएमआई) फंड के अंतर्गत आर्यावर्त बैंक द्वारा वित्तपोषित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। तद्पश्चात फिनो पेमेंट्स बैंक के पाँच व्यावसायिक प्रतिनिधियों को नाबार्ड के वित्तीय समावेशन कोश में अनुदानित माइक्रो-एटीएम भी प्रदान किए गए। अपने मुख्य सम्बोधन में डॉ सूद ने आर्यावर्त बैंक, डीसीसीबी, एवं पैक्स के अधिकारियों का धन्यवाद किया तथा उनके द्वारा ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्य की सराहना और प्रशंसा की। उन्होने कहा की क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक लघु एवं माध्यम कृषकों की जरूरतों को समझते हैं एवम् उनकी मदद भी करते हैं।

# मथुरा की तर्ज पर प्रयाग में बनेगा महिला संरक्षण गृहः योगी

- ग्रीन कुम्भ में प्रतिबंधित होगा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग

संवाददाता। प्रयागराज






**शनिवार** को कैबिनेट मंत्री नंदी के यहां व्यक्तिगत कार्यक्रम में आधा दर्जन मंत्रियों के साथ शामिल होने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस सभागार में महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द द्वारा मुख्यमंत्री को महाकुम्भ के दृष्टिगत विभागों के द्वारा कराये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के पास माफियाओं से मुक्त करायी गयी जमीन पर मथुरा में बने कृष्णा कुटीर की भांति बेहतरीन महिला संरक्षण गृह बनाये जाने का प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने के लिए कहा है। जिसमें वृद्ध और निराश्रित महिलाओं के साथ साथ वह बच्चियां जो पारिवारिक प्रताड़ना और अन्य कारणों से घर से निकल और बिछड़ जाती हैं वह वहां रह सकें उन्हें स्वरोजगार का अवसर भी प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा माफियाओं से मुक्त जमीनों पर गरीबों के लिए आवास बनाये गये थे। उसी प्रकार माफियाओं से मुक्त जमीन पर गरीबों के लिए और आवास बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शहर के अंदर प्रचार हेतु लगाये गये होर्डिंग के स्थान पर नगर निगम के द्वारा या पीपीपी मोड पर डिस्प्ले बोर्ड लगाये जाएं। जिससे एक ही डिस्प्ले बोर्ड पर कई विज्ञापन एक साथ प्रसारित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई व लखनऊ की घटना से हमें सबक लेते हुए घरों के ऊपर जो बड़े बड़े होर्डिंग लगे हुए हैं उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाये।

कुम्भ 2019 में मेला क्षेत्र और शहर के अंदर साइनेज लगाये गये थे इस बार उन्हें हिंदी अंग्रेजी संस्कृत के साथ साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में जिस क्षेत्र में नेपाली तमिल सहित अन्य स्थानों के लोगों की आने की ज्यादा सम्भावना रहती है। वहां पर अन्य भाषाओं के साथ साथ उनकी क्षेत्रीय भाषाओं में साइनेज लगाये जाएं।

उन्होंने मेला क्षेत्र के साथ साथ शहर में भी जनसुविधाएं बढ़ाने एवं पार्किंग स्थलों और स्टेशनों के आसपास भी अच्छे टॉयलेट रैन बसेरे लोगों के बैठने और रूकने के लिए उत्तम व्यवस्थायें एवं सुविधाएं देने के लिए निर्देशित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कुम्भ स्वच्छ होगा तो वही स्वच्छ कुम्भ ही सुरक्षित कुम्भ में बदलेगा और हमें फिर से स्वच्छता सुरक्षा और सुव्यवस्था का एक नया मॉडल देखने को मिलेगा और तभी यह भव्य दिव्य कुम्भ के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त करेगा।

इसके लिए स्टेक होल्डर्स जनप्रतिनिधियों स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों अलग अलग संस्थाओं अखाड़ा परिषद संतो व आश्रमों से जुड़े हुए लोगो के साथ हमारा निरंतर संवाद होना चाहिए। केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़े हुए सभी विभागों के साथ भी हमारा यह कार्यक्रम आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि द्वादश माधव व भारद्वाज आश्रम प्रयागराज की पहचान है।

# लोकतंत्र के नाम पर जनता को गुमराह कर रहा है विपक्षः भूपेश चौबे

- सदर विधायक ने 56 लाख की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संवाददाता। सोनभद्र



**सदर** विधायक भूपेश चौबे ने शनिवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के लसड़ा गांव में 56 लाख रुपयें की परियोजनाओं लसड़ा गांव में बने मिनी स्टेडियम, आगनबाड़ी भवन, आर आर सी सेन्टर व ग्राम वन का लोकार्पण किया। इस मौके पर ग्राम वन में सदर विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे ने केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तार सें जानकारी दी उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान लोगों को आगाह करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में कतिपय लोग सत्ता के लोभी हो गए हैं और वह लोग लोकतंत्र के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे है।

इस दौरान भूपेश चौबे ने कहा की आज देश का माहौल खराब करने पर कुछ लोग तुले हुए हैं वह संबिधान और लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। यह वहीं लोग हैं जो सन 1975 में लोकतंत्र को रौद चुके हैं। जबरिया कुर्सी पर काबिज होने के लिए अदालत का फैसला होते ही देश को जेल बना दिया था। आज जब देश प्रदेश में भाजपा की लोकप्रिय सरकारें जनहित का कार्य कर रही हैं व विकास के रास्ते पर अग्रसर हैं तो लुटेरी प्रवृत्ति के लोगों से यह बर्दास्त नहीं हो रहा है। इस दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधरोपण कर जन जीवन को सुरक्षित रखने का आवाहन किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विमलेश पांडे भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी दयाशंकर पांडे संतोष पांडे क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्ना जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान डीसी मनरेगा रविंद्र वीर यादव, आदि सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने लोगों से की पेड़ लगाने की अपील



**सोनभद्र।** जनपद के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल, सदर विधायक भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत ने शनिवार को मुख्यमंत्री के वृक्षारोपण जन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधरोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में सर्किट हाउस चुर्क परिसर में, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम मनोहर सिंह उप वन व स्मृति स्थल, छतेहरी सेहुआ में व ग्राम पंचायत मरकरी में पौधरोपण किया। प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राममनोहर सिंह स्मृति स्थल पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का एक अभिनव आवाहन किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्लोबल वार्मिंग से बचाव व पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण जन अभियान 2024 पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ, चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी जनपदों में एक ही दिन 20 जुलाई को 36.50 करोड़ पौधेरोपित किए जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए। पेड़ लगाओ देश बचाओ अभियान को आगे बढ़ाना है, देश के प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि एक पेड़ मां के नाम लगाएं।

# घर पर प्रसव के बाद महिला की हुई मौत

**बीजपुर, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहां के टोला लहबरवा निवासिनी 44 वर्षीया सुशीला देवी पत्नी राम नरायन की मौत गुरुवार की देर सायं एएनएम प्रियंका सिंह के घर में प्रसव के बाद हो गई। सूचना पर पहुंची बीजपुर पुलिस ने शुक्रवार की सुबह शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। परिजनों का कहना है कि हम अपना मरीज बाहर लेकर जा रहे थे तो एएनएम द्वारा कहा गया कि पांच हजार रुपया लगेगा प्रसव करवा दूंगी। प्रसव के समय लापरवाही के कारण मौत हो गई। जरहां स्थित मातृत्व केंद्र पर तैनात एएनएम गुरुवार शाम को अपने घर पर महिला का प्रसव कराने के लिए रोकी थी। सायं लगभग 8 बजे के आसपास सुशीला को पुत्र पैदा हुआ इसके बाद काफी रक्त रिसाव होने के कारण महिला की तबियत बिगड़ने लगी। तबियत बिगड़ता देख म्योरपुर चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इसी दौरान महिला की मौत हो गई।

# जीएम एनसीआर ने किया पं. दीन दयाल उपाध्याय खंड का निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चन्द्र जोशी ने शनिवार को प्रयागराज मंडल के प्रयागराज पंडित दीन दयाल उपाध्याय खण्ड का डीआरएम हिमांशु बडोनी के साथ निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने प्रयागराज पंडित दीन दयाल उपाध्याय खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भारतीय रेल में एक विशेष निरीक्षण है। जिसमें चलती ट्रेन से एक निरीक्षण कार की पिछली खिड़की से ट्रैक और उसके आसपास के प्रतिष्ठानों जैसे सिग्नल ओएचई प्लेटफॉर्म आदि का निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की सफाई और समग्र स्थिति विशेष रूप से प्वाइंट और क्रॉसिंग पर ट्रेन की सवारी की गुणवत्ता ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स टीजीआई में सुधार ओएचई स्थिति समपार फाटकों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर आदि महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा देखे गए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम अमृत स्टेशन के रूप में चयनित प्रयागराज छिवकी निरीक्षण किया गया। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया एवं स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।

महाप्रबंधक द्वारा अमृत स्टेशन के रूप में चयनित विंध्याचल मिर्ज़ापुर एवम चुनार रेलवे स्टेशनों का भी गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक द्वारा ली गई। इस दौरान जीएमने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चल रहे कार्यों से रेल यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सभापति एवं डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने किया चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

## वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में 7516369 पौधे रोपित किए गए

संवाददाता। प्रयागराज



**वृहद** वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को पूरे जनपद में कुल 7516369 पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि जुलाई एवं अगस्त माह में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलता रहेगा। जिसमें शेष बचे हुए पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा कर लिया जायेगा। इस अवसर पर सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क पहुंचकर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने पौधरोपण भी किया।

वृहद वृक्षारोपण के तहत मुख्य कार्यक्रम शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने हरिशंकरी के पौधे का रोपण किया। वृहद वृक्षारोपण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम यह प्रण लें कि हम एक पेड़ मां गंगा के नाम एक पेड़ मां यमुना के नाम एक पेड़ मां सरस्वती के नाम एक पेड़ धरती मां के नाम और एक पेड़ अपनी मां के नाम लगायेंगे और उसका संरक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सबके सामने वन और जल को बचाने की चुनौती है अगर हमें आने वाली पीढ़ियों को बचाना है तो हमें पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखना होगा। जिसके लिए हमें बड़े पैमाने पर पौधरोपण करना होगा।

कहा कि पौधों का रोपण महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उनकी देखभाल करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये पेड़ हमारे जीवन के लिए संजीवनी के समान है और हमारे प्राणदाता है। हम सबको मिलकर समाज और परिवेश को सुंदर बनाना है। इसलिए हम आज यह संकल्प लें कि पौधरोपण के साथ ही उसका संरक्षण भी अवश्य करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इतने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर वन क्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

# पुलिस ने कागज फैक्टरी में तोड़फोड़ व चोरी का मामला दर्ज किया

- फैक्टरी पर कब्जे को लेकर चल रही जंग में आया नया मोड़
- भूस्वामी ने स्थल खाली करने का दिया था फरमान
- जांच के बाद होगी अग्रिम कार्रवाई

संवाददाता। कालपी, जालौन

**जोल्हूपुर** स्थित कागज फैक्टरी पर कब्जे की जंग में नया मोड़ आ गया है। शनिवार देर रात पुलिस ने इस मामले में मारपीट, तोड़फोड़ तथा चोरी का मामला दर्ज किया है। सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है लेकिन अग्रिम कार्यवाही जांच के बाद की जाएगी। विदित हो कि नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी निवासी अजय सिंह यादव विगत लगभग दो दशक से जोल्हूपुर में व्यास पेट्रोल पम्प के पास कागज फैक्टरी चलाते आ रहे हैं लेकिन गत कुछ वर्षो से इस कारोबार में मंदी आने से उद्योग की रफ्तार कुछ ढीली हो गई थी।

सूत्रों की माने तो जिस स्थल पर यह उद्योग संचालित है वह जगह उसके चाचा छुट्टी यादव के पास है और इसी के चले भूस्वामी ने उक्त स्थल खाली करने का फरमान जारी कल दिया था।

जिसके चलते चाचा भतीजों के मध्य जंग शुरू हो गई थी लेकिन गत 14 जुलाई को भूस्वामी छुटटी यादव ने फैक्टरी का ताला तोड़कर उसे तोड़ना शुरू कर दिया था। जानकारी मारने पर फैक्टरी संचालक भी मौके पर पहुंच गया था और विवाद शुरू हो गया था।

विवाद की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया था तथा दोनों पक्षों के खिलाफ शान्ति भंग की कार्यवाही कर दी थी। लेकिन अगले दिन ही फैक्टरी संचालक ने पुलिस को तहरीर देकर अपने चाचा छुट्टी यादव, मनोज उर्फ गुलेली तथा राजाराम पुत्रगण छुट्टी के खिलाफ मारपीट कर फैक्टरी में तोडफोड और मोटर चोरी करने का आरोप लगाया था लेकिन पुलिस ने इस घटना में चोरी होने से इनकार किया था। हालांकि कई दिनों की कवायद के बाद पुलिस ने इस मामले में तीन नामजदों सहित जेसीबी के अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 303, 324, 325, 351, 352 एनबीएस के तहत मामला दर्ज किया है।

# पालिका के जिम्मेदार स्वच्छता मिशन को लगा रहे पलीता

**कालपी, जालौन।** सभासद ने पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए है। उन्होंने इस मामले का पत्र एसडीएम को भी सौंपा है जिसमे मुहल्ले में संक्रामक रोग फैलने की आशंका व्यक्त की गई है। नगर में पालिका की व्यवस्था पर सवाल उठना कोई नयी बात नहीं है। शुक्रवार दोपहर बरसात होने के बाद नगर में नालों का पानी सड़को पर सभी ने देखा था और शनिवार को वार्ड नम्बर 6 रामचबूतरा के सभासद सुनील पटवा ने भी नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए है। उन्होंने एसडीएम सुशील कुमार सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि उनके बार्ड में परिषदीय विद्यालय स्थित है जिसके गेट पर ज्यादातर समय कूडे का ढेर लगा रहता है जिसको हटाने के लिए वह कई बार पालिका परिषद के जिम्मेदारों से भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन कूड़े का ढेर हटा नहीं है। उन्होंने पत्र के माध्यम से यह भी कहा है उनके मुहल्ले की नालिया बजबजा रही हैं।

# धरती को हरा भरा करने के लिए वृक्षों का होना जरूरीः विधायक



**कालपी, जालौन।** शनिवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कालपी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों में वृक्षारोपण महोत्सव धूमधाम पूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ गोष्ठी में वृक्षारोपण करने पर जोर दिया गया। जिला वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में उसरगांव, छौंक, रगौली, कालपी नगर महोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कदौरा विकास खंड के ग्राम अकबरपुर इटौरा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण तथा धरती को हरा भरा करने के लिए वृक्षों का होना बहुत ही जरूरी है। इसलिए सभी नागरिक जागरुक होकर पौधों को रोपित करें। तथा पेड़ों को संतान की तरीके से संरक्षित करें। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, शिक्षाविदों ने पौधारोपण करने के लिये उपस्थित नागरिकों तथा छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह धरती को हराभरा रखने के लिए पौधारोपण करने पर बल दिया।

# चार फुट की गलियों में सीवर लाइन डालने की सदन के सदस्यों ने की मांग

**मीरजापुर।** नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी की अध्यक्षता में सदन की बैठक की गई। इस बैठक में जल निगम से हो रही दिक्कतों को लेकर सभासदो ने आपत्ति जताई।कुछ सभासदो ने कहा की चार फुट की छोटी गलियों में अमृत योजना के तहत सीवर लाइन नही बिछाई जा रही है। जिसको लेकर नपाध्यक्ष ने कहा की जिन गलियों में सीवर नही डाली जा रही है उसकी सूची बनाकर दे। उन गलियों में सीवर डलवाने का कार्य कार्यदायी संस्था से करवाया जायेगा। इसके साथ ही ईओ जी लाल ने सदन के सदस्यो को जिलाधिकारी द्वारा बैठक में दिए प्रोफार्मा को भी दिया। उन्होंने कहा की जिन वार्डो में अमृत योजना के कारण असुविधा हो रही है। उसकी सूची प्रोफार्मा में भर कर दे,उसके आधार पर उनकी समस्या का निस्तारण करने के अमृत योजना को दिया जायेगा। इसके साथ ही घाटों पर रात्रिकालीन फूड जोन बनाने के लिए चर्चा की गई। सदस्यो ने कहा की पहले घाटों का सर्वे किया जाए उसके बाद वेंडेरो को दिया जाए। नगर में पौधारोपण अभियान को सफल बनाने और वार्डो में जनता को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने के लिए भी चर्चा की गई। इसके साथ सदन के सदस्यो ने पालिका के राजस्व को बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा है।

## भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने किया वृक्षारोपण



**मीरजापुर।** भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने रूखड़घाट वार्ड के बावनवीर पार्क व गायत्री माता मंदिर में वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।उन्होंने कहा कि हम सभी को भी पर्यावरण को संरक्षित और बचाने के लिये अपने आस-पास वृक्षारोपण करना चाहिये।जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे। सूबे के मुखिया द्वारा प्रत्येक साल वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। इस बार भी 36 करोड़ से ऊपर पौधारोपण किया जाना है।अपने आस पास खाली पड़ी जमीनों पर हम सभी को एक पेड़ लगाना चाहिए।जिससे इस धरती पर हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोका जा सके।

# जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपित किए गए 92 लाख पौधे

- जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण
- परिषदीय विद्यालय मौखरी के बच्चे वृक्षारोपण अभियान में बने सहभागी

संवाददाता। उरई, जालौन





**शनिवार** को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद जालौन के सभी तहसील, ब्लॉकों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में 92 लाख पौधे रोपित किये गए।

राज्यमंत्री उप्र सरकार नगर विकास, शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन राकेश राठौर गुरु, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदस्या विधान परिषद रमा निरंजन, विधायक उरई गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल दुबे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, पूर्व विधायक कालपी नरेंद्र पाल सिंह जादौन आदि जनप्रतिनिधियों ने ग्राम रगौली में वृक्षारोपण जन अभियान-2024 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस दौरान राजमंत्री ने पंचवटी वाटिका में हरिशंकरी का पौधा व नवग्रह वाटिका में पौधे लगाये गए। राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत ही महत्व है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसमें 92 लाख पौधों को 1 दिन में लगाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आवाहन किया गया कि एक वृक्ष मां के नाम पर अवश्य लगाएं, और इसकी देखरेख भी करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए लक्ष्य एक वृक्ष मां के नाम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी से अपील की वृक्षारोपण कार्यक्रम सिर्फआज तक ही सीमित न रहे इसे आप सब आगे भी जारी रखें। उन्होंने सभी से रोपित पौधों का संरक्षण करें। मंडलायुक्त ने सभी लोगों से आवाहन किया कि वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय जालौन में कमाण्डर नयन सिंह रावत (अ.प्रा.), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी एवं लगभग 60 भूतपूर्व सैनिकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 100 वृक्ष रोपित किये गये।

# बगैर मान्यता लिये संचालित दो विद्यालयों को बंद करने के निर्देश

**कालपी, जालौन।** शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने महेवा ब्लैक क्षेत्र में निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो विद्यालयों में मान्यता न पाए जाने पर उन्हें बन्द करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि शिक्षा विभाग को शिकायतें मिल रही थी कि महेवा ब्लाक में बड़ी संख्या में विद्यालय बगैर मान्यता के संचालित हो रहे हैं और इसी के चलते शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने ब्लाक क्षेत्र के ग्राम अभैदेपुर में संचालित गुरूकुल अकेडमी तथा न्यामतपुर के उड़ान अकादमी के अलावा निपनिया मोड पर काफी दिनों से चल रहे सनराईज स्कूल में आकस्मिक छापेमारी की। खण्ड शिक्षा अधिकारी के अनुसार अभैदेपुर व न्यामतपुर के स्कूल संचालक मान्यता संबंधी कोई भी कागजात मौके पर नही दिखा पाए तो उन्हें तीन दिनों के अंदर मान्यता संबंधी कागज न देने पर विद्यालय का संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं। वही खण्ड शिक्षा अधिकारी के मुताबिक निपनिया मोड़ पर संचालित विद्यालय में मान्यता की प्रक्रिया चल रही है। सूत्रों की माने तो नगर व क्षेत्र में अभी कई ऐसे स्कूल संचालित हो रहे हैं जिनके पास मान्यता नहीं है तो कुछ ऐसे भी है जो मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं। इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि ऐसे विद्यालयों के खिलाफअभियान जारी रहेगा।

## एसडीएम, बीडीओ ने ग्रामीणों के साथ किया वृक्षारोपण

**कालपी, जालौन।** शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर व क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें पौधारोपण कर मानव जीवन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाल कर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की गई। शासन ने 20 जुलाई को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाने का फरमान जारी किया था जिसके तहत विभिन्न सरकारी विभागों के जिम्मेदारों को वृक्षारोपण कार्यक्रम के निर्देश दिए गये थे और इसी के चलते शनिवार को महेवा ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत महेवा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# सावन महीने में भगवान शंकर के जलाभिषेक को लेकर हुई बैठक

**बीजपुर, सोनभद्र।** शनिवार को प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहाँ में अजीर नदी के तट के सुरम्य वातावरण के बीच बने अजीरेश्वर धाम मंदिर परिसर में सम्भ्रान्त व्यक्तियों की बैठक हुई। बैठक में सोमवार से लगने वाले सावन महीने के दौरान आजीरेश्वर धाम में भूत भावन भगवान शंकर को जलाभिषेक करने हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर मंदिर समिति के पदाधिकारियों से विचार विमर्श करके प्रभारी निरीक्षक श्री मिश्र ने वृहद रूप से रूप् रेखा सर्वसम्मति से तैयार किया। इस दौरान उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि यदि उन्हें कहीं से भी किसी अराजक तत्वों व मेले में व्यवधान डालने की कोशिश करने वालों का पता चले तो वे समय रहते इस बात की जानकारी पुलिस को अवश्य देवें। हालांकि सावन महीने के दौरान प्रत्येक सोमवार को पुलिस बल की टुकड़ियां यथोचित स्थान पर तैनात रहेंगी।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं को श्रद्धांजलि देने का होगा अवसर

**प्रयागराज।** गुरु पूर्णिमा अपने गुरुओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है। पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला यह त्यौहार इस साल इक्कीस जुलाई को पड़ रहा है। हिंदू रीति रिवाजों में इस त्यौहार का गहरा अर्थ है। संस्कृत से लिए गए शब्द गुरु का अर्थ है अंधकार को दूर करने वाला। यह दिन हमारे ज्ञान को हमारी समझ को बढ़ाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। यह अवसर गुरुओं के अमूल्य मार्गदर्शन को समर्पित है जो हर इंसान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खास मौके पर जी टीवी के शो कुमकुम भाग्य की राची शर्मा प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे और कैसे मुझे तुम मिल गए की किशोरी शहाणे आदि कलाकारों ने अपने जीवन के गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनांदोलन बना कर यूपी में लाएं हरियाली-: स्वतंत्रदेव

## पर्यावरण संतुलन के लिये वृक्षारोपण जरूरी-आर के सिंह पटेल, वृक्षारोपण महत्वपूर्ण कार्यक्रमः बालकृष्ण त्रिपाठी चित्रकूट में लगाये गये 74 लाख पौधे, संरक्षण में सभी करें सहयोग



**चित्रकूट** ।उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मुख्य अतिथि में व पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल,विधायक मऊ- मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अध्यक्ष जिला पंचायत चित्रकूट अशोक जाटव, जिला कोऑपरेटिव बैंक बांदा/ चित्रकूट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी आदि की उपस्थिति में विकास खंड मानिकपुर के हनुवा वन खंड मानिकपुर रैपुरा रेंज पर वृक्षारोपण जन अभियान- 2024 के अवसर पर हरिशंकरी का पौधा रोपण कर शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर मंत्री जनशक्ति मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री जी के आने के बाद जल संचय वृक्षारोपण अभियान चलाया गया ।इस वर्ष पूरे प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें शनिवार को जनपद चित्रकूट में 74 लाख 12 हजार 671 पौधों का रोपण किया जा रहा है । वृक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं एक वृक्ष 10 बच्चों के बराबर होता है। पहले गांव में नीम बरगद पीपल पाकड़ के पेड़ के नीचे दोपहर के समय हमारे बुजुर्ग बैठते थे तो वह स्वस्थ रहते थे बीमारी नहीं होते थे।वृक्ष आवश्यक है जीवन देता है ऑक्सीजन देता है। प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी ने यह वृक्षारोपण अभियान चलाकर देश व प्रदेश को हरा-भरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ बात करते हैं ॠषि मुनियों ने इस चित्रकूट की पावन धरती पर बड़ी तपस्या की है। नदियों के जल से प्यार करें वृक्षों से प्यार करें ताकि आपकी पीढ़ी खुशहाल रहे। जो पेड़ आप लोग लगा रहे हैं तो प्रतिदिन उसके पास 5 मिनट अवश्य जाएं। जैसे आप लोग घर में गाय से प्यार करते हैं उसी प्रकार वृक्षों से भी प्यार करें। पेड़ के नीचे बैठे पेड़ को निहारें तो आप लोगों को बहुत आनंद आएगा। उन्होंने वन विभाग तथा जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि आप लोग अमृतसरोवर बनाए और उन अमृत सरोवरों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराएं ।बांदा- चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल एवं विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री ने मानिकपुर विधानसभा के मटदर वन ब्लॉक में वृक्षारोपण किया था जो काफी पेड़ बड़े हो गए हैं । उन्होंने कहा कि उस वन ब्लॉक में जो पेड़ सूख गए हैं। उनकी जगह वन विभाग दूसरे पेड़ लगाए और इस वन ब्लॉक के भी जो आज पौधे लगाए जा रहे हैं वह भी हरे-भरे रहे इसका आप लोग विशेष ध्यान देंगे । उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना का संचालन मेरी विधानसभा के कई गांव पर शुरू हो गया है जो कार्य शेष है वह जल्द पूरा होगा और पूरी विधानसभा में हमारी सरकार द्वारा हर घर जल योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा।

वहीं आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा इस वर्ष वृक्षारोपण का पूरे प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें जनपद चित्रकूट में लगभग 74 लाख पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। उन्होने कहा कि बुंदेलखंड में खासकर वृक्ष बहुत आवश्यक है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने नारा दिया है एक पेड़ मां के नाम है हम सब मन से जुड़कर इस नारे को सार्थक करते हुए एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार, उपनिदेशक/ प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने मंत्री एवं विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह चन्दन व रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इसके बाद सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनमानस में हनुवा वन ब्लॉक में पौधारोपण किया।कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ जय करण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सहित संबंधित अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री आलोक पांडेय , शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रवि त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस मौजूद रहा।

# एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण में वरदान साबित होगाः बालकृष्ण

## विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर काम कर रहीं डबल इंजन की सरकार-नरेंद्र गुप्ता, अटल पार्क में आयुक्त ने रोपित किया हरिशंकरी का पौधा

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को लेकर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान की सफ्लता में नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को अटल पार्क में चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने हरिशंकरी का पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए आधिकाधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया।

आयुक्त श्री त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रदेश में जो लक्ष्य निर्धारित है उसके सापेक्ष 74 लाख पौधे जनपद चित्रकूट में लगाए जाने हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए चित्रकूट में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस जनप्रतिनिधि समाजसेवी सभी को बढ़-चढ़कर एक पेड मां के नाम लगाना चाहिए और इनके संरक्षण व सुरक्षा का इंतजाम भी सभी को करने का संकल्प लेना होगां इससे पर्यावरण का संरक्षण होगा पूरा बातावरण पूरा चित्रकूट हरा भरा होगा।

अटल पार्क में मुख्य विकास अधिकारी अमृता कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता सहित सभी सभासदों ने पीपल ,नीम ,बरगद ,आम, सहिजन इमली, बेल आदि के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया । अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका द्वारा इस समय नगर के अंदर जहां भी खाली जमीन है, वहां पर पौधारोपण कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम हर व्यक्ति लगाए और उसका संरक्षण भी करें । कहा कि पेड़ रूपी मां को प्रतिदिन जल देकर श्रद्धांजलि भी होगी . इसी बहाने उस पौधे की रक्षा सुरक्षा हो सकेगी। आज जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है वार्मिंग ग्लोबल निरंतर बढता जा रहा है जिससे मानव जीवन संकट मय हो रहा है।

वृक्षारोपण अभियान में सभासद शंकर यादव, विनय त्रिपाठी, राजेश सिंह पटेल, राजा साहू, ओंकार यादव, विनीत पयासी, शुभम केशरवानी, राजकमल वर्मा , पवन बद्री, अनुज निगम, अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, स्वच्छता अभियान के जिला समन्वयक शिवा कुमार, सुभाष गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, रवि ज्ञानेन्द्र कौशल आदि मौजूद रहे ।

## इटावा में जमीनी विवाद में चाचा ने भतीजे की गोली मारकर हत्या की

इटावा जिले के चौविया थाना क्षेत्र के एक गांव में ज़मीनी विवाद में एक व्यक्ति ने अपने भतीजे की लाइसेंसी बंदूक़ से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले के थाना चौविया क्षेत्र के रमपुरा मूंज गांव में शुक्रवार की दोपहर खेत जोतने को लेकर चाचा-भतीजे में विवाद हो गया। वर्मा ने बताया कि विवाद बढ जाने पर चाचा ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपने सगे भतीजे राज वीर सिंह (32) को गोली मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## ट्रक पलटने से 14 कांवड़िए घायल

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी थाना क्षेत्र के सथेरी गांव के पास एक ट्रक शनिवार सुबह पहिया फटने के कारण पलट गया, जिससे उसमें सवार कम से कम 14 कांवड़िए घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह साढ़े आठ बजे उस समय हुआ, जब गंगा जल लेने के लिए आगरा से हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों के ट्रक का एक पहिया सथेरी गांव के पास से गुजरते समय फट गया। क्षेत्राधिकारी (अपराध) रामाशीष यादव ने बताया कि पहिया फटने के कारण ट्रक पलट गया और उसमें सवार 14 कांवड़िए घायल हो गए। घायल कांवड़ियों को पास के अस्पताल ले जाया गया। यादव के मुताबिक, हादसे से मेरठ-मुजफ्फरनगर मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ, लेकिन इसे जल्द सामान्य कर दिया गया।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का हुआ क्षेत्र परिवर्तन

अमेठी। शासन के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त खाद्य राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी अमेठी के अनुमोदन के उपरान्त जनपद में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का स्थानीय क्षेत्र परिवर्तन आवंटन किया गया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि रमाशंकर पटेल की वर्तमान तैनाती तहसील मुसाफिरखाना से तहसील गौरीगंज किया गया है इसके अतिरिक्त उन्हें तहसील अमेठी का अतिरिक्त प्रभार जावेद अख्तर सिद्दीकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी के योगदान प्रस्तुत करने तक का दिया गया है।

## प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म का आरोप

**बछरावां** रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती ने राजामऊ गांव के रहने वाले एक युवक पर आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति उसके साथ बीते छह वर्षों से झूठे प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि पहले आरोपित ने उसको बहला फुसलाकर अपनी बातों में फंसाया ।और फिर उसके साथ लगातार छह वर्षों से दुराचार कर रहा है। आरोपित ने धोखे से उसके अश्लील वीडियो व फ़ोटो भी बना लिए हैं । और अब समाज के सामने दिखाने की धमकी देता है। उक्त व्यक्ति अपराधी किस्म का है, और उसे जान से मार देने की धमकी भी दे रहा है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि बीते गुरुवार को आरोपित ने उसे गांव के बाहर बहाने से मिलने के लिए बुलाया । और फिर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया ।और मौके से फरार हो गया ।

# वृक्षो की कमी का खामियाजा आने वाली पीढियां भुगतेंगी

**डलमऊ** रायबरेली। शनिवार को डलमऊ तहसील परिसर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह तहसीलदार उमेश चंद्र नायब तहसीलदार शिवम सिंह व क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत बरगद पीपल पकरिया जैसे संरक्षित वृक्षों को रोपित कर वृक्षारोपण के लिये आमजनमानस को पर्यावरण के बदलते स्वरूप और उससे होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थिरता



को अपनाना अनिवार्य है। हमारे पर्यावरण को संरक्षित करना कोई विकल्प नहीं बल्कि एक परम आवश्यकता है क्योंकि पृथ्वी पर जीवन इस पर निर्भर करता है। यह हमारे निरंतर अस्तित्व और कल्याण के लिए आवश्यक है।जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरुरत है। जल, जंगल और जमीन तीनों उसके प्रमुख आधार हैं। विकास के मौजूदा मॉडल की विफलता यह कि जीवन के इन तीनों आधारों को प्रदूषण ने लील लिया है।यही वजह है आज देश की आबादी का बड़ा हिस्सा स्वच्छ व सुरक्षित पानी, शौचालय और शुद्ध हवा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित है। पर्यावरण पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। इस दिशा में समाज और सरकार को स्वच्छता और वृक्षारोपण को एक जनान्दोलन बनाने की तरफ सोचना होगा, जिसके लिए समाज की सहभागिता होना पहली और आवश्यक शर्त है। तहसीलदार उमेश चंद्र ने इसी क्रम में आगे बताया कि पर्यावरण संरक्षण पर विचार करने और इसे बचाने के लिए सक्रिय कदम उठाने का समय आ गया है।

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर शुक्रवार की देर शाम को बेकाबू रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। गोविंदपुर वलौली गांव निवासी भीमशंकर (21) पुत्र हीरालाल बाइक पर सवार होकर से किसी काम से कस्बा आ रहा था। तभी रायबरेली रोड पर गांव के ही निकट तेज रफ्तार उत्तर प्रदेश परिवहन की बस ने उसे टक्कर मार दी। जोर का धक्का लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रात करीब साढ़े दस बजे युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है। मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। नौजवान बेटे की मौत से पिता हीरालाल, मां कुसुमा देवी, भाई चंद्रशेखर, भाभी मनीषा का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के बड़े भाई चंद्रशेखर की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया गया है।

## बाढ़ से प्रभावित लोगों का हाल जाना

निघासन। बाढ़ से निघासन क्षेत्र में आयी तबाही में भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह पानी से प्रभावित गावों में भ्रमण करते हुए ग्रामवासियों का हाल व समस्याओं को जानते हुये उन्हें लंच पैकेट पहुँचाने का कार्य कर रहें हैं। उन्होंने दर्जनों गावों का भ्रमण गाड़ी एवं ट्रेक्टर से किया व विस्थापित लोगों को भोजन दिया। इसी कड़ी मे राजा राजेश्वर सिंह तारानगर के शंकरी गौढ़ी पहुँचे जो कि पानी आने के कारण चारो तरफ़ से कट गया था। यह गाँव नदी के तट पर लगभग 2 किण्मी बसा है मगर बीच बीच मे कटान से नाला बनने के कारण केवल नाव द्वारा ही लोगों तक पहुचना संभव हो पा रहा है। राजा साहब उस क्षेत्र के अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नावों में सवार होकर व लंच पैकेट लेकर नदी की बहती धार में लोगों से मिलने पहुँचे। कुछ साथ मे आये लोगो ने बढ़ते पानी को देखते हुए इस प्रकार नाव से न जाने की सलाह भी दी तो राजा साहब ने कहा कि जब तक मै उनके बीच नही पहुँचुंगा तब तक उनका सही हाल मै नही जान सकूंगा व मेरे जाने से उनका मनोबल भी बढ़ेगा। जब लगभग 1०0 किण्मी नाव द्वारचलने के उपरांत वे टट पर पहुँचे तो ग्रामवासी राजा साहब को देखकर बहुत प्रसन्न हुये व । चलने के उपरांत वे टट पर पहुँचे तो ग्रामवासी राजा साहब को देखकर बहुत प्रसन्न हुये व उन्होने उनका अभिनन्दन करते हुये अपनी सभी समस्याओं से राजा साहब को अवगत कराया। राजा राजेश्वर सिंह ने उन्हे लंच पैकेट दिये व प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया व पुनः नाव में सवार होकर वापिस आ गये। बाद में तब तक मूड़ा बुजु़र्ग के प्रधान मनोज निशाद भी खबर सुनकर पहुँचे व शेष ग्रामवासियों को साथ में लंच पैकेट वितरित किये। राजा साहब ने प्रधान जी को भी अपने स्तर पर गाँव वालों की विशेष चिंता करने को कहा। राजा साहब के आने की खबर सुनकर वहाँ से सटे श्रीरामपुरवा के लोग भी नाव द्वारा पहुँचे जिनको भी राजा साहब ने लंच पैकेट व मदद का आश्वासन दिया। उनके आवास झण्डी स्थिति गढ़ी में कई दिनों तक लंच पैकेट बनते व विभिन्न गावों में बाढ़ पीड़ितों को वितरित हो रहे हैं। राजा साहब के साथ साथ अंतरवेद भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रशेखर भार्गवए मंडल उपाध्यक्ष जयप्रकाश निगमए मंडल उपाध्यक्ष सौरभ शुक्ला ए शक्ति केंद्र संयोजक घनश्याम निगमए विजय निषाद बूथ अध्यक्षए मुरारी निशाद बूथ अध्यक्ष ए खुशीराम लोधीए रफ्त्त हुसैनए सुरेश राजपूतए नंदलाल निषादए जसवंत निषादए सर्वेश चौहान आदि तमाम कार्यकर्ताओं ने लंच वितरण किया।

# गुरू पूर्णिमा पर जगद्गुरू रामभद्राचार्य करेंगे 108 फिट की वैष्णव पताका का ध्वजारोहण

## गुरू पूर्णिमा पर तुलसी पीठ में होगा तीन दिवसीय महोत्सव ,श्री तुलसी पीठ सेवा न्यास ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**चित्रकूट।** धर्मनगरी चित्रकूट स्थित तुलसीपीठ में इस बार गुरू पूर्णिमा के पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गयी हैं। जिसके तहत तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज गुरू पूर्णिमा रविवार को सबेरे 9.30 बजे, तुलसीपीठ में 108 फिट ऊंचे वैष्णव पताका का ध्वजारोहण करेंगे।



गुरू पूर्णिमा महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों के सम्बन्ध में तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने बताया कि इस बार श्री तुलसीपीठ के पावन परिसर में गुरू पूर्णिमा एवं दीक्षा महोत्सव का आयोजन 21 से 23 जुलाई के बीच किया जाएगा। जिसमें जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज द्वारा 108 फिट की वैष्णव पताका का ध्वजा रोहण किया जाएगा। इस दौरान 1100 दीपकों द्वारा जगद्गुरू महाराज की आरती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए दिल्ली के कमल कुमार शर्मा दो ट्रक फूलों के जरिए तुलसीपीठ की सजावट करा रहे हैं। तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव में प्रतिदिन सायं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रेम प्रकाश दुबे अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## राशन कार्ड धारकों से योगी सरकार में हो रही जमकर लूटः अनुज यादव



चित्रकूट। समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने जारी एक प्रेस बयान में बताया कि राशन की दुकानों में योगी सरकार द्वारा कार्ड धारकों से 100 रुपये लेकर बेहद घटिया किस्म की फर्जी कंपनी की साबुन निरमा और चाय की पत्ती देने के नाम पर लोगों कों लूटा जा रहा है। कार्ड धारक अगर यें समान लेने से मना कर रहा तो उसको राशन नहीं दिया जा रहा। एक तरफ योगी और मोदी सरकार फ्री राशन का ढिंढोरा पीट रहे है। वहीं दूसरी तरफ सरकार 100 की जबरजस्ती वसूली कर रही है। साबुन निरमा चाय की पत्ती के नाम पर यें वसूली गांव-गांव में जारी है, गरीब राशन कार्ड धारक परेशान हैं । वहीं पूर्व में सपा शासन के दौरान कार्ड धारकों कों नि:शुल्क समाजवादी राहत पैकेट मिलता था जिसमें घी शक्कर आलू हल्दी नमक सरसों का तेल चीनी आदि समान मिलता था और यें सभी समान ब्रांडेड कंपनी का लोगों को मिलता था। समाजवादी पार्टी प्रशासन से मांग करती है कि 100 रुपये में कोटे में मिलने वाली सामग्री (निरमा,चाय की पत्ती और कपड़े और बर्तन धोने वाली साबुन) की गुणवत्ता की जांच कराई जाये और ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाये और जो कार्ड धारक 100 रुपये देने में असमर्थ है या यें सामग्री का इच्छुक नहीं है उसका खाद्यान ना रोका जाये । अगर प्रशासन हमारी मांगें नहीं मानता तो पार्टी आंदोलन के लिये बाध्य होगी।

## बहराइच में मोहर्म के दिन साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने के मामलों में 15 गिरफ्तार

बहराइच। मोहर्म के दिन ताजिया जुलूस में बवाल करने, साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने व सरेआम तलवार लहराने के दर्ज तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने शुक्रवार को 15 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) वृंदा शुक्ला ने शुक्रवार को पत्रकारों से बताया कि मोहर्म की शाम पयागपुर थाना अंतर्गत सचौली गांव में ताजिया ले जा रहे जुलूस में कुछ लोगों ने एक किसान के खेत की बैरिकेडिंग तोड़कर जुलूस निकालने की कोशिश की थी। विरोध करने पर लाठी, डंडे व लोहे की राड से चार लोगों को घायल किया था। घटना को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया था। एसपी ने बताया कि पीड़ित किसान परिवार की महिला पूनम देवी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत 50 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के संबंध में शुक्रवार को पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि बुधवार रात की दूसरी घटना जिले के नानपारा क्षेत्र की है, जहां मोहर्म के जुलूस को प्रतिबन्धित रास्ते से ले जाने का प्रयास किया।

# प्रभारी मंत्री ने विधायकगणों के साथ पौधरोपण कर दिया संदेश

- वृहद पौधारोपण अभियान के तहत रोपित हुए 30,02,351 पौधे
- डाइवर्सिटी पार्क योजना भविष्य के लिए बेहतरः जिलाधिकारी



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**राज्यमंत्री**, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास/प्रभारी मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2024 के अन्तर्गत बायो डाइवर्सिटी पार्क में पारस पीपल का पौधा रोपित कर विधि विधान एवं मंत्रोचारण के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया गया।
इस अवसर पर विधायक सदर अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी एवं विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सीडीओ जयकेश त्रिपाठी पौधा रोपित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

प्रभारी मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" थीम पर इस वर्ष उत्तर प्रदेश को हरा भरा बनाने एवं मुख्यमंत्री के एक दिन में 36.5 करोड़ पौधरोपण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उ0प्र0 सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी वृहद पौध रोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम का आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के मार्ग दर्शन पर प्रदेश के समस्त जनपदों में शुभारम्भ किया गया। उन्होंने स्वंय को जनपद संत कबीर नगर का प्रभारी मंत्री होने पर गर्व महसूस करते हुए जनपद के चौमुखी विकास में जिलाधिकारी के प्रयास के साथ-साथ जनपद के बहुआयामी विकास के पहलुओं पर उनकी बारीक समझ की सराहना करते हुए कहा कि जनपद प्रशासन जिले को सुरक्षित, व्यवस्थित, सुन्दर एवं समृद्ध बनाने कि दिशा में जिस कार्ययोजना पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के अनुकूल वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है।

हमारे लगाए गए वृक्षों का लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी उठाएगी। इसलिए समाज के प्रति हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं। विधायक सदर अंकुर राज तिवारी ने कहा कि आप सब इस देश के भविष्य है और सभी को अपने हर जन्म दिवस पर उम्र के बराबर संख्या में वृक्षारोपण करें, जिससे हर वर्ष काटे जाने वाले वृक्षों से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण हो सकें और हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुन्दर एवं स्वस्थ पर्यावरण दे सकें। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को जनपद के विकास में उनकी भूमिका सहित बायो डाइवर्सिटी पार्क जैसे कॉन्सेप्ट को लाने पर उनकी सराहना किया। विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने वृक्ष को जीवन के लिए प्रकृति का उपहार बताते हुए कहा कि वृक्षों के कारण ही पृथ्वी पर जीवन सुरक्षित है।

हम सभी को वृक्षों की महत्ता एवं उपयोगिता को समझते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान ने इस अवसर पर जनपद को हरा-भरा, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु जनपद वासियों से अधिक से अधिक वृक्षरोपण करने की अपील किया।

जिलाधिकारी ने सम्बोधित कर सभी को पौधरोपण के लिए अपील किया। मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल/शासन से नामित नोडल अफसर अखिलेश सिंह ने एडीएम जय प्रकाश के साथ विकास खण्ड मेंहदावल में बहोदरा बाबा ब्रम्ह्स्थान पर पहुँच कर पीपल का पौधा रोपित किया। सीएमओ डा0 रामानुज कन्नौजिया, डीएफ्ओ अशोक कुमार सिंह सहित सभ्रानत नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्रायें उपस्थित रही।

# जनप्रतिनिधि व अन्य अधिकारियों ने वृहद वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** अमेठी



**आज** वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत मरौचा तेतारपुर में पौधारोपण कर वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसामान्य से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने तथा उसकी देखभाल करने की अपील किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को आम के पौधों का वितरण किया एवं छात्र-छात्राओं से अपील किया कि इसे अपने घर के आसपास लगाएं और इसकी नियमित देखभाल भी करें।

बताते चले की वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद अमेठी को शासन द्वारा 4617752 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष आज वन विभाग सहित 21 विभागों द्वारा प्रातः 6 बजे से सायं 6 तक निर्धारित लक्ष्य 4617752 के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जन सामान्य मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 87 लोगों ने कराया अपना परीक्षण




**गोंडा।** श्री हरि नारायण साईं मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट, गोंडा द्वारा संचालित हरिनारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लिनिक में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के अनुभवी चिकित्सकों डॉक्टर अनिल, डॉक्टर सूर्यकांत तथा उनकी नर्सिंग टीम के अंकित, शिवम तथा सौम्य तिवारी एडमिन ने 87 मरीजो का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिए।

मुख्य ट्रस्टी संजय जयसवाल एडवोकेट ने बताया कि अब यह शिविर प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को आयोजित होता रहेगा। शिविर के आयोजन में ट्रस्ट के संरक्षक डॉक्टर ओंकार पाठक, के एल भारद्वाज एडवोकेट आयकर, अभिषेक जायसवाल छोटू, डॉक्टर अतुल मिश्रा, डॉक्टर फारूक सगीर, डाक्टर राजेश श्रीवास्तव, डॉक्टर आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉक्टर आशा पाठक, वेद प्रकाश तिवारी एडवोकेट, अमन जायसवाल, हर्ष जायसवाल, रजत जायसवाल, आशीष, टोनी आदि की खास भूमिका रही। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय , एआरओ रविंद्र सिंह, एस एन सिंह, अवधेश चतुर्वेदी, शरद पाठक बब्लू, जॉइंट कमिश्नर व्यापार कर से.नि.भूपाल बहादुर सिंह मौजूद थे।

# प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण जन अभियान के तहत वृक्षारोपण का शुभारंभ

**संवाददाता।** अयोध्या



**'एक पेड़ मां के नाम'** वृक्षारोपण जन अभियान 2024 के तहत आज जनपद के प्रभारी मंत्री/ कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सूर्यप्रताप शाही द्वारा विरासत वृक्ष वाटिका में पौधारोपण कर वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ मिल्कीपुर तहसील के ग्रामसभा सहुलारा में फीता काटकर पूरे विधि विधान के साथ पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर मा0 कृषि मंत्री जी के साथ साथ मा0 विधायक रूदौली श्री रामचन्द्र यादव, जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री ऋषिराज, जिलाध्यक्ष श्री संजीव सिंह, कामाख्या धाम के चेयरमैन श्री शीतला प्रसाद शुक्ल, प्रभागीय वनाधिकारी श्री प्रणव जैन, प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर नमामि गंगे के डा0 के कोरांगो, वन संरक्षक श्री समीर कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं ग्राम प्रधानों व ग्रामवासियों द्वारा बरगद, नीम, पीपल, आंवला आदि का पौधा रोपण किया गया। इसी के साथ एक पेड़ मां के नाम महा अभियान के तहत मातृ वन का निर्माण डाभासेमर अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास किया जायेगा।

कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही ने आज एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण जन अभियान 2024 के तहत स्वयं पौधा रोपण करने के साथ साथ वहां उपस्थित सभी अधिकारियों, ग्रामवासियों, महिलाओं व बच्चों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए विरासत वृक्ष वाटिका में प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि विरासत वाटिका के माध्यम से हम अपने पेड़ों की विरासत और अपने पूर्वजों की विरासत को जोड़कर अभियान को सफल बनाने का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहनीय सोच की हम सब अपने मां से अत्यंत प्रेम करते हुये तो उनके नाम पर प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाने का आहवान किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि विरासत वाटिका की स्थापना का मुख्य उद्देश्य केवल वृक्ष लगाना नही है बल्कि जिस प्रकार हम सबको विरासत में अपने पूर्वजों से जमीन, जायदाद आदि मूल्यवान चीजें प्राप्त होती है उसी प्रकार इस विरासत वृक्ष वाटिका के माध्यम से हम अपने आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति का एक मूल्यवान विरासत देने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष कोरोना काल के दौरान आक्सीजन की भारी कमी का सामना करना पड़ा था ऐसा हमारे बच्चों को समस्या न हों इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने किसी भी परिजन के नाम से एक पौधा अवश्य लगाये और उसको पाल पोषकर, सींचकर एक वृद्ध वृक्ष में बड़ा करें, क्योंकि वृक्षों के माध्यम से प्रकृति द्वारा हमें आपार आक्सीजन की मात्रा प्राप्त होती है।

# हिंसात्मक कृषि छोड़ें, प्राकृतिक खेती करें किसानः आचार्य देवव्रत




**मिल्कीपुर, अयोध्या।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि यह कृषि विश्वविद्यालय पूरे देश में नंबर वन विवि बन गया है। हमनें बहुत विवि देखे लेकिन यह विश्वविद्यालय पूरी तरह से जीवंत है। इस मौके पर उन्होंने कुलपति के साथ-साथ कृषि मंत्री के कार्यों को जमकर सराहा। 40 साल पहले कैंसर, सुगर और ब्लडप्रेशर जैसी बीमारी नहीं थी लेकिन आज के समय में हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि आज की कृषि प्रणाली हिंसात्मक हो गई है जो मनुष्यों की जिंदगी को धीरे-धीरे निगल रही है। उन्होंने कहा कि अपने देश में किसान भाईयों को डीएपी, यूरिया आदि रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बंद कर प्राकृतिक और जैविक खेती का रास्ता अपनाना होगा। अगर 10 साल के बच्चे को कैंसर हो रहा है तो उसका मुख्य कारण आहार है और उसके जिम्मेदार भी हम हैं। राज्यपाल ने कहा कि यूरोप और अमेरिका में हमारे सैंपल फेल हो जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका में लोग धान की खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें सही समय पर चेतने की जरूरत है।

यूएनओ के रिपोर्ट के मुताबिक 40 से 50 साल में विश्व की धरती फर्श हो जाएगी और किसी अनाज की पैदावार नहीं हो सकेगी। राज्यपाल ने कहा कि केंचुआ धरती को उपजाऊ बनाने का कार्य करता है लेकिन किसान अधिक उपज पैदा करने के चक्कर में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर इन्हें मारने का कार्य कर रहे हैं। यूरिया में 46त्न मात्रा नमक की होती है। धरती का आर्गेनिक कार्बन 0.6 हो गया है। जमीनें बंजर हो चुकी हैं। खाना, पानी और हवा सबको अशुद्ध करने में हम ही जिम्मेदार हैं। आगे भी यही हालत रही तो आने वाले समय में इंसान बच्चे तक नहीं पैदा कर पाएगा। उन्होंने कहा कि जैविक एवं रासायनिक खेती में खर्च आएगा लेकिन प्राकृतिक खेती करने के लिए बाजार से कुछ भी नहीं खरीदना है। घर में देशी गाय से हम प्राकृतिक खेती को कर सकते हैं। गाय के एक ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ तक जीवाणु होते हैं और छुट्टा जानवरों में इनकी संख्या और अधिक हो जाती है। किसान अगर जैविक खेती करते हैं तो तीन वर्ष के बाद किसानों को अधिक उत्पादन मिलना शुरू हो जायेगा। इस दौरान उन्होंने विवि में चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान की उन्होंने जमकर सराहना की।

वे शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में प्राकृतिक खेती पर आयोजित परामर्श संगोष्ठी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का शुभारंभ सभी अतिथियों ने जल भरो कार्यक्रम के साथ किया। छात्राओं ने विश्वविद्यालय कुलगीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि देशभर में यह पहला विश्वविद्यालय है जिसने एक ही बार में नैक मूल्यांकन में ++ ग्रेड प्राप्त किया है।

आज से कुछ समय पहले प्राकृतिक खेती के कारण हमारा देश सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। हमारे देश में काफी धन संपदा थी और प्राकृतिक उत्पाद विदेशों में जाता रहा। शाही ने कहा कि आज पोषणयुक्त अनाज नहीं खाने से मनुष्य कैंसर, सुगर, थायराइड जैसी कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो रहा है।

# मतदाता कांग्रेस के झूठे प्रलोभनों से रहें होशियारः बुद्धीलाल

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली

**सरेनी** विधानसभा क्षेत्र के लालगंज विकासखंड सभागार में मतदाता अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकारों ने ऐतिहासिक कार्य कर जनता को विकास के राह पर अग्रसर किया है। मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए उन्हे अब कांग्रेस के झूठे प्रलोभनों से होशियार रहने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ही राष्ट्र और जनता का भला कर सकती है। हमारी सरकारों का लक्ष्य समाज सेवा होता है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र को मजबूत बना सकता है और मतदाता ही लोकतंत्र की रीढ़ है। हार के बावजूद लोकसभा के तीन लाख मतदाता भाजपा के साथ है, जिनका हम अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सदैव जमीनी स्तर पर बिना किसी लोभ के काम किया है। भाजपा ही राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जा सकती है। पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी व देश को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह ,आनंद रस्तोगी, मुकेश श्रीवास्तव, शिवेंद्र सिंह, जगन्नाथ पांडे ,दिवाकर मिश्रा, कैलाश बाजपेई, ब्रह्मेंद्र विक्रम सिंह, राजन अवस्थी ,सतीश पटवा ,संतोष सिंह, दिनेश दीक्षित, सुनील मिश्रा, रिंकू बाजपेई ,राजेश निर्मल, बीके सिंह ,नवल मौर्य, बबलू पांडे ,बृजेंद्र सिंह ,बाबू तिवारी ,मंटू वाजपेई ,संजय बाजपेई ,सुशील दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## आरेडिका महाप्रबंधक ने किया कालोनियों का निरीक्षण

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में टाइप-2 एवं टाइप 3 क्वार्टर के पार्कों में बच्चों की खेलकूद तथा व्यायाम सुविधाओं के विस्तार का महाप्रबंधक पी के मिश्रा ने निरीक्षण किया।जीएम पी के मिश्रा की प्रेरणा से क्वार्टर में किचन कैबिनेट एवं वार्डरोब लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत टाइप 2 एवम टाइप 3 के ब्लॉक को मॉडल ब्लॉक के रूप में डेवलप किया गया। निरीक्षण के दौरान जीएम ने टाइप 2 में बने कम्यूनिटी शेड को भी देखा तथा इसके आस पास सौन्दर्यीकरण तथा अन्य सुविधावों के विकास के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, सिविल विभाग, विद्युत विभाग, एवं सामान्य प्रशासन के अधिकारी, तथा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## घर में सो रहे वृद्ध की हुई धारदार हथियार से हत्या

**गोंडा।** जनपद के थाना कोतवाली मनकापुर अंतर्गत एक गांव में घर के अंदर सो रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की सुबह लाश मिलने से हड़कंभ मच गया। ग्रामीणों ने बताया की वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। वहीं घटना को पुलिस संदिग्ध मानकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायसवाल ने फोरेंसिक टीम के साथ जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज रावत ने बताया गया कि थाना कोतवाली मनकापुर के भरहु भट्ठा निवासी 77 वर्षीय पाटेश्वरी चौहान पुत्र संतोषी चौहान की मृत्यु के संबंध में मनकापुर पुलिस को दोपहर 1:00 बजे सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो वहां पर उसके गले व सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिस पर पुलिस ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए शव को पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 117 वां स्थापना दिवस



**संतकबीरनगर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के 117 वें स्थापना दिवस पर एक सदी की अनवरत सेवा के दौरान विकास, वृद्धि और स्थाई विश्वास की यात्रा का जस्न मना रहा है। इस अवसर पर बैंक के खलीलाबाद शाखा प्रबंधक बजरंग कुमार गुप्ता द्वारा बैंक के सभी सम्मानित ग्राहकों तथा शहर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं गई। बैंक द्वारा गो ग्रीन एवं सेव अर्थ के तहत थाना कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक श्री सतीश कुमार सिंह एवं शाखा प्रबंधक श्री बजरंग कुमार गुप्ता द्वारा वृक्षा रोपड़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात इसी क्रम में हीरा लाल इंटर कॉलेज में बैंक के सभी कर्मचारियों द्वारा भी वृक्षा रोपड़ किया गया एवम शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक की विभिन्न सुविधाओं तथा सेवाओ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा सभी निष्ठावान ग्राहकों, निवेशको और हितधारकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने बैंक की इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक के साथ उप शाखा प्रबंधक धरमवीर कुमार, अधिकारी आशीष वर्मा, निहारिका जायसवाल तथा शिवांगी शर्मा भी उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में श्रद्धापूर्वक मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**संवाददाता।** रायबरेली




**न्यू** स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में गुरु और शिष्य के पवित्र सम्बंध का प्रतिबिंब गुरू पूर्णिमा का त्योहार बड़ी ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया।

विद्यालय की छात्रा अलंकृता, वैष्णवी और अदिति ने 'गुरूर्ब्रम्हा गुरूर्विष्णु गुरूर्देवो महेश्वरः। गुरू साक्षात परं ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः' श्लोक के साथ विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा का उद्देश्य बताया।उन्होंने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना ही हमारी गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा है। गुरु हमे ज्ञान का मार्ग दिखातें हैं और जीवन मे सफ्लता प्राप्त करने में हमारी मदद करते हैं। गुरु पूर्णिमा ज्ञान का प्रतीक है। इस दिन हम गुरुओं से ज्ञान प्राप्त करने का संकल्प लेते हैं और जीवन मे सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का वचन देते हैं। यह दिन आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस दिन हम अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करके मोक्ष के मार्ग ओर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। विद्यालय के शिक्षक रामकिशोर ने बताया कि गुरु पूर्णिमा हमारे जीवन मे सांसारिक और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश करने वाले गुरु के सम्मान में मनाई जाती है। यह त्योहार महाभारत जैसे ग्रंथ के रचयिता और चारों वेदों के ज्ञानी महर्षि वेद व्यास के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है। आज का दिन गुरू और शिष्य के बीच पवित्र संबंध का सम्मान करने का दिन है। गुरू के बिना ज्ञान की प्राप्ति संभव नही है फ्रि चाहे वह सांसारिक ज्ञान हो या फ्रि आध्यात्मिक।गुरु ही हमारे जीवन मे अंधकार को मिटा कर ज्ञान रुपी प्रकाश प्रज्वलित करता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए बताया कि हमारे जीवन मे गुरू का विशेष महत्व है गुरु के बिना जीवन से अज्ञानता का अंधकार दूर नही हो सकता। जीवन के प्रत्येक मोड़ पर गुरु ही हमारा मार्गदर्शक होता है और किसी से भी मिलने वाले सकारात्मक ज्ञान को ग्रहण करना हमे एक सफ्ल शिष्य की श्रेणी में लाता है इसलिए ज्ञान कंही से भी मिले उसे ग्रहण करना चाहिए।

# एडीएम प्रशासन ने एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत किया वृक्षारोपण

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री की शुरू की गई मुहिम एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी ने शहर की बेलीगंज में स्थित कंपोजिट स्कूल बेलीगंज में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत किया। वृक्षारोपण अभियान में आज जिले में 52 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वृक्षारोपण अभियान में एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल ने अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाया और उसको संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आज जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है भीषण गर्मी से लोगों को गंभीर बीमारियों का प्रभाव हमारे जीवन पर पढ़ रहा है उससे बचाव का सिर्फ एक ही तरीका है। सभी लोग एक पेड़ जरूर लगाए। जून में भीषण गर्मी, तपिश और परेशानी झेलकर आम जनमानस त्राहिमाम कर गया था। हम मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण करके आने वाली पीढियां को सुरक्षित और संरक्षित कर सकते हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कक्षा 1 और कक्षा 2 के बच्चों को की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया स्थापना दिवस

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** बैंक ऑफ बड़ौदा के 117वे स्थापना दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा मुसाफिरखाना के शाखा प्रबंधक ने स्थानीय विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर में वृक्षारोपण किया और छात्र छात्राओं को भेंट गिफ्ट भेंट किया। शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर में वृक्षारोपण करते हुए शाखा प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का मूल आधार है और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ ही जीवन के लिए आक्सीजन देते है।उन्होंने छात्र छात्राओं को पुरस्कार देते हुए कहा कि नौनिहालों के भविष्य की बेहतर तरीके से संवार कर विकसित व समृद्धि राष्ट्र की संकल्प को साकार किया जा सकता है।

# प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण अभियान में एक पेड़ मां के नाम का दिया संदेश

**संवाददाता।** रायबरेली



**वृक्षारोपण** जन अभियान के दृष्टिगत प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने महानंदपुर स्थित मियावाकि पार्क में नोडल अधिकारी डॉ पिंकी जोवेल, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ हरिशंकरी का पौधा लगाकर उपस्थित लोगों को पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई।

इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनिश्चित होगा। कोरोना काल के बाद यह और भी आवश्यक हो गया है कि धरती माता की हरितमा को बचाए रखा जाए। इसके लिए सरकार द्वारा 36 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि पर्यावरण सुंदर और सुरक्षित रहे। उन्होंने उपस्थित जनता,स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आंगनबाड़ी बहनों को सहजन के पौधे वितरित करते हुए कहा कि इसके औषधि गुण के बारे में वह अन्य महिलाओं को भी बताएं।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी/सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा डॉ पिंकी जोवेल ने भी बताया कि वृक्षारोपण से आर्थिक लाभ के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। उन्होंने बताया कि जिन प्रदेशों में वृक्ष अधिक लगे हैं वहां का तापमान अन्य स्थानों से 5 से 6 डिग्री सेंटीग्रेड काम रहता है।

वर्तमान समय में बढ़ते तापमान को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनको संरक्षित करें। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों की देखभाल करती है और बच्चा बड़े होने के बाद अपनी मां की देखभाल करता है। ठीक उसी प्रकार हम सब को भी अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और अपने बच्चों की तरह उनका लालन पोषण करना चाहिए। यही पौधे वृक्ष बनाकर कल हमारे आने वाले पीढ़ियों की रक्षा करेंगे।

# डिप्टी सीएम ने फतेहपुर रोशनाई के मजरा बंजारी ताल में किया पौधरोपण

**● जनपद में रोपे गये 61 लाख से अधिक पौधे**

**● उप मुख्यमंत्री ने हरिशंकरी (पीपल, बरगदए पकड़) का विधिवत पूजन कर किया रोपण ●उप मुख्यमंत्री ने छात्र छात्राओं, महिलाओं आदि को वितरित किए फलदार वृक्ष ●उप मुख्यमंत्री ने आमजन से एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु की अपील**



**कानपुर देहात।** आज 20.07.2024 जनपद कानपुर देहात के वृहद वृक्षारोपण के सम्पन्न हुये कार्यक्रम में बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वन विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से स्थापित ग्राम वन में हरिशंकरी (पीपल, बरगद एवं पाकड़) का विधिवत पूजन के साथ रोपण किया गया। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री जी द्वारा विशाल जन सभा को भी इस वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य में योगदान करने तथा माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के एक पेड़ मां के नाम आह्वान को सफल बनाने हेतु उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी सस्थानों, छात्र.छात्राओं एवं किसान भाइयों से अपील की गई। विश्वभर में जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इन सबके निदान हेतु पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ एवं पर्यावरण बचाओ के नारे को साकार करने हेतु प्रदेश सरकार की विगत पाँच वर्षों में किये गये पौधरोपण और उससे वनावरण में हो रही वृद्धि पर वृक्षारोपण महाभियान में जुडे विभागों को इस वर्ष और विशेष प्रयास करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री द्वारा कई छात्र.छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को 500 फलदार पौधों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन की पृष्ठभूमि में प्रभागीय वनाधिकारी एके द्विवेदी द्वारा जनपद में हो रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों और उसके महत्व को बताया गया। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में यह बताया कि आज ही के दिन शासन द्वारा आवंटित 6190645 पौधों का रोपण विभिन्न 25 विभाग मिलकर विभिन्न स्थलों पर किया जा रहा है जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, विद्यार्थियों, सभी स्वयं सेवी संस्थाओं एवं कृषकों की जन सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री के अतिरिक्त देवेन्द्र सिंह भोले माननीय सांसद, अकबरपुर द्वारा पीपल का पौधा तथा ब्लाक प्रमुख सरवनखेड़ा व विभिन्न जन प्रतिनिधियों के साथ कृष्ण कुमार सिंह मुख्य वन संरक्षक कानपुर मण्डल, डीएम आलोक सिंह, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, एडीएम प्रशासन, एसडीएम, अकबरपुर, परियोजना निदेशक वीरेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपण करते हुये प्रतिभाग किया गया। शासन स्तर से नामित इस जनपद के नोडल अधिकारी के रूप में अमित गुप्ता, मण्डलायुक्त कानपुर द्वारा इस स्थल पर रूद्राक्ष का पौधारोपण किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे रोपण कार्यों का निरीक्षण किया गया। राजस्व विभाग के रसूलपुर, गोगामऊ, गजनेर, डिडौलिया बांगर, दौलतपुर स्टेडियम, कृषि विभाग द्वारा हिम्मापुरवा, कुईत खेड़ा, शिक्षा विभाग द्वारा चौरा, उद्यान विभाग द्वारा स्थापित आलमचन्द्रपुर पौधशाला, ग्राम्य विकास द्वारा गौरियापुर में किये जा रहे वृक्षारोपण का निरीक्षण किया गया।

# मण्डलायुक्त ने विभिन्न स्थानों पर किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण पर दिया संदेश

**कानपुर देहात।** कानपुर मण्डलए मण्डलायुक्त/ नोडल अधिकारी वृक्षारोपण अमित गुप्ता द्वारा जनपद में हो रहे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। आयुक्त महोदय विभिन्न विभागों द्वारा करायें जा रहे पौध रोपण का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधों के संवर्धन, संरक्षण पर विशेष बल देने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया।

मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान चल रहा हैए इस अभियान के अन्तर्गत लगाये जा रहे पौधों की जिओ टैगिंग व अन्य सम्बन्धित कार्य समय अन्तर्गत करायें जायें। सभी अधिकारियों को किए गए पौधरोपण की नियमित निगरानी करायें जाने के भी निर्देश दिये। आयुक्त द्वारा कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम्य विकास द्वारा कराये जा रहे पौधरोपण, गजनेर, हिम्मापुरवा, प्राथमिक विद्यालय चौरा, आमचन्द्रपुर, गौरियापुर आदि स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयुक्त महोदय द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में बने कन्ट्रोल रूम को भी देखा गया। उन्होंने कन्ट्रोल रूम में उपस्थित अधिकारियों को जनपद में प्रत्येक घण्टे की जा रही वृक्षारोपण से सम्बन्धित कार्यवाहियों की निगरानी के साथ पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिये। आयुक्त महोदय द्वारा वृक्ष भण्डारा के अन्तर्गत किसानों, छात्र-छात्राओं, आमजन आदि को पौध भी वितरित किया गया। उन्होंने ग्रामीणजनों से वार्ता करते हुए कहा कि जो भी वृक्ष आपको दिये जा रहे है उन्हें लगाकर संरक्षित करें। उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वृक्षों के बड़े होने पर उनके फल हमें भी चखायें।



विभिन्न स्थानों पर हो रहे पौधरोपण का निरीक्षण करए देखभाल करने पर दिया जोर

# सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निरंतर होगी निगरानी



जलेसर गंगाघाट पर निरीक्षण करते एसपी।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** गुरु पूर्णिमा पर्व एवं श्रावण मास के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के स्नान को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जलेसर घाट का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व एवं श्रावण मास के दृष्टिगत जलेसर घाट पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगायी गयीं हैं। खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टरवाइज बाँटकर सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया है। स्नान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मार्गो तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पीएसी को तैनात किया गया है।

# प्रकृति हमारी मां को बचाने के लिए हम सबको एक-एक पेड़ आवशय लगाना चाहिएः उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**प्रदेश** के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रकृति हमारी मां है, इसे बचाने के लिए, मां के नाम पर हम सबको एक एक पेड़ का रोपण अवश्य करना चाहिए।श्री उपाध्याय ने आज शनिवार को फर्रुखाबाद शहर समीपवर्ती रमन्ना गुलजारबाग में पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ ,वृक्षारोपण जन अभियान 2024 एक पेड़ मां के नाम के तहत स्वयं वृक्षारोपण कर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर 36.26 पौधों का रोपण किया जा रहा है क्योंकि मानव जीवन में वृक्षारोपण बहुत उपयोगी है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी मां है और हमें अगर अपना कल बचाना है तो हमें प्रकृति को बचाना होगा। प्रकृति को बचाने के लिए हम सभी को एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरूर लगाना चाहिए। श्री उपाध्याय का दावा है कि पेड़ों द्वारा कार्बन डाईऑक्साइड का अवशोषण कर उसे ऑक्सीजन में परिवर्तित करके हमें लाभ पहुंचाते हैं।



इस कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य , विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग राजेश कुमार, मुख्य वन संरक्षक कानपुर पश्चिम एन रविंद्र, जिला अधिकारी डॉ वी के सिंह, सीडीओ अरविंद कुमार,, प्रभागीय निदेशक वानिकी प्रशिक्षण संस्थान कानपुर श्रद्धा यादव व नगर मजिस्ट्रेट एवं जिले के विभिन्न पार्कों, स्कूल, तहसील आदि के 26 विभागों की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआकार्यक्रम का संचालन उप प्रभागीय निदेशक ओमप्रकाश द्वारा किया गया। इसके अलावा जिले के खंड विकास मोहम्मदाबाद के ग्राम दुल्लामई में नोडल अधिकारी आयुक्त एवं निदेशक उद्योग राजेश कुमार की अध्यक्षता में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## समस्याओं का निराकरण नहीं तो प्रधानाचार्य करेंगे आंदोलन

**पुखरायां, कानपुर देहात।** जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर कानपुर देहात में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद् की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की ज्वलंत समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। समस्याओं का निराकरण न होने पर उपस्थित सदस्यों ने आन्दोलन की धमकी भी दी। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेशीय संरक्षक रविशंकर तिवारी ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यो का प्रबंध समितियां एवं जिला के उच्च अधिकारी उत्पीड़न कर रहे हैं। जिसके लिए प्रधानाचार्य परिषद संघर्ष करेगी। समस्याएं अवगत कराते हुए प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ .इंद्र भूषण सिंह पटेल ने बताया कि पटेल इंटर कॉलेज बरौर में अव्यस्थाओं का बोलबाला है। यहां पर प्रबंध समिति की तानाशाही चल रही है। मौजूदा प्रबंधक ने यहां के प्रधानाचार्य अवधेश सिंह को अकारण ही अवैधानिक रूप से सस्पेंड कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### ट्रांसफार्मर के तार जोड़ रहा छात्र की करंट से मौत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के सैदपुर गांव में तीन दिनों से ट्रांसफार्मर फूंका होने पर दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़ रहे बीए दिवतीय के छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को ले गए। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है। सैदपुर गांव निवासी श्याम करन ने बताया कि उसके इलाके का ट्रांसफार्मर बीते तीन दिनों से फूंका था। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया दिया था। लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला। शनिवार की दोपहर उमस भरी गर्मी को लेकर उसका इकलौता पुत्र 19 वर्षीय विक्रम घर से 300 मीटर की दूरी पर रखा दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़ने लगा। तभी करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक चंद्रशेखर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय का छात्र था। सूचना पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र ने सीएचसी में पहुंच स्वजनों से घटना की जानकारी ली। इस संबंध में विद्युत जेई बीके पांडेय ने बताया कि लोहे की सीढ़ी लगाकर लाइन जोड़ रहा था। उसने कोई भी लाइन मैन को सुचित नहीं किया है। शनिवार को गांव का ट्रांसफार्मर बदलना था।

### डायरिया से कक्षा आठ की छात्रा की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** डायरिया की चपेट में आने से कक्षा आठ की छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही देखने वालों का घर में तांता लगने लगा। कस्बा कुम्हरौडा मोहल्ला निवासी हर्षिता 13 वर्ष पुत्री मुरलीधर को उल्टी दस्त आने पर परिजनों ने आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।भाई प्रांशु ने बताया की उल्टी दस्त हो रही थी जिसको सरकारी अस्पताल लेकर गए डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर रजत रंजन तिवारी ने बताया की परिजन इसके पूर्व किसी प्राइवेट चिकित्सक के यहां दिखाया है हालत गंभीर होने पर सरकारी अस्पताल लेकर आए तब तक मौत हो चुकी थी।

### आग से हजारों का नुकसान

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव में एक युवक के घर में शुक्रवार की मध्य रात अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे युवक को लाखों रूपये का नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव अरतरा के राजकुमार वर्मा पुत्र राम आसरे का घर नवीन प्राथमिक विद्यालय के पास है जो अपने मकान में गल्ला का मंडा ;गोदामद्ध लगाए था तथा उसी मंडा में गल्ला के ऊपर भूसा भी भरे था तभी शुक्रवार की मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उसके मंडे में रखा भूसा सहित अनाज धू धूकर जलने लगाए जब तक आग बुझाने को लोग वहां पहुंचे तब तक वहां रखा पूरा गल्ला जलकर राख हो चुका था। वहीं आग लगने से राजकुमार को लाखों रूपये का नुकसान पहुंचा है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार सेना के जवान की हुई मौत

**बिंदकी (फतेहपुर)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सेना के जवान की दर्दनाक मौत हो गई। जीवित रहने की आशा पर इलाज के लिए आर्मी हॉस्पिटल कानपुर ले जाया गया, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सेना का जवान 01 माह की छुट्टी में आया था। शुक्रवार की रात थाना चांदपुर क्षेत्र के अंतर्गत सठिगवा गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सेना के जवान विजय प्रताप सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम पूरेदान थाना जाफरगंज की दर्दनाक मौत हो गई। जीवित रहने की आशा पर कानपुर के आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया जहा पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उसे शनिवार को वापस जाना था।

### मुठभेड़ में बालिका से दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा गया

**फर्रुखाबाद।** शादी समारोह में आई बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया, मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली भी लगी हैस उसे सीएससी में भर्ती किया गयास कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के राधे-राधे गेस्ट हाउस में बीते 11 जुलाई को शादी समारोह में शामिल होने आई 4 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना की गई थीस उसके जेवरात भी गायब थेस मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। देर शाम एसओजी टीम, सर्विलांस व थाना पुलिस के संयुक्त प्रयास से 25 हजार के ईनामी आरोपी डब्लू पुत्र राम लडैते शर्मा निवासी दया नगला मोहम्मदाबाद को मुठभेड़ में पखना रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके पास से बालिका के लूटे गये एक जोड़ी तोड़िया व चांदी का लॉकिट बरामद किया है। आरोपी पर आधा दर्जन मुकदमें हैं । सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने बताया आरोपी को दौरान मुठभेड़ गिरफ्तार किया गया है।

# बृक्षारोपण अभियान में निकायों व कारागार में रोपें पौधे

**● नौनिहालों की जीवन रक्षा के लिये पौधरोपण बेहद जरूरी है**



जिला कारागार में पौधरोपण करते अधीक्षक, समधन व तालग्राम में ईओ।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** वृक्षारोपण अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कारागार सहित नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत समधन व तालग्राम में अधिसाषी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की मौजूदगी में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रापित किये गये। नौनिहालों की जीवन रक्षा के लिये पौधरोपण बेहद जरूरी है। शनिवार को जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के नेतृत्व में जिला कारागार में क्लीन जेल एण्ड ग्रीन जेल के तहत कारागार परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अधिकारियो/कर्मचारियों एवं बंदियों के साथ कारागार परिसर में 100 छायादार/फलदार पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, फार्मासिस्ट रामबिहारी, सहायक शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार आदि मौजूद रहे। स्थानीय नपाप में अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित नें कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में फलदार व छायादार आदि पौधों का रोपण कर नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की अपील की।प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे। समधन नगर पंचायत समधन में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह नें पंचायत कर्मियों, नागरिकों व जनप्रतिनिधियों एवं सभासदों के साथ अभियान में भागीदारी कर वृक्षारोपण किया गया एवं बच्चों को एक पौधा मां के नाम वितरण किया गया। नगर पंचायत तालग्राम में चेयरमैन प्रतिनिधि शाहनवाज़ खान उर्फ़ शानू नें कर्मियों, नागरिकों व सभासदों के साथ अभियान में भागीदारी कर वृक्षारोपण किया गया।

# एक पेड़ मां के नामः प्रभारी मंत्री समेत अधिकारियों ने भिटौरा घाट में रोपे पौधे

**● पौधे रोपित कर उसका संरक्षण भी अवश्य करेंः राकेश सचान ●स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बांटे पौधे, पर्यावरण संरक्षण पर जोर**



**फतेहपुर।** वृक्षारोपण जन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की थीम पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सचान, विधायक अयाहशाह विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, विज्ञानानंन्द सरस्वती के साथ ही जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, सीडीओ, एडीएम की उपस्थिति में चिन्हित स्थान विकास खंड भिटौरा के ओमघाट परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस में मंत्री ने सलामी ली। मंत्री ने कहा कि जनपद में 51.5 लाख का लक्ष्य पौधरोपण के लिए आवंटित किया गया है जिसको शत प्रतिशत पौधरोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि पौधो का हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है इसलिए एक पौधा अवश्य लगायें। इसका संरक्षण भी करें जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जनमानस को जोड़ा जाए और सभी का दायित्व है कि लगाये गये पौधे का संरक्षण/देखभाल अवश्य करें। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि पौधे की निगरानी करें। साथ ही समय-समय पर इसकी समीक्षा करते रहे। पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड आवश्यकतानुसार लगाए जाएं इसके लिए उद्यमियों एवं स्वयंसेवी सगठनों संभ्रात नागरिको से सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत ही अहम योगदान है क्योंकि बिना स्वच्छ वातावरण के स्वस्थ्य होना संभव नही है इसलिए पौधरोपण अवश्य करे।

# वृक्षारोपण जनांदोलन का आगाज, एक दिन में 96 लाख से ज्यादा पौधे रोपने का रिकॉर्ड

**● पौधरोपण से हुआ जनपद की धरा का श्रृंगार, दिखा सामाजिक सहभागिता का असर ●वृक्ष प्रकृति के अनमोल रत्न, इनकी रक्षा हम सबका दायित्वः सहकारिता मंत्री**

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार सुबह जिले में पौधरोपण जन आंदोलन 2024 का आगाज हुआ। इस दौरान सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर की अगुवाई, नोडल अधिकारी और महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) किंजल सिंह की देखरेख] डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के कुशल निर्देशन में वन एवं वन्यजीव विभाग और अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया। जनपद मे 96 लाख 18 हजार 609 पौधे रोपने का रिकॉर्ड बना। जिलेभर में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसमें सरकारी विभाग, समाजसेवी संगठन, शैक्षणिक संगठनों समेत जागरूक वर्ग ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। लोगों ने पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा व देखरेख का संकल्प लिया। शनिवार को तहसील सदर, ब्लॉक नकहा की बी.पैक्स लखपेडागंज में वृहद वृक्षारोपण का भव्य कार्यक्रम का सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने शुभारंभ किया। इस दौरान सहकारिता मंत्री ने विधायक योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार संग फलदार, छायादार, औषधीय पौध का रोपण किया।

## कबीना मंत्री ने दिखाई पौध वितरण रथ को हरी झंडी, किया रवाना

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह संग बी.पैक्स लखपेडागंज परिसर से सहकारिता पौध वितरण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ संजय विश्वाल मौजूद रहे।

## गोशाला बेडनापुर हुआ कार्यक्रम, लाभार्थियों को मंत्री ने बाते सहजन के पौधे

इसके बाद सहकारिता मंत्री का काफिला अस्थाई गो आश्रय स्थल बेडनापुर पहुंचाए जहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 10 लाभार्थियों को सहजन का पौधा प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि सभी माता.बहनों का अभिनंदन करता हूं कि आप सबने बड़ी सहभागिता से इस वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया है। आह्वाहन किया एक पेड़ मां के नामए माता जी एक पेड़ बच्चों के नाम से अवश्य लगाए। इस पेड़ को लगाना भी हैए बचाना भी है और फिर इसके माध्यम से अपने पर्यावरण को संरक्षित करना है। जैसे.जैसे बच्चे आगे बढ़ेंगे, वैसे पेड़ भी आगे बढ़ेंगे। माताएं जो जिम्मा अपने हाथों में लेती है वह पूर्णता को प्राप्त करता है।



सहकारिता मंत्री ने एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया। पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में संभव हुई है। मुख्यमंत्री की अपील को प्रदेश की जनता ने सर.माथे पर लिया और प्रदेश में इतने वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर इतिहास रचने का कार्य किया गया है। सीएम योगी जी के नेतृत्व में वृक्षारोपण जन अभियान.2024श् के अंतर्गत प्रदेश में एक दिन में 36ण्50 करोड़ पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ हो गया है। इसी कड़ी में हरियाली से समृद्ध जनपद खीरी 96 लाख 18 हजार 609 पौधे रोपने का रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का श्रृंगार है। हरियाली लानेए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। प्राचीन ग्रन्थों मे वृक्ष को जीवन दायिनी माना गया हैए वृक्षों से पर्यावरण की सुरक्षा होती है इसलिए हमे अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा करनी चाहिए। हम अपनी पूर्व पीढ़ी द्वारा लगाये वृक्षों से आक्सीजन व फल प्राप्त कर रहे है।

# सरकार के वृक्षारोपण अभियान में लोगों की रही भागीदारी

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**प्रदेश** सरकार द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियान में अधिकारियों ने प्रतिभाग कियाए वहीं जनता की भी भागीदारी रही। एसडीएम तान्या सिंह ने ग्रामसभा मीतौं में ग्राम प्रधान उमेश सूर्या के संयोजन में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। एसडीएम तान्या सिंह, तहसीलदार आकांक्षा जोशी, नायब तहसीलदार देवानंद श्रीवास्तव, राजस्वकर्मियों तथा ग्राम प्रधान के साथ क्षेत्रीय जनता ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एसडीएम तान्या सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण करने के साथ हमें इनकी रक्षा और देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए क्योंकि पर्यावरण सुरक्षा में वृक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। इस धरती को सुरक्षित रूप से आने वाली पीढ़ियों को हंतात्रित करने के लिए हमें पूर्ण रूप से प्रतिबद्धता करनी होगी। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष डॉ0 उमेश सूर्या ने कहा कि उनका पूरा प्रयास होगा कि जिन भागीदारी के माध्यम से आज रोपे गए वृक्षों की उचित देखभाल और सुरक्षा की जाए। यह हम सभी की जिम्मेदारी है, सभी को इसके लिए जागरूक रहना होगा।

स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अजय शुक्ला ने कहा कि समस्त छात्र छात्राओं को वृक्षों की रक्षा का संकल्प लेना होगा। उन्होंनें छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वे अनावश्यक ढंग से वृक्षों को क्षति न पहुचाएं और यदि कोई उन्हें छति पहुंचा भी रहा है तो उसे समझाएं कि ऐसा करने से यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी अवसर पर शिक्षक संघ प्रांतीय महासचिव आशीष सिंह, शिक्षक रमाकांत शुक्ला, रामदयाल, निहाल अहमद, यशवंत सिंह, रोहित भट्टाचार्य, मणीन्द्र गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम आदि समेत शिक्षकों ने कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया। सीओ शिल्पा कुमारी ने कोतवाली परिसर में वृक्षारोपण किया। प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र सिंह तथा अन्य पुलिस स्टाफ़ ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।



वृक्षारोपण करते एसडीएम एवं अन्य अधिकारीगण

# अदालत ने एनएसई के एमडी के खिलाफ फर्जी वीडियो पर सोशल मीडिया कंपनियों से त्वरित कार्रवाई करने को कहा

**भाषा।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया मंच मुहैया कराने वाली कंपनियों से कहा है कि वे एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की ओर से स्टॉक के चयन की अनुशंसा करने से जुड़े कथित डीपफेक वीडियो को लेकर त्वरित कार्वाई करें। डीपफेक वीडियो से आशय किसी वीडियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए काट-छांट करके फर्जी वीडियो बनाने से है। न्यायमूर्ति आर आई चागला की एकल पीठ ने 16 जुलाई के अपने आदेश में सोशल मीडिया मंचों जैसे कि फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले सभी खातों को हटाने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय ने कहा, सुविधा का संतुलन भी वादी (एनएसई) के पक्ष में है तथा वादी को अपूरणीय क्षति औराया ठेस पहुंचेगी, जब तक कि मांगी गई अस्थाई राहत नहीं दी जाती है। पीठ ने सोशल मीडिया मंचों को ऐसे विकृत वीडियो और प्रोफाइल के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने के 10 घंटे के भीतर सामग्री को हटाने का निर्देश दिया, जिसमें वादी के ट्रेडमार्क का उल्लंघन किया गया है।

एनएसई ने यह दावा करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था कि सोशल मीडिया मंचों पर उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान का निवेश और स्टॉक के टिप्स देते हुए एक मनगढ़ंत वीडियो दिखाया गया। इसने कहा कि उनकी आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) तकनीक का उपयोग करके कथित वीडियो तैयार किया गया। इसने अनधिकृत वीडियो को हटाने के लिए मंचों को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनएसई ने दावा किया कि कुछ अपराधियों ने कथित तौर पर इसके ट्रेडमार्क का इस्तेमाल किया और फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया मंचों पर झूठे और भ्रामक विज्ञापन प्रसारित किए। इसने अपनी याचिका में कहा कि इस साल अप्रैल में उसने साइबर पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। एनएसई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत को बताया कि सोशल मीडिया कंपनियों के शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत करने के बावजूद ऐसे डीपफेक वीडियो और ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई है।

अदालत ने कंपनियों को उन सभी खातों और उन खातों को संभालने वाले व्यक्तियों का विवरण देते हुए अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया, जो नकली वीडियो और नकली वीडियो के समान सामग्री प्रकाशित करने या स्टॉक एक्सचेंज के पंजीकृत ट्रेडमार्क एनएसई का दुरुपयोग करने में शामिल थे। इसने कहा कि हलफनामा तीन सप्ताह के अंदर दाखिल किया जाएगा और मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी। अदालत ने उल्लेख किया कि डीपफेक वीडियो में एनएसई के एमडी एवं सीईओ दर्शकों से कथित तौर पर एक व्हाट्सऐप कम्युनिटी में शामिल होने के लिए कहते दिखते हैं जहां कंपनी कथित तौर पर स्टॉक का चयन करने की अनुशंसा करेगी।

## प्रधान न्यायाधीश ने कहा प्रौद्योगिकी पर निर्भरता के अपने नुकसान है

**मदुरै (तमिलनाडु)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने 19 जुलाई को माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में हुए व्यवधान का उदाहरण देते हुए शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी पर निर्भरता के अपने नुकसान हैं। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में व्यवधान के कारण दिल्ली से मदुरै जाने वाली उनकी उड़ान लगभग रद्द हो गई थी। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ की स्थापना की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, मैं प्रौद्योगिकी के लाभों का प्रबल समर्थक हूं लेकिन कल हमने प्रौद्योगिकी पर निर्भरता के प्रतिकूल प्रभाव देखे। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में व्यवधान के बाद पूरे देश में उड़ानें रद्द कर दी गईं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, दिल्ली से कई उड़ान रद्द कर दी गईं, लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है, जो मुझ पर बरसा है, और इसी की वजह से मैं आज आप सभी के बीच उपस्थित हूं।

# जूनियर वकीलों के प्रति सामंती सोच त्यागें, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दें: प्रधान न्यायाधीश

**मदुरै (तमिलनाडु)।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को अधिवक्ताओं से जूनियर वकीलों के प्रति सामंती सोच त्यागने को कहा। उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को कम पैसे देने से पेशे में आने का उनका उत्साह कम हो जाता है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के 20वें स्थापना वर्ष समारोहों का उद्घाटन करने के बाद, प्रधान न्यायाधीश ने दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए डेटा एवं सॉफ्टवेयर सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करने में पीठ के योगदान की सराहना की। वकालत के पेशे की शुरूआत कर रहे जूनियर वकीलों को बहुत कम वेतन दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, कृपया यह सामंती सोच त्याग दें कि वे सीखने, अवसर पाने, अनुभव प्राप्त करने के लिए आए हैं और आप उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को 5,000 रुपए प्रति माह जैसी कम राशि देने से वकालत के पेशे में आने का उनका उत्साह कम कर दिया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जूनियर वकील मौजूदा वास्तविकताओं के प्रति विशेष रूप से अधिक जागरूक हैं तथा उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को उनकी कड़ी मेहनत के अनुरूप सम्मानजनक राशि प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पर्याप्त वेतन के बिना कड़ी मेहनत का यह अति-रूमानीकरण केवल बयानबाजी नहीं है, बल्कि इससे लोगों से कम आराम और कम मेहनताने के साथ लंबे समय तक काम करने की उम्मीद की जाती है।

पीठ की नवीनतम उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने डेटा और सॉफ्टवेयर का नियमित रूप से रिकॉर्ड रखने के लिए इस वर्ष मदुरै पीठ में एक आपदा राहत केंद्र स्थापित किया है। प्रधान न्यायाधीश ने विगेनटेनियल स्तूप का वीडियो कॉफ्रेंस के जरिए उद्घाटन किया। यहां तामुक्कम मैदान में आयोजित समारोहों में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आर महादेवन भी शामिल हुए।

# एनआईए ने गोल्डी बराड़ समेत 10 के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**भाषा।** चंडीगढ़

**राष्ट्रीय** अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को चंडीगढ़ में जबरन वसूली के एक मामले में कनाडा स्थित आतंकवादी गोल्डी बराड़ सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। एनआईए ने एक बयान में कहा कि बरार समेत आरोपपत्र में शामिल दो आरोपी फरार हैं। इसमें कहा गया है कि बराड़ को मामले में मुख्य षड्यंत्रकारी के रूप में नामित किया गया है और उस पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए एक आतंकवादी गिरोह बनाने का आरोप लगाया गया है।

जांच एजेंसी ने कहा कि उसका करीबी सहयोगी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों भी फरार है और उसे इसे मामले में सह-साजिशकर्ता के रूप में आरोपी बनाया गया है। चंडीगढ़ में कारोबारी के घर पर हमला इसी साल 19 जनवरी को हुआ था जब बराड़ के सहयोगियों ने पीड़ित के घर पर गोलीबारी की थी। एनआईए ने आठ मार्च, 2024 को चंडीगढ़ पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया था। एनआईए ने पाया कि आरोपियों ने पंजाब, चंडीगढ़ और भारत के अन्य राज्यों में समृद्ध व्यापारियों को निशाना बनाने की साजिश रची थी।

बराड़ और ढिल्लों उर्फ गोल्डी राजपुरा के अलावा अन्य आरोपित आरोपियों की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ लाडी, काशी सिंह उर्फ हैरी, शुभम कुमार गिरी उर्फ पंडित, अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर, कमलप्रीत सिंह, प्रेम सिंह, सर्बजीत सिंह उर्फ सरबू और गगनदीप सिंह उर्फ गोल्डी के रूप में की गई है। बयान में कहा गया है कि सभी 10 आरोपियों के खिलाफ यहां एक विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया था।

## अंधविश्वास, जादू-टोने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें अंधविश्वास, जादू-टोने और इसी तरह की अन्य कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने के वास्ते केंद्र और राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। समाज में प्रचलित अवैज्ञानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिए अंधविश्वास एवं जादू-टोना रोधी कानून की आवश्यकता है। इसमें फर्जी संतों को भोले-भाले लोगों का शोषण करने से रोकने के संबंध में भी कदम उठाने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में केंद्र और राज्यों को संविधान के अनुच्छेद-51ए की भावना के अनुरूप नागरिकों में वैज्ञानिक सोच-समझ, मानवीयता और जांच-पड़ताल की भावना विकसित करने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान का यह अनुच्छेद मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है।

# दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव हाइब्रिड सुनवाई के लिए 387 करोड़ रुपए शीघ्र मंजूर करें: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को राष्ट्रीय राजधानी में 691 अधीनस्थ अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई को सुगम बनाने तथा इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के वास्ते 387 करोड़ रुपए शीघ्र मंजूर करने का निर्देश दिया है। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने जिला अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई के लिए जरूरी अवसंरचना से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि सभी 691 अदालतों के वास्ते एक व्यापक निविदा जारी की जाए।

हाइब्रिड सुनवाई का तात्पर्य अदालत कक्षों में प्रत्यक्ष रूप से और ऑन लाइन माध्यम से सुनवाई है। पीठ ने कहा, नतीजतन यह अदालत दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को सभी 691 अदालतों के संबंध में 387.03 करोड़ रुपए की राशि के लिए 19 अप्रैल, 2024 के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार वित्तीय मंजूरी देने के मामले में तेजी से कदम उठाने का निर्देश देती है।यह स्पष्ट किया गया है कि प्रायोगिक अदालतों सहित सभी 691 अदालतों के लिए एक व्यापक निविदा जारी की जाएगी। उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को शुरू में प्रति जिले दो प्रायोगिक अदालतों के बजाय प्रति अदालत परिसर में दो प्रायोगिक अदालतें स्थापित करने की अनुमति दी, जिसका निर्णय रजिस्ट्रार जनरल द्वारा किया जाएगा।

उच्च न्यायालय में दिल्ली सरकार का पक्ष अतिरिक्त स्थाई वकील अनुज अग्रवाल ने रखा। सभी अन्य अदालतों में इस परियोजना को लागू करने से पहले उसके कामकाज का मूल्यांकन करने के लिए ए प्रायोगिक अदालत स्थापित की जाएंगी। उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के कानून विभाग की नवीनतम यथास्थिति रिपोर्ट पर गौर किया जिसमें खुलासा किया गया है कि इस मामले में नीतिगत फैसला जुड़ा है और इसपर मंत्रिपरिषद की मंजूरी की जरूरत है।

उच्च न्यायालय ने कहा, चूंकि हाइब्रिड सुनवाई से जुड़ा व्यय 500 करोड़ रुपए से कम है और दिल्ली सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय में हाइब्रिड सुनवाई की नीति पहले ही लागू कर जा चुकी है, इस अदालत का मत है कि यहां (कारोबार विनिमय नियमावली) का उपबंध नौ लागू नहीं होता है और मंत्रिमंडल की अनिवार्य मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। इस मामले में कोई देरी नहीं होनी चाहिए क्योंकि तकनीक बहुत तेजी से अप्रचलित हो जाती है। न्यायालय का यह आदेश वकील अनिल कुमार हाजेलय की याचिका पर आया है। याचिकाकर्ता ने 2021 में कोविड महामारी के दौरान याचिका दायर कर जिला अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई समेत कई अनुरोध किए थे।

## गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने मिजोरम में सुपारी तस्करी की सीबीआई जांच के आदेश दिए

**आइजोल।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय की आइजोल पीठ ने सीबीआई को पड़ोसी देश म्यांमार से मिजोरम में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर सुपारी की तस्करी की जांच करने का निर्देश दिया है। न्यायालय के अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह आदेश हाल ही में रुआतफेला नू के नाम से प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता वनरामचुआंगी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया गया। मंगलवार को जारी आदेश में न्यायमूर्ति जोथानखुमा और न्यायमूर्ति मार्ली वानकुंग की पीठ ने कहा कि यह अपराध वाणिज्यिक लेनदेन से संबंधित है, जिसके लिए निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई द्वारा ही की जा सकती है। न्यायालय ने कहा कि यह निर्देश राज्य पुलिस द्वारा इस अपराध की गहन जांच करने में असमर्थता जताने के बाद दिया गया है, क्योंकि इसमें म्यांमार से होने वाली अंतरराष्ट्रीय तस्करी शामिल है। न्यायालय ने कहा, सीबीआई मामले की जांच करेगी और यदि आवश्यक हो तो मामला दर्ज करेगी और इसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाएगी। उच्च न्यायालय की आइजोल पीठ में दायर अपनी जनहित याचिका में रुआतफेला नू ने आरोप लगाया था कि मिजोरम सरकार ने सूखी सुपारी की तस्करी को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। पिछले कुछ वर्षों में मिजोरम में बर्मी सुपारी की तस्करी एक राजनीतिक मुद्दा बन गई है। आरोप लगे हैं कि इसमें राजनेताओं और उच्च पदस्थ अधिकारियों तथा तस्करों के बीच सांठगांठ है।

## लोक सेवकों पर विश्वास कम नही होने दे सकते: हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने एक पूर्व तहसीलदार से जबरन वसूली एवं उसकी मानहानि के आरोप में एक सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ दर्ज मामला रद्द करने से इनकार करते हुए कहा है कि वह लोगों का लोक सेवकों पर से भरोसे को कम नहीं होने दे सकता। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने एक जुलाई के अपने फैसले में सोलापुर के सामाजिक कार्यकर्ता अजित कुलकर्णी की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। मोहोल तहसील कार्यालय के पूर्व तहसीलदार प्रशांत बेदासे ने एक लोक सेवक के खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने, उसे अपने कर्तव्य का पालन करने से रोकने, जबरन वसूली और मानहानि के आरोप में कुलकर्णी के खिलाफ दिसंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीठ ने प्राथमिकी रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि कुलकर्णी द्वारा एक लोक सेवक को दी गई धमकियां एक लोक सेवक को उसके सार्वजनिक कर्तव्यों को पूरा करने में बाधा डालने के समान होंगी, खासकर जब धमकियां आक्रामक और खतरनाक कृत्यों से जुड़ी हों। अदालत ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक लोक सेवक की प्रतिष्ठा कम करने के लिए सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री प्रसारित कर उसे डराया और धमकाया गया है।

## पांच लोगों को धनशोधन के लिए दोषी ठहराया

**रांची।** रांची में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने शनिवार को जामताड़ा के पांच निवासियों को एक संगठित साइबर अपराध गिरोह संचालित करने के लिए धनशोधन रोधी कानून के तहत दोषी ठहराया है। नेटफ्लिक्स पर जामताड़ा नाम की वेब सीरीज 2020 में आई थी। इस शृंखला को झारखंड के इस जिले से कुछ अपराधियों द्वारा संचालित गिरोह द्वारा धोखाधड़ी वाले फोन कॉल करने और बैंक खातों से पैसे निकालने की वास्तविक घटनाओं पर आधारित बताया गया।

## प्रधान न्यायाधीश ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के 20 वें वर्षगांठ समारोहों का उद्घाटन किया

**मदुरै (तमिलनाडु)।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के 20वें स्थापना वर्ष समारोहों का शनिवार को उद्घाटन किया और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए डेटा एवं सॉफ्टवेयर सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करने में पीठ के योगदान की सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने डेटा और सॉफ्टवेयर का नियमित रूप से रिकॉर्ड रखने के लिए इस वर्ष मदुरै पीठ में एक आपदा राहत केंद्र स्थापित किया है।

# बंबई उच्च न्यायालय ने दाऊद इब्राहिम गिरोह के दो सदस्यों को जमानत दी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि भगोड़े गैंगस्टर दाऊद्ध इब्राहिम को गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधि. (यूएपीए) के तहत व्यक्तिगत रूप से आतंकवादी घोषित किया गया है और उससे या उसके गिरोह के साथ किसी तरह का जुड़ाव इस कठोर कानून के प्रावधान के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा अगस्त 2022 में हिरासत में लिए गए दो व्यक्तियों को जमानत दे दी। आदेश का विवरण शुक्रवार को उपलब्ध हुआ। एटीएस ने दावा किया है कि फैज भिवंडीवाला और परवेज वईद, दाऊद्ध इब्राहिम गिरोह के सदस्य थे। भिवंडीवाला के पास से 600 ग्राम गांजा जब्त किया गया था। भिवंडीवाला और वईद, दोनों पर आतंकवादी संगठन का सदस्य होने, आतंकी कृत्य करने और अपराध के लिए धन जुटाने को लेकर यूएपीए तथा स्वापक औषधि मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। फैसले में उच्च न्यायालय ने

# झारखंड की अदालत ने जामताड़ा के पांच लोगों को धनशोधन के लिए दोषी ठहराया

**भाषा।** रांची

**रांची** में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने शनिवार को जामताड़ा के पांच निवासियों को एक संगठित साइबर अपराध गिरोह संचालित करने के लिए धनशोधन रोधी कानून के तहत दोषी ठहराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। नेटफ्लिक्स पर जामताड़ा नाम की वेब सीरीज 2020 में आई थी। इस शृंखला को झारखंड के इस जिले से कुछ अपराधियों द्वारा संचालित गिरोह द्वारा धोखाधड़ी वाले फोन कॉल करने और बैंक खातों से पैसे निकालने की वास्तविक घटनाओं पर आधारित बताया गया।

बाद में पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों ने इन अपराधियों के खिलाफ पूरी ताकत लगा दी, जिनमें से कई युवा थे। आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत दोषी ठहराए गए लोगों में गणेश मंडल (51), उसका बेटा प्रदीप कुमार मंडल (30), संतोष मंडल (51) और उसके बेटे पिंटू मंडल (33) तथा अंकुश कुमार (27) शामिल हैं। सभी पांचों आरोपी जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव के निवासी हैं। सूत्रों ने बताया कि अदालत द्वारा सजा 23 जुलाई को सुनाए जाने की उम्मीद है। संघीय जांच एजेंसी ने मई 2019 में पांचों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

# पेज 1 का शेष

## एनटीए ने...

ही की जा सकती है कि इसकी पवित्रता बड़े पैमाने पर खो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2024 नीट-यूजी - अंडरग्रेजुएट मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए - केवल तभी दोबारा आयोजित किया जा सकता है, जब लीक हुए प्रश्नों के परिणामस्वरूप 5 मई को आयोजित परीक्षा की पवित्रता बड़े पैमाने पर खो गई हो । 2024 नीट-यूजी परीक्षा पर विवाद पिछले महीने उन आरोपों के बाद शुरू हुआ जब प्रश्नपत्र लीक हो गया था, बाद की पूछताछ से संकेत मिला कि यह लीक एक राष्ट्रीय सॉल्वर गैंग नेटवर्क द्वारा किया गया था। सीबीआई, ईओडब्ल्यू और बिहार, गुजरात, कर्नाटक, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की पुलिस सहित कई जांच एजेंसियों द्वारा कई गिरफ्तारियां की गई हैं।

## आतंकवाद को...

इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगभग 400-500 विशिष्ट पैरा कमांडो तैनात किए गए हैं। मई 2020 में चीनी घुसपैठ से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए यूनिफॉर्म फोर्स के सैनिकों को पूर्वी लद्दाख में स्थानांतरित किए जाने के बाद से पाकिस्तानी हैंडलर लंबे समय से भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के छोटे समूहों को भारतीय क्षेत्र के अंदर धकेलने के लिए इन अंतरालों का फायदा उठा रहे थे। 30 जून को भारतीय सेना के 30वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद तीन सप्ताह से भी कम समय में सेना प्रमुख की यह दूसरी जम्मू यात्रा थी। दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में एक कैप्टन सहित नौ सैन्यकर्मी कार्रवाई में शहीद हुए हैं। 16 जुलाई को सेना ने कहा कि उधमपुर स्थित उत्तरी कमान की सभी इकाइयां जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेना ने कहा कि वह उन विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान चला रही है, जो सीमा पार से घुसपैठ कर जम्मू क्षेत्र के उधमपुर, डोडा और किश्तवाड़ जिलों के ऊपरी इलाकों में और उसके बाद कश्मीर की ओर बढ़ रहे हैं। सुरक्षा बलों के आकलन के अनुसार, हमलों के पीछे पाकिस्तानी आतंकवादियों को अफगानिस्तान में युद्धरत माना जा रहा है और उनका संबंध जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन से है।अमेरिकी एम4 असॉल्ट राइफल, टेलीस्कोपिक लेंस, नाइट विजन डिवाइस, स्टील कोर बुलेट और अत्यधिक एन्क्रिप्टेड संचार उपकरण जैसे आधुनिक हथियारों से लैस इन आतंकवादियों ने क्षेत्र में सेना के अभियान के पैटर्न का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया।

## हवाई अड्डों...

रूप से काम करना शुरू कर दिया है और यात्रा समायोजन और रिफंड प्रक्रियाओं से संबंधित सभी मुद्दों पर ध्यान दिया जा रहा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि हवाई अड्डों पर एयरलाइन सिस्टम सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है और शनिवार दोपहर तक सभी मुद्दों का समाधान होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय हवाईअड्डों और एयरलाइनों पर परिचालन की लगातार निगरानी कर रहा है ताकि यात्रा समायोजन और रिफंड का ध्यान रखा जा सके। नायडू ने कहा, शनिवार सुबह 3 बजे से, हवाईअड्डों पर एयरलाइन सिस्टम सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है। उड़ान संचालन अब सुचारू रूप से चल रहा है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर यात्रियों को आज कुछ सुधार महसूस हुआ, लेकिन डिजी यात्रा प्रणाली के बंद रहने से कुछ समस्याएं बनी रहीं। प्रस्थान टर्मिनलों पर लंबी कतारें देखी गईं क्योंकि यात्रियों को मैन्युअल रूप से जांच करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यात्रियों की सहायता और भीड़भाड़ को प्रबंधित करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए हैं। आज सुबह 6-7 बजे के बीच बोर्डिंग पास जारी करते समय सिस्टम में गड़बड़ियां आती रहीं। हालाँकि, बाद में दिन में स्थिति में सुधार हुआ।अव्यवस्था के विपरीत, अधिकांश उड़ानें निर्धारित समय पर चलने में कामयाब रहीं, टर्मिनल 3 से प्रस्थान करने वालों पर प्रतीक्षा अवधि औसतन लगभग 3 से 5 मिनट रही। शुक्रवार से स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ जब वैश्विक आउटेज के कारण व्यापक देरी हुई। इस बीच, एयर इंडिया ने कहा कि दुनिया भर में यात्रा व्यवस्था ठप होने के कारण शनिवार को उसकी कोई भी उड़ान रद्द नहीं की गई। अधिकारियों के अनुसार, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने दिल्ली और बेंगलुरु में अपने समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। हालाँकि लंबी कतारें लगने की सूचना मिली थी, लेकिन आज परिचालन अधिक सुचारू रूप से चल रहा है। मुंबई हवाई अड्डे पर आज सुबह दो उड़ानें, एक वाराणसी और एक कोच्चि के लिए रद्द कर दी गईं, और कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को पुनर्निर्धारित किया गया। चेन्नई हवाई अड्डे पर आज घरेलू क्षेत्र की लगभग छह से आठ उड़ानें रद्द कर दी गईं।

## यूपीएससी के...

अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सोनी अब 'सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों' में अधिक समय देना चाहती हैं। यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा कि उसने पात्रता से परे सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी के लिए अपनी पहचान बताने के लिए खेडकर के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और उसे भविष्य में चयन से वंचित करने के लिए कदम उठाए हैं। जब से खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आया है, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल पर दावों और प्रति-दावों की बाढ़ आ गई है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, तस्वीरें और अन्य विवरण साझा किए हैं, जिसमें दावा किया गया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित लोगों के लिए उपलब्ध लाभों का दावा करने के लिए फर्जी प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल किया है। यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले, सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल दिए थे। इनमें डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ओपन यूनिवर्सिटी (बीएओयू), गुजरात के वीसी के रूप में 1 अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक लगातार दो कार्यकाल शामिल हैं; और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (रूस) के वीसी के रूप में एक कार्यकाल। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में विशेषज्ञता के साथ राजनीति विज्ञान के विद्वान सोनी ने 1991 और 2016 के बीच सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू), वल्लभ विद्यानगर में अंतरराष्ट्रीय संबंधों को पढ़ाया, उस अवधि को छोड़कर जब उन्होंने दो विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में कार्य किया। सोनी ने कई मान्यताएँ और पुरस्कार अर्जित किए हैं और उनके खाते में महत्वपूर्ण संख्या में प्रकाशन हैं।

## संसद सत्र ...

पीठासीन अधिकारी द्वारा सदन की मिसालों के अनुसार फैसले दिए जाते हैं और जहां कोई मिसाल नहीं है, वहां सामान्य संसदीय प्रथा का पालन किया गया है। बुलेटिन में हैंडबुक का हवाला देते हुए कहा गया, 'सभापति द्वारा दिए गए फैसलों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सदन के अंदर या बाहर आलोचना नहीं की जानी चाहिए।' संसदीय शिष्टाचार का जिक्र करते हुए इसमें कहा गया कि आक्षेप, आपत्तिजनक और असंसदीय भाव वाले शब्दों से ईमानदारी से बचना चाहिए। हैंडबुक में रेखांकित किया गया है, 'जब अध्यक्ष यह मानता है कि कोई विशेष शब्द या अभिव्यक्ति असंसदीय है, तो उस पर कोई बहस शुरू करने का प्रयास किए बिना उसे तुरंत वापस ले लिया जाना चाहिए।' इसने प्रत्येक सांसद को यह भी याद दिलाया कि परंपरा के अनुसार सदन में प्रवेश करते या छोड़ते समय और सीट लेने या छोड़ने से पहले 'सभापति के सामने झुकना' चाहिए। इसके अलावा, जब कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य या मंत्री की आलोचना करता है तो उसे यह अपेक्षा करने का अधिकार है कि आलोचक उसका उत्तर सुनने के लिए सदन में उपस्थित होना चाहिए।

# मानसून में रखें स्वास्थ्य का ध्यान

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**दूषित भोजन,** पानी और पर्यावरणीय परिवर्तनों के साथ-साथ मानसून के मौसम में नमी के स्तर में उतार-चढ़ाव ने विभिन्न रोगजनकों के लिए अनुकूल परिस्थितियां बना दिया है। चिकित्सा पेशेवरों के मुताबिक इसके परिणामस्वरूप पेट में संक्रमण, बुखार और हेपेटाइटिस ए और ई जैसी वेक्टर जनित बीमारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है,अनदेखी करने पर संभावित गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक और चिंता पर प्रकाश डाला है, जिन व्यक्तियों को पहले कोविड-19 हुआ है, उन्हें प्रतिरक्षा में कमी का अनुभव हो सकता है। यह उन्हें इस संवेदनशील अवधि के दौरान बैक्टीरिया और वायरल संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। इस मौसम के दौरान पेट में संक्रमण और बुखार के मामलों में वृद्धि के लिए कई कारणों को जिम्मेदार ठहराते हुए, लखनऊ स्थित अपोलोमेडिक्स अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं के निदेशक डॉ. अजय कुमार ने कहा, कोविड-19 ने अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली से समझौता करके अपने बचे हुए लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ा है और ये इम्यूनोमोड्यूलेशन की ओर अग्रसर है। कोविड-19 के कारण कम प्रतिरक्षा के कारण, सार्स कोव 2 वायरस से बचे लोग अधिक आसानी से संक्रमण पकड़ रहे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में शोध का हवाला दिया. एक अध्ययन के अनुसार, जिन रोगियों को कोविड-19 हुआ है, उनमें कब्ज, दस्त, सूजन, उल्टी और पेट दर्द जैसे पाचन संबंधी लक्षणों का अनुभव होने की अधिक संभावना है। डॉक्टरों ने बुखार और पेट के संक्रमण को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है क्योंकि ये अधिक गंभीर अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों का संकेत भी दे सकते हैं।गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा रस्तोगी पांडा ने कहा, मानसून के मौसम के साथ, हम पेट में संक्रमण और बुखार में वृद्धि देख रहे हैं, जो ज्यादातर दूषित भोजन और वातावरण में नमी के कारण है। उन्होंने कहा कि टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए, फ्लू और लेप्टोस्पायरोसिस जैसी बीमारियों में लक्षणों का ओवरलैप होना निदान को चुनौतीपूर्ण बना रहा है। लेप्टोस्पायरोसिस, संक्रमित जानवरों के मूत्र (पेशाब) के माध्यम से फैलने वाले बैक्टीरिया के कारण होता है। लेप्टोस्पायरोसिस का खतरा अक्सर जलभराव या बाढ़ के बाद बढ़ जाता है जब लोग दूषित पानी या मिट्टी के संपर्क में आते हैं। लेप्टोस्पायरोसिस के बारे में बात करते हुए, उन्होंने एक 30 वर्षीय पुरुष के मामले का हवाला दिया, जिसका बीपी खतरनाक रूप से निम्न स्तर तक गिर गया था और 8-9 दिनों से बुखार था। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ था और आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था। उन्होंने कहा, सौभाग्य से वह अब ठीक हैं। दिल्ली स्थित आकाश हेल्थकेयर के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. शरद मल्होत्रा ??ने जलवायु परिवर्तन, अनियमित मौसम, दूषित भोजन और पानी के कारण गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल संक्रमण और बुखार में वृद्धि पर प्रकाश डाला।वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक प्रोफेसर और पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर ने मानसून के दौरान दूषित पानी और भोजन से जुड़े खतरों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लंबे समय तक नमी का असर कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 21 जुलाई 2024



# भाजपा झारखंड में जनसांख्यिकी पर लाएगी श्वेत पत्र : शाह

## आदिवासियों की भूमि व अधिकारों की रक्षा के लिए ऐसा करना जरूरी

**भाषा।** रांची

**केंद्रीय गृह** मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ होने के कारण झारखंड में जनजातीय जनसंख्या घट रही है और यदि राज्य में भाजपा की अगली सरकार बनी तो वह उनकी (आदिवासियों की) भूमि एवं अधिकारों की रक्षा के लिए जनसांख्यिकी पर श्वेतपत्र जारी करेगी। शाह ने भाजपा की सरकार बनने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी राज्य की 81 विधानसभा सीट में से 52 पर विजई रही। उन्होंने पार्टी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक के दौरान यहां प्रभात तारा मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, झारखंड में सरकार बनाने के बाद हम आदिवासी लोगों, उनकी भूमि, आरक्षण और अधिकारों की रक्षा के लिए जनसांख्यिकी पर श्वेत पत्र लाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना उन्होंने उनपर वोट बैंक और तुष्टिकरण नीति की वजह से भूमि जिहाद, लव जिहाद में लिप्त रहने का आरोप लगाया और दावा किया इसी कारण राज्य में जनसांख्यिकी परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों घुसपैठिए झारखंड में आ रहे हैं, आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं, प्रमाणपत्र हासिल कर ले रहे हैं, जमीन खरीद रहे हैं और इस तरह स्थानीय लोगों की नौकरियां हड़प रहे हैं। शाह ने अपना वोटबैंक बढ़ाने पर ध्यान देने को लेकर सोरेन की आलोचना की और आरोप लगाया कि उनके कल्याणकारी कदम मुख्य तौर पर परिवार के फायदे के लिए हैं।, घुसपैठिए स्थानीय लोगों की (के लिए निर्धारित) नौकरियां हड़प रहे हैं और हेमंत सोरेन अपना वोट बैंक बढ़ाने में व्यस्त हैं।उनके कल्याणकारी उपायों का मतलब उनका परिवार कल्याण है। शाह ने लोकसभा चुनाव हारने के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने को लेकर राहुल गांधी समेत विपक्षी इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस के नेताओं पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन और कांग्रेस नेता 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला करने, तुष्टिकरण करने, वंशवादी राजनीति करने, राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने को लेकर अहंकार दिखा रहे हैं। शाह ने कहा, इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में कांग्रेस (और उसके घटक दलों) की संयुक्त संख्या से अधिक सीट मिलीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन देश में सबसे अधिक भ्रष्ट सरकारों में एक है और अब उसे बाहर का दरवाजा दिखाने का वक्त आ गया है।



# जूनियर वकीलों के प्रति सामंती सोच त्यागें, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दें : सीजेआई

**भाषा।** मदुरै (तमिलनाडु)

**प्रधान न्यायाधीश** डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को अधिवक्ताओं से जूनियर वकीलों के प्रति सामंती सोच त्यागने को कहा। उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को कम पैसे देने से पेशे में आने का उनका उत्साह कम हो जाता है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के 20वें स्थापना वर्ष समारोहों का उद्घाटन करने के बाद, प्रधान न्यायाधीश ने दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए डेटा एवं सॉफ्टवेयर सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करने में पीठ के योगदान की सराहना की। वकालत के पेशे की शुरूआत कर रहे जूनियर वकीलों को बहुत कम वेतन दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, कृपया यह सामंती सोच त्याग दें कि वे सीखने, अवसर पाने, अनुभव प्राप्त करने के लिए आए हैं और आप उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को 5,000 रुपए प्रति माह जैसी कम राशि देने से वकालत के पेशे में आने का उनका उत्साह कम कर दिया जाता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जूनियर वकील मौजूदा वास्तविकताओं के प्रति विशेष रूप से अधिक जागरूक हैं तथा उन्होंने कहा कि जूनियर वकीलों को उनकी कड़ी मेहनत के अनुरूप सम्मानजनक राशि प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पर्याप्त वेतन के बिना कड़ी मेहनत का यह अति-रूमानीकरण केवल बयानबाजी नहीं है, बल्कि इससे लोगों से कम आराम और कम मेहनताने के साथ लंबे समय तक काम करने की उम्मीद की जाती है।



## राजस्थान : जयपुर में महिला की चाकू मारकर हत्या

जयपुर। राजस्थान के जयपुर में शनिवार को 45 वर्षीय एक महिला की उसके ही घर में घुसकर अज्ञात हमलावरों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया किघटना गोनेर रोड पर एक कॉलोनी में उस समय हुई जब आरोपी एक व्यापारी के घर में घुस गए और उसकी पत्नी मंजू शर्मा पर हमला कर दिया।पुलिस के मुताबिक महिला घटना के समय घर में अकेली थी। पुलिस ने बताया कि जब महिला का बेटा घर पहुंचा तो उसने अपनी मां को खून से लथपथ पाया और तुरंत अस्पताल ले गया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया।

## डिजिटलीकरण पर ध्यान देगा अमेजन

**बेंगलुरु।** अमेजन इंडिया ने अपने प्राइम मेंबर्स के लिए बहुप्रतीक्षित दो दिन तक चलने वाले शॉपिंग इवेंट - प्राइम डे का शुभारंभ किया है। इसमें ग्राहक शानदार डील्स और ऑफ़र एक्सप्लोर कर सकते हैं और खुशी की खोज कर सकते हैं। अमेजन बिजनस का उद्देश्य एमएसएमई बड़े उद्यमों और छोटे व्यवसायों को अपने ग्राहकों के लिए डिजिटलीकरण को पूरा करना और उनके लिए खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सशक्त बनाना है ग्राहक अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अपनी सभी प्राइम डे खरीदारी पर कार्ड के मौजूदा 5प्रतिशत असीमित इनाम के लाभों के अलावा 5प्रतिशत कैशबैक का भी आनंद ले सकते हैं! अभी तक इस कार्ड का उपयोग नहीं कर रहे हैं? कोई बात नहीं! प्राइम डे के दौरान आवेदन करें और 2,750 रुपये (प्राइम सदस्यता के साथ) या 2000 रुपये (प्राइम के बिना) तक का स्वागत बोनस प्राप्त करें।

## ग्रीव्स ने एलटी के दाम घटाए

**वाराणसी।** ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड की इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण करने वाली शाखा, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलटी प्राइवेट लिमिटेड (जीईएमपीएल) ने अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले एम्पियर मैग्नस एलटी इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमतों में भारी कटौती की घोषणा की है। मैग्नस एलटी स्कूटर अब छूट के साथ 79,900 रुपये में मिल रहा है। पहले इसकी कीमत 84,900 रुपये थी। अब पर्यावरण को स्वच्छ रखने के प्रति सजग उपभोक्ताओं की स्कूटर तक पहुंच और बढ़ गई है। अब यह ज्यादा किफायती कीमत पर मिल रहा है। कीमतों में कटौती के अलावा एम्पियर ने मैग्नस मानसून मेनिया कैंपेन भी लॉन्च किया है। इस पहल में स्पिन द व्हील कॉन्टेस्ट शामिल है, जिसमें उपभोक्ता व्हील घुमाकर कई आकर्षक पुरस्कार जीत सकते हैं। इन पुरस्कारों में मुफ्त मैग्नस स्कूटर, सोने के सिक्के और एलईडी टीवी शामिल है। यह कैंपेन इलेक्ट्रिक स्कूटरों को अपनाने के लिए आम जनता को प्रेरित करने के लिए चलाया जा रहा है, जिससे यह स्कूटर बरसात के महीनों में भी लोगों की पहुंच में रहे और इसे खरीदना लोगों के लिए और भी आकर्षक बन सके। मैग्नस एलटी एक बार चार्ज करने पर 80 किमी की रेंज देता है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अलग किए जाने वाले (रिमूवेबल) बैटरी पैक के साथ आता है।

## असम में दुर्लभ प्रजाति की मछलियां जब्त, एक गिरफ्तार

गोलाघाट (असम)। असम के गोलाघाट जिले मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक दुर्लभ प्रजाति की मछलियां जब्त की गई है। वन अधिकारियो ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी शुक्रवार रात को काजीरंगा क्षेत्र मुख्यालय और हल्दीबाड़ी बीट कार्यालय के वन कर्मियो द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए तलाशी अभियान के बाद की गई। अभियान के दौरान एक वाहन के अंदर चार जीवित चन्ना बार्का मछलियां पाई गईं। कार और मछलियो को जब्त कर लिया गया और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। नगांव जिले से गिरफ्तार व्यक्ति पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 और वन्यजीव संरक्षण (असम संशोधन) अधिनियम, 2009 की संबंधित धाराओ के तहत आरोप लगाए गए है। चन्ना बार्का को असमिया मे चेंग गरका के नाम से भी जाना जाता है, यह एक दुर्लभ प्रजाति है।

# मुंबई में इमारत की बालकनी का हिस्सा ढहने से महिला की मौत, चार लोग घायल

**भाषा।** मुंबई

**दक्षिण मुंबई में** शनिवार को चार मंजिला आवासीय इमारत की बालकनी का एक हिस्सा ढहने से 80 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रुबिन्निसा मंजिल नामक इमारत ग्रैंड रोड रेलवे स्टेशन के पास स्लीटर रोड पर स्थित है। उन्होंने कहा कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। अधिकारी ने बताया, बालकनी का एक हिस्सा ढहने से पांच लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां 80 वर्षीय महिला को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि चार अन्य का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान शाहीन वाडिया के रूप में हुई है, जबकि घायलों में अतुल शाह (55), निकेत शाह (26), विजयकुमार निषाद (25) और सिद्धेश पालिजा (30) शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल से बालकनी का एक हिस्सा और स्लैब का एक हिस्सा आंशिक रूप से ढह गया। उन्होंने बताया कि तलाश एवं बचाव अभियान समाप्त हो गया है।



## जम्मू: सामाजिक-राजनीतिक दलों ने एलजी को अधिक शक्तियां देने के खिलाफ भूख हड़ताल की धमकी दी

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हाल में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को दी गई अधिक शक्तियों के आदेश को लेकर कई सामाजिक-राजनीतिक दलों ने शनिवार को यहां एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस महीने के अंत तक यह आदेश वापस नहीं लिए जाने पर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। कई सामाजिक-राजनीतिक दलों द्वारा की गई बैठक में केंद्रशासित प्रदेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चिंता जाहिर की गई तथा कठुआ एवं डोडा जिले में आतंकवादी हमले में शहीद हुए एक कैप्टन सहित नौ सैन्यकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में पूर्व मंत्री और डोगरा सदर सभा के अध्यक्ष गुलचैन सिंह चरक, पूर्व सांसद शेख अब्दुल रशीद, कांग्रेस के नरेंद्र गुप्ता, नेशनल कॉन्फ्रेंस के विजय लोचन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वरिंदर सिंह सोनू और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के राज्य प्रमुख मनीष साहनी शामिल हुए।साहनी ने कहा, सर्वदलीय बैठक ने सर्वसम्मति से केंद्र के (12 जुलाई के) आदेश को खारिज कर दिया और विधानसभा चुनाव होने से पहले जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा वापस देने के साथ ही उन्हें इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत बनाए गए नियमों में संशोधन करके उपराज्यपाल को अधिक शक्तियां प्रदान कीं।

## केंद्र की पाबंदियों के बावजूद केरल का खर्च 30-35 प्रतिशत बढ़ा: मंत्री बालगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य को वित्तीय रूप से बाधित करने के प्रयासों के बावजूद विकास और कल्याणकारी उपायों पर सरकार का व्यय 30-35 प्रतिशत बढ़ गया है। आगामी केंद्रीय बजट से पहले पत्रकारों से बात करते हुए बालगोपाल ने कहा कि पहली पिनाराई विजयन सरकार के शासन के दौरान राज्य का औसत वार्षिक व्यय लगभग 1.20 लाख करोड़ रुपए था। विजयन की दूसरी सरकार के शासन के दौरान राज्य का औसत वार्षिक व्यय बढ़कर 1.60 लाख करोड़ रुपए हो गया। बालगोपाल ने कहा,यह हमारे ऊपर भारी वित्तीय प्रतिबंधों के बावजूद है, जिसमें हमारी उधार सीमा में कटौती भी शामिल है। हमने वेतन संशोधन भी लागू किया। हमारा राज्य उन कुछ राज्यों में से एक था जिसने ऐसा किया। उन्होंने कहा कि अगर 2021 में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) सत्ता में आती तो वेतन संशोधन लागू नहीं होता। उन्होंने आगे दावा किया कि यदि केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड (केआईआईएफबी) के व्यय को भी शामिल किया जाता तो दूसरी एलडीएफ सरकार का औसत व्यय बहुत अधिक होता। वित्त मंत्री ने कहा कि 2016 से केआईआईएफबी ने विकास पर लगभग 30,000 करोड़ रुपए खर्च किए है, जिनमें से लगभग 20,000 करोड़ रुपए दूसरी एलडीएफ सरकार के कार्यकाल के दौरान खर्च किए गए थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा एलडीएफ सरकार के तीन वर्षों मे सामाजिक कल्याण पेंशन पर लगभग 27,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए है और केवल चार महीने का बकाया भुगतान किया जाना बाकी है।

## रेणुकास्वामी हत्याकांड में एक आरोपी की मां की मृत्यु

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** रेणुकास्वामी हत्या मामले मे एक आरोपी की मां की शनिवार को मृत्यु हो गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरोपी राघवेंद्र की मां मंजुलम्मा (70) बीते एक साल से बीमार थी। बेटे की गिरफ्तारी के बाद से वह अवसाद मे थी। मामले मे मुख्य आरोपी कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा और उसकी मित्र पवित्रा गौड़ा जेल मे है। उनके अलावा 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राघवेंद्र चित्रदुर्ग मे दर्शन फैन क्लब का अध्यक्ष था। उसने कथित तौर पर दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी को आठ जून को चित्रदुर्ग से अगवा करने और उसे बेंगलुरु लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां पवित्रा को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजने को लेकर नौ जून को प्रताड़ित कर उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने 11 जून को दर्शन और पवित्रा को गिरफ्तार किया था। राघवेंद्र के परिवार के सदस्यों ने जेल अधिकारियों से उसे मंजुलम्मा के अंतिम संस्कार मे शामिल होने देने का अनुरोध किया है।

## फ्लेक्स पार्टनर से बढ़ रही आय : साक्षी मलिक

बेंगलुरु। एमेजॉन इंडिया का बहु-प्रतीक्षित प्राइम डे 20 और 21 जुलाई, 2024 से शुरू हो गया। जिसमें ग्राहकों को न केवल बेहतरीन डील, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन मिलते हैं, बल्कि पूरे देश में एमेजॉन ग्राहकों को सेवाएँ दे रहे एमेजॉन कर्मचारियों की खुशी भी बढ़ती है। एमेजॉन में 2022 में काम करना शुरू करने के बाद, साक्षी एमेजॉन फ्लेक्स के हेड के रूप में प्रतिबद्धता से अपनी सेवाएँ दे रही हैं। एमेजॉन फ्लेक्स एक ऐसा प्रोग्राम है, जो लोगों को अपने खाली समय एमेजॉन के पैकेज की डिलीवरी कर अपनी आय बढ़ाने में समर्थ बनाता है। यह प्रोग्राम अंतिम छोर तक एमेजॉन इंडिया के पैकेज पहुँचाने की कंपनी की रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।साक्षी ने अपने तीसरे प्राइम डे के लिए काफी उत्साह के साथ अपने चारों ओर मौजूद सहयोग की भावना और तीव्रता पर बल दिया। उन्होंने कहा, प्राइम डे के दौरान ऊर्जा काफी ज़्यादा और उत्साहवर्धक होती है। हम पूरी तत्परता से ग्राहकों की माँगों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। हमारी टीमें बहुत प्रोत्साहित होती हैं और इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए भाईचारे की मजबूत भावना का विकास करती हैं।साक्षी ने एमेजॉन में अपने कार्यकाल के दौरान कंपनी के गतिशील वातावरण में आगे बढ़ते हुए प्रगति और परिवर्तन को अपनाया है। अपनी भूमिका के बारे में उन्होंने कहा, एमेजॉन फ्लेक्स प्रोग्राम के नेतृत्व से मुझे टीमों में तालमेल बनाने और सक्रिय योजना बनाने में मदद मिली है। इससे ग्राहक अनुभव और ऑपरेशनल एफिशिएंसी में काफी सुधार हुआ है।प्राइम डे पर आकर्षक अवसर मिलते हैं, जिनमें लॉजिस्टिक्स का प्रभावी प्रबंधन और समय पर ऑर्डर डिलीवरी सुनिश्चित करना शामिल हैं।

## राजस्थान : मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की

जयपुर। राजस्थान के 17 सरकारी मेडिकल कॉलेजो के करीब 700 चिकित्सक शिक्षकों ने शनिवार को राज्य सरकार पर एक अगस्त 2024 से पहले नियुक्त शिक्षकों को राजस्थान सेवा नियमो के दायरे मे शामिल नही करने का आरोप लगाते हुए 22 जुलाई से सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की। वर्ष 2017 से सरकारी मेडिकल कॉलेजो मे चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार की एक स्वायत्त संस्था राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) द्वारा की जाती है। चिकित्सक शिक्षकों ने नियमो मे विसंगतियो का आरोप लगाते हुए सोसायटी द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम 2017 को अपनाने की मांग की।राजमेस आरएमसीटीए वेलफेयर सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने हाल ही में बजट मे घोषणा की थी कि राजमेस मे राजस्थान सिविल सेवा नियम अपनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चिकित्सक शिक्षक संघ ने इसका स्वागत किया था लेकिन बाद मे मालूम हुआ कि यह एक अगस्त 2024 या उसके बाद नियुक्त शिक्षकों पर लागू होगा। हमारे संज्ञान में आया है कि वित्त विभाग व राजमेस ने इन नियमो को वर्तमान मे कार्यरत हम सभी चिकित्सक शिक्षकों पर लागू ना कर दिनांक 01.08.2024 के पश्चात नव नियुक्त होने वाले चिकित्सक शिक्षकों पर ही लागू करने और वर्तमान मे कार्यरत हम सभी चिकित्सक शिक्षकों को डाइंग केडर घोषित करने का निर्णय लिया है। उन्होने कहा, इस कारण से वर्तमान मे कार्यरत चिकित्सक शिक्षक हतप्रभ एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे है। इन नियमो के अभाव मे हमे अपना भविष्य अंधकारमय व असुरक्षित नजर आ रहा है।

## कर्नाटक के सरकारी स्कूलों के छात्रों को सप्ताह में छह दिन मिलेंगे अंडे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सरकारी स्कूलो के छात्रो को अब मध्याह्न भोजन योजना के तहत सप्ताह मे छह दिन अंडे दिए जाएंगे। यह कदम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा शनिवार को कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया गया है। वर्तमान मे राज्य सरकार के मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियो को सप्ताह मे दो दिन अंडे उपलब्ध कराए जाते है। फाउंडेशन ने एक बयान मे कहा," फाउंडेशन के सहयोग से स्कूल सप्ताह के सभी छह दिनो मे अंडे उपलब्ध कराए जा सकेंगे, जिससे छात्रो के पोषण मे काफी वृद्धि होगी। जो छात्र सांस्कृतिक प्राथमिकताओ के कारण अंडे नही खाते है, उनके लिए वैकल्पिक उच्च पोषण पूरक उपलब्ध कराया जाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने स्कूली बच्चो को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की ऐतिहासिक पहल के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य और अच्छी शिक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन महत्वपूर्ण है। उन्होने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। सहमति पत्र के अनुसार, फाउंडेशन ने सप्ताह मे चार दिन अंडे उपलब्ध कराने पर सहमति जताई है। प्रत्यक छात्र को एक अंडा - सरकारी छात्रो और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलो दोनो को दिया जाएगा। उन्होने कहा कि सभी विद्यार्थियो को स्वस्थ भोजन दिया जाना चाहिए, चाहे वे सरकारी स्कूल के हो या सहायता प्राप्त स्कूल को उन्होने कहा, मैने देखा है कि बच्चे नाश्ता किए बिना स्कूल आते है और दोपहर तक बिना भोजन के रहते है, इसी ने हमे सप्ताह मे दो बार भोजन और अंडे देने के लिए प्रेरित किया। अब अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन ने सरकार के साथ मिलकर बच्चो को सप्ताह मे चार अतिरिक्त दिनो तक अंडे और पोषक आहार प्रदान करने का फैसला लिया है। फाउंडेशन के अनुसार इन स्कूलो मे कक्षा एक से 10 तक के 55 लाख छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन मे अंडे शामिल किए जाएंगे, ताकि उन्हे पौष्टिकता प्रदान की जा सके।

# केरल में 14 वर्षीय लड़के में निपाह संक्रमण की पुष्टि हुई है : स्वास्थ्य मंत्री

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने शनिवार को मलप्पुरम जिले के 14 वर्षीय एक लड़के में निपाह संक्रमण की पुष्टि की। मीडिया से यहां बातचीत में जॉर्ज ने कहा कि पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने उस लड़के में संक्रमण की पुष्टि की है, जिसका फिलहाल एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।जॉर्ज ने मीडिया से कहा, पीड़ित को कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। पीड़ित के संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाना शुरू किया गया है। उसके संपर्क में आने के कारण उच्च जोखिम वाले लोगों को पहले ही पृथक कर दिया गया है और उनके नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। जॉर्ज ने कहा कि पीड़ित लड़के का इलाज किया जा रहा है और वह जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर है।मंत्री ने कहा कि संक्रमण का केंद्र पांडिक्कड़ था और एहतियाती कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं। उन्होंने संक्रमण के केंद्र रहे इलाके और इसके आसपास के अस्पतालों के लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने और अस्पतालों में मरीजों से मिलने से बचने के लिए कहा है। राज्य सरकार ने हाल ही में घोषणा की थी कि निपाह के प्रकोप की रोकथाम के लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिसने अतीत में चार मौकों पर राज्य को परेशान किया है।वर्ष 2018, 2021 और 2023 में कोझिकोड जिले में और 2019 में एर्नाकुलम जिले में निपाह संक्रमण फैलने के मामले दर्ज किए गए थे। कोझिकोड, वायनाड, इडुक्की, मलप्पुरम और एर्नाकुलम जिलों के चमगादड़ों में निपाह वायरस की एंटीबॉडी की उपस्थिति का पता चला था।

# कांवड़ यात्रा आदेश को जमीयत ने साम्प्रदायिक बताया

## भाजपा विधायक ने मप्र में लागू करने की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** और उत्तराखंड सरकार के कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालय मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश को लेकर शनिवार को भी विवाद जारी रहा। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने इसे भेदभावपूर्ण और साम्प्रदायिक करार दिया, तो भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक ने कहा कि मध्य प्रदेश में भी ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने इस आदेश को विभाजनकारी एजेंडा बताया और सवाल किया कि क्या यही है विकसित भारत का मार्ग है ?केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर फल विक्रेताओं को अपनी दुकानों पर नाम लिखने के लिए कहे जाने में उन्हें कुछ भी गलत नहीं लगता है। मांझी उत्तर प्रदेश पुलिस के उस विवादास्पद निर्देश के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे, जिसकी विपक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सहित कुछ भाजपा सहयोगियों ने आलोचना की है। मांझी ने कहा, मैं अन्य दलों के संबंध में तो नहीं कह सकता, लेकिन मुझे इस तरह के आदेश में कुछ भी गलत नहीं लगता। अगर कारोबार से जुड़े लोगों से उनके नाम और पते प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा जाए, तो इसमें क्या नुकसान है? उन्होंने कहा, वास्तव में, इस तरह नाम लिखा होने से खरीदारों के लिए पसंदीदा दुकान ढूंढना आसान हो जाता है। इस घटना को धर्म के चश्मे से देखना गलत है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि यह भेदभावपूर्ण और सांप्रदायिक फैसला है तथा इससे संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का हनन होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उसकी कानूनी टीम इस आदेश के कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी। मदनी ने कहा, देश के सभी नागरिकों को संविधान में इस बात की पूरी आजादी दी गई है कि वे जो चाहें पहनें, जो चाहें खाएं, उनकी व्यक्तिगत पसंद में कोई बाधा नहीं डालेगा, क्योंकि यह नागरिकों के मौलिक अधिकार के विषय हैं। मुजफ्फरनगर जिले में 240 किलोमीटर लंबे कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटलों, ढाबों और ठेलों सहित भोजनालयों को अपने मालिकों या इन दुकानों पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश के कुछ दिन बाद शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य के लिए ऐसा ही आदेश जारी करने का फैसला किया।

# एनआईटी स्नातक, एमबीबीएस के दो छात्र नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन गिरफ्तारियों के साथ, कथित अनियमितता से जुड़े छह मामलों में एजेंसी द्वारा अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 21 हो गई है। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के एक मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और कथित तौर पर पंकज कुमार नामक इंजीनियर द्वारा चुराए गए प्रश्नपत्र के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे। कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), जमशेदपुर से बी.टेक (इलेक्ट्रिकल) की उपाधि प्राप्त करने वाले शशिकांत पासवान उर्फ शशि उर्फ पासु, कुमार और रॉकी के साथ मिलकर काम कर रहा था, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।




# बिना भेदभाव के गांव के विकास के लिए काम करें सरपंच : मुख्यमंत्री शर्मा

**भाषा।** जयपुरी

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि सरपंच शासन की सबसे छोटी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जो केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करती है।उन्होंने कहा कि सरपंच पूरे गांव का प्रतिनिधि होता है इसलिए उसे भेदभाव किए बिना दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ गांव के विकास के लिए कार्य कराने चाहिए। शर्मा ने यहां यशस्वी सरपंच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांवों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले 20 सरपंचों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरपंचों को अपनी ग्राम पंचायतों के आय के स्रोत बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए, जिससे वे केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली निधि के अलावा अपने स्तर पर भी विकास कार्य करवा सकें।उन्होंने कहा कि गांवों में पानी, सड़क, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो गांवों से पलायन को रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पंचायतीराज का ढांचा बहुत विस्तृत और सुदृढ़ है।उन्होंने कहा कि राज्य में 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। हमारी सरकार पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत करने तथा गांवों के सर्वांगीण विकास पर पूरा जोर दे रही है।

## उपमुख्यमंत्री के रूप में मेरी पदोन्नति पर मुख्यमंत्री को निर्णय करना है: उदयनिधि

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की खबरों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को फैसला करना है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से संक्षिप्त बातचीत में कहा, यह मुख्यमंत्री को तय करना है। उदयनिधि उन खबरों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे जिनमें संकेत दिया गया था कि उन्हें जल्द ही पदोन्नत किया जा सकता है। इससे पहले यहां द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) की युवा शाखा के 45वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि ने कहा कि पार्टी की युवा शाखा के सचिव का पद उनके दिल के करीब है।

# संसद का मानसून सत्र सोमवार से

## 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

**भाषा। नई दिल्ली**

**संसद का** मानसून सत्र सोमवार से आरंभ होने वाला है, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी।इस सत्र के दौरान विपक्ष भी नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

मानसून सत्र सोमवार (22 जुलाई) से शुरू होने वाला है और 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। इस सत्र में सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी शामिल है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलेगी। इस केंद्रशासित प्रदेश में फिलहाल विधानसभा अस्तित्व में नहीं है और केंद्र का शासन है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 21 जुलाई को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है, ताकि उन मुद्दों को समझा जा सके जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल ने घोषणा की है कि वह एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगा और संसद में राज्य के हित के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाएगा। बीजद संसदीय दल के अध्यक्ष चुने गए पटनायक ने अपनी पार्टी के सांसदों से ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाने को कहा है। इस सत्र में वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।



## कांग्रेस ने शिंदे सरकार के विरूद्ध जारी किया आरोपपत्र, कहा: लोग उसे सबक सिखाएंगे

**भाषा।** मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने शनिवार को एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ अपना आरोपपत्र जारी किया और कहा कि लोग आगामी विधानसभा चुनाव में भ्रष्टाचार के जरिए बनी इस सरकार को सबक सिखाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि वर्तमान सरकार में मुंबई और राज्य के बाकी हिस्सों में अपराध और नशीली दवाओं की तस्करी बढ़ गई है तथा भ्रष्टाचार सभी क्षेत्रों में फैल रहा है। थोराट ने कहा, मानसून की पहली बारिश में मुंबई की हालत बहुत खराब हो गई है। सीवर लाइनों और नालों की सफाई में भ्रष्टाचार है।

# मध्य गाजा में हमला, 13 फलस्तीनियों की मौत

## मृतक महिला के गर्भ से जीवित बच्चा जन्मा



**दीर अल-बलाह।** इजराइल की ओर से मध्य गाजा के शरणार्थी शिविरों पर शनिवार रात किए गए तीन हवाई हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, लेकिन हमले में जान गंवाने वाली एक फलस्तीनी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे का चिकित्सकों के प्रयास से सकुशल जन्म हो सका। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमले में 13 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इस बीच काहिरा में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम वार्ता में प्रगति होती दिख रही है। शवों को पास के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में ले जाने वाली फलस्तीन की एम्बुलेंस टीम के अनुसार, नुसीरात शरणार्थी शिविर और ब्यूरिज शरणार्थी शिविर के मृतकों में तीन बच्चे और एक महिला शामिल थी। एपी के पत्रकारों ने अस्पताल में 13 लाशों की गिनती की। युद्ध से तबाह गाजा में हताहतों की अद्यतन संख्या के बाद आशा का एक दुर्लभ क्षण तब आया, जब बृहस्पतिवार देर शाम नुसीरात में हवाई हमले की चपेट में आए एक घर में रहने वाली गर्भवती फलस्तीनी महिला के दम तोड़ने के बाद उसके गर्भ से चिकित्सा दल ने एक जीवित बच्चे को बरामद किया। हमले के दौरान विस्फोट में गर्भवती महिला ओला-अल-कुर्द (25) ने छह अन्य लोगों के साथ दम तोड़ दिया।

## अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज पर हमला किया

**सिंगापुर।** हूती विद्रोहियो द्वारा कथित रूप से किए गए हमले में सिंगापुर के ध्वज वाला एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।एमपीए ने बताया कि उसे सूचना मिली कि अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला हुआ जिससे इसमे आग लग गई। इसने कहा कि हालांकि चालक दल ने आग को बुझा दिया। चैनल न्यूज एशिया ने अधिकारियो का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल मे सिंगापुर का कोई नागरिक शामिल नही था और जहाज पर सभी कर्मचारी सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियो के हमले के बावजूद जहाज सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह पहुंचने में सफल रहा जहाँ जरूरत पड़ने पर क्षति का आकलन और मरम्मत का काम किया जाएगा।एमपीए ने कहा कि वह किसी भी तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पोत प्रबंधक के संपर्क में है। सिंगापुर की नौसेना ने भी अदन की खाड़ी में अपने सुरक्षा साझेदारो को सहायता प्रदान करने के लिए सतर्क कर दिया है।हूती विद्रोहियो के सैन्य प्रवक्ता प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि समूह ने लोबिविया पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया।ब्रिटेन के समुद्री व्यापार परिचालन निकाय ने बताया कि जहाज पर यमन के बंदरगाह शहर अदन से लगभग 83 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व मे दो मिसाइलो से दो बार हमला किया गया।चैनल न्यूज एशिया ने ब्रिटिश सुरक्षा फर्म एम्ब्रे के हवाले से कहा, जहाज अदन की खाड़ी से गुजरते हुए उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा था कि तभी पास मे स्थित एक व्यापारिक पोत ने लोबिविया की मौजूदगी वाले क्षेत्र मे रोशनी और विस्फोट देखा।

# यूक्रेन पर रूस के हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन** के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा बुनियादी ढांचे पर किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को माइकोलाइव शहर पर रूसी हमले के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। शहर के मेयर अलेक्सेंडर सिएनकेविच ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर माइकोलाइव हमले के बारे में लिखा कहा कि एक प्रक्षेपास्त्र एक अपार्टमेंट खंड के पास खेल मैदान में गिरा। उन्होंने कहा, रूस हर दिन अपने आतंक से साबित करता है कि दबाव काफी नहीं है। जीवन का यह विनाश रोका जाना चाहिए। हमें अपनी सुरक्षा के लिए नए समाधानों की आवश्यकता है। रूस को दुनिया की ताकत का एहसास होना चाहिए। यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को कहा कि रूस ने रात में चार मिसाइल और 17 ड्रोन हमले किए, जिनमें से 13 ड्रोन मार गिराए गए। गवर्नर फिलिप प्रोनिन ने कहा कि हमलों के कारण मध्य यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति ठप हो गई है।

## नेपाली संसद में कल शक्ति परीक्षण के दौरान तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ मतदान करेंगे

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले केपी शर्मा ओली के रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने की परीक्षा में खरा उतरने से पहले ही तीन राजनीतिक दलों ने उनके खिलाफ मतदान करने की घोषणा की है जिनमें वह पार्टी भी शामिल है जिससे उन्होंने नाता तोड़ लिया है। ओली ने पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के स्थान पर नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। प्रचंड पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे क्योंकि ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस (एनसी) और अन्य दलों से हाथ मिला लिया था।

## पाकिस्तान में इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे शनिवार को इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया, जिससे इस गंभीर बीमारी को खत्म करने के देश के प्रयासो को झटका लगा है। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार पोलियो का यह मामला बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले मे सामने आया। खबर के अनुसार प्रांत के झोब इलाके के हसनजई का डेढ़ साल का बच्चा पोलियो की चपेट मे आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओ पर प्रधानमंत्री के संयोजक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल देश मे नौ बच्चे पोलियो वायरस से प्रभावित हुए है। पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र मे काम करने वाली आयशा रज़ा फारूक ने लोगो को अपने बच्चो को पोलियो की खुराक पिलने की सलाह दी और कहा कि पोलियो को रोकने के लिए दवा की अधिक खुराक की जरूरत है। पोलियो उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र के संयोजक मुहम्मद अनवर उल हक ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने इस साल पोलियो-रोधी छह अभियान चलाए है।

## पाक निर्वाचन आयोग ने इमरान की पार्टी के लिए न्यायालय के आदेश को लागू करेगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान निर्वाचन आयोग जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को आरक्षित सीट आवंटित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के आदेश को लागू करेगा। शनिवार को एक खबर मे यह जानकारी दी गई। इस फैसले से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को संसद मे सबसे बड़ी पार्टी बनने का मौका मिलेगा। उच्चतम न्यायालय की 13 सदस्ईय पूर्ण पीठ ने पिछले सप्ताह 8-5 के बहुमत से फैसला सुनाया था कि 71 वर्षीय खान की पार्टी नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओ मे महिलाओ और अल्पसंख्यको के लिए आरक्षित सीट के लिए पात्र है। पीटीआई नेशनल असेंबली मे सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी, क्योंकि महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 23 सीट हासिल करने के बाद इसकी सीट 86 से बढ़कर 109 हो जाएंगी। जिओ न्यूज की खबर के अनुसार, शुक्रवार को जारी एक बयान मे पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश को लागू करने का फैसला चुनाव निकाय द्वारा आरक्षित सीट के मामले मे विचार-विमर्श के लिए बृहस्पतिवार और शुक्रवार को आयोजित दो बैठको के बाद लिया गया। बयान मे पीटीआई के खिलाफ परोक्ष टिप्पणी मे कहा गया, इसके अलावा, आयोग एक राजनीतिक दल द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और माननीय सदस्यो की अनुचित आलोचना की कड़ी निंदा करता है और इसे खारिज करता है।

## मस्क ने मोदी को एक्स पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बनने पर बधाई दी

**न्यूयॉर्क।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोशल मीडिया मंच एक्स पर 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर होने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री इस समय एक्स पर दुनिया मे सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति है।एक्स कॉर्प के मालिक मस्क ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर) पर एक पोस्ट मे लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बनने पर बधाई। प्रधानमंत्री मोदी के एक्स पर अब करीब 10 करोड़ एक लाख फॉलोअर है। इस हफ्ते की शुरुआत में, सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस बड़ी उपलब्धि को प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर खुशी जाहिर कि और कहा, एक्स पर दस करोड़उ इस जीवंत माध्यम पर आकर और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना और बहुत कुछ का आनंद लेते हुए खुश हूं। उन्होने आगे लिखा, भविष्य में भी इसी प्रकार से लोगों से जुड़े रहने को उत्सुक हूं।

# भारत भूटान को 1,500 करोड़ के प्रोत्साहन पर करेगा विचार



**थिंपू।** भारत ने अगले 18 महीने में आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत भूटान को 1,500 करोड़ रुपए प्रदान करने पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए सहमति जताई है। शनिवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटान यात्रा के अंतिम दिन और भूटानी नेताओं के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह सहमति बनी है। पिछले सप्ताह कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर आए मिस्री ने भूटान के अपने समकक्ष ओम पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वयन के तौर-तरीकों और सहयोग की समीक्षा की। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ, मैत्रीपूर्ण संबंध और लोगों के बीच घनिष्ठ सहयोग से युक्त अनुकरणीय साझेदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। नई दिल्ली और थिम्पू द्वारा जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि द्विपक्षीय सहयोग में विकास साझेदारी, ऊर्जा, व्यापार और निवेश, संपर्क एवं व्यापार अवसंरचना, प्रौद्योगिकी, लोगों के बीच संबंध, तथा पारस्परिक महत्व के अन्य क्षेत्रीय मुद्दे शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, भूटान सरकार ने भारत सरकार को आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम (ईएसपी) के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी। भारतीय पक्ष ने प्रस्तावों के क्रियान्वयन की प्रगति के तहत पहले डेढ़ साल में ईएसपी की पूरी राशि 15 अरब नु यानी 1,500 करोड़ रुपए देने पर सकारात्मक रूप से विचार करने पर सहमति जताई। चोडेन के निमंत्रण पर भूटान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए मिसरी ने भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। शनिवार को दोनों विदेश सचिवों ने तीसरी भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता की, जिसे आमतौर पर विकासात्मक सहयोग और आपसी हितों पर केंद्रित 13वीं पंचवर्षीय योजना की योजना वार्ता कहा जाता है।

## कुवैत में केरल के एक परिवार के चार सदस्यों की अग्निकांड में मौत

**दुबइ-कुवैत।** कुवैत सिटी में एक दुखद घटना में एक भारतीय दंपती और उनके दो बच्चों की उनके फ्लैट में आग लगने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। परिवार उसी दिन केरल से छुट्टी मनाकर लौटा था। मैथ्यूज मुलक्कल, उनकी पत्नी लिनी अब्राहम और उनके दो बच्चे, शुक्रवार रात को अब्बासिया इलाके में अपने दूसरे मंजिल के फ्लैट में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के कारण दम घुटने से मारे गए, यह घटना रात आठ बजे की है।

# बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन

## कर्फ्यू के बावजूद बढ़ी मृतकों की संख्या

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश में** सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के कुछ दिन बाद शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लागू कर दिया और सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की। बांग्लादेश में हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई है जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को मरने वाले लोगों की संख्या के बारे में अलग-अलग रिपोर्ट सामने आईं और समय टीवी के अनुसार 43 लोग मारे गए हैं। एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 23 शव देखे, लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या उन सभी की मौत शुक्रवार को हुई थी। बृहस्पतिवार को प्रदर्शनकारी छात्रों द्वारा देश में पूर्ण बंद लागू करने के प्रयास के दौरान 22 लोगों की मौत हुई थी। मंगलवार और बुधवार को भी कई लोग मारे गए थे। राजधानी ढाका और अन्य शहरों में सड़कों व विश्वविद्यालय परिसरों में पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। अधिकारियों ने मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगा दी है। कुछ टेलीविजन समाचार चैनलों में भी कामकाज बंद हो गया है तथा अधिकांश बांग्लादेशी समाचार पत्रों की वेबसाइट नहीं खुल रही हैं। मृतकों की संख्या की पुष्टि करने के लिए



अधिकारियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, लेकिन डेली प्रथम आलो समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि मंगलवार से अब तक 103 लोगों की मौत हुई है। ढाका में अमेरिका के दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि खबरों से पता चलता है कि बांग्लादेश में सैकड़ों से लेकर संभवतः हजारों लोग घायल हुए हैं।दूतावास ने कहा कि स्थिति बेहद अस्थिर है। देश में कर्फ्यू आधी रात से शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक इसमें ढील दी जाएगी ताकि लोग जरूरी सामान खरीद सकें। इसके बाद रविवार सुबह 10 बजे तक कर्फ्यू फिर से लागू रहेगा। सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के महासचिव और सांसद उबेद-उल-कादर ने बताया कि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया गया है। प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले पूर्व सैनिकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता है।

# मलेशिया के नए सम्राट सुल्तान इब्राहिम की धूमधाम से ताजपोशी की गई

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के नए अरबपति सम्राट सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर की शनिवार को परंपरा के अनुरूप तोपों की सलामी समेत पूरे धूमधाम के साथ ताजपोशी की गई। उन्होंने पांच साल के कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष रूप से शासन करने का संकल्प लिया। वह एक अद्वितीय परिवर्तनशील राजशाही प्रणाली के तहत काम करेंगे। सुल्तान इब्राहिम (65) ने 31 जनवरी को शपथ ली थी। यहां के नेशनल पैलेस में आयोजित एक भव्य समारोह में 20 जुलाई को सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर का औपचारिक रूप से मलेशिया के 17वें सम्राट के रूप में राज्याभिषेक किया गया। नौ जातीय मलय राज्य के शासक देश की परिवर्तनशील राजशाही के तहत पांच साल के लिए मलेशिया के सम्राट बनते हैं, जिसकी शुरुआत 1957 में मलेशिया को ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद हुई थी। मलेशिया में 13 राज्य हैं लेकिन केवल नौ में शाही परिवार हैं, कुछ राज्यों की जड़ें सदियों पुराने मलय साम्राज्य से जुड़ी हैं जो अंग्रेजों द्वारा एक साथ लाए जाने तक स्वतंत्र राज्य थे।काले और सुनहरे रंग की पारंपरिक औपचारिक पोशाक और टोपी पहने सुल्तान इब्राहिम और रानी रजा जरीथ सोफिया को सिंहासन पर आसीन होने से पहले सैन्य सलामी दी गई। अन्य शाही परिवारों के प्रमुख, ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोलकिया और बहरीन के सुल्तान हमद ईसा अल खलीफा सिंहासन के बगल में एक मंच पर बैठे थे। ताजपोशी की रस्म की शुरुआत में सुल्तान को कुरान की एक प्रति भेंट की।
गई जिसको उन्होंने चूम लिया। नए सम्राट को शक्ति का प्रतीक एक सोने का खंजर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने अपनी सरकार की निष्ठा का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि शाही संस्था राष्ट्र की ताकत का एक स्तंभ है। इसके बाद उन्होंने सुल्तान इब्राहिम को मलेशिया का नया सम्राट घोषित किया।

## अमेरिका में पिछले कई साल में राष्ट्रपति की सुरक्षा के सीक्रेट सर्विस के तरीके बदले

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब्राहम लिंकन के राष्ट्रपति रहने के दौरान कोई भी व्यक्ति व्हाइट हाउस आकर उनसे मिल सकता था। इनमें कई लोग थे। ऐसी माताएं थीं जो अपने बेटों को सैन्य सेवा से मुक्त करवाना चाहती थीं, ऐसी पत्नियां थीं जो अपने पतियों को जेल से मुक्त कराना चाहती थीं, और कुछ लोग ऐसे भी थे जो केवल राष्ट्रपति से मिलना चाहते थे। जेम्स बी कोनरॉय ने अपनी पुस्तक लिंकन्स व्हाइट हाउस: द पीपल्स हाउस इन वारटाइम में इस तरह की रोचक जानकारी दी है। किताब में लिखा गया है कि 1860 के दशक से दुनिया में बहुत बदलाव आया है, और इसी तरह राष्ट्रपतियों की सुरक्षा भी बदल गई है। राष्ट्रपतियों की सुरक्षा करने वाली सीक्रेट सर्विस की एक सदी से भी ज्यादा अवधि में इसके सुरक्षा व्यवस्था के आकार, जिम्मेदारी और तकनीक में काफी इजाफा हुआ है। इसके अनुसार, जब राष्ट्रपति व्हाइट हाउस छोड़ते हैं तो उनके साथ सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों और एजेंटों की एक टीम होती है। 1600 पेंसिल्वेनिया एवेन्यू में अकसर लोगों का घर कहे जाने वाले स्थान से अब कार नहीं गुजर सकतीं। बाड़ को ऊपर उठा दिया गया है, और बिना पूर्व अनुमति या बैज के गेट से आगे निकलने की कोशिश भी नहीं की जानी चाहिए। अंगरक्षक के रूप में तैनात लोगों की संख्या भी बढ़ गई है। उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपतियों, चुनाव के उम्मीदवारों, परिवार के सदस्यों और अन्य कई को सुरक्षा प्रदान की जाती है। गृह युद्ध के दौरान, लिंकन व्हाइट हाउस को सशस्त्र शिविर जैसा दिखाने में झिझक रहे थे।

# शीतल पेय का आपके स्वास्थ्य के लिए क्या मतलब हो सकता है

**क्वींसलैंड।** बहुत से लोग पहले की तुलना में मीठे शीतल पेय कम पी रहे हैं। चीनी-युक्त पेय पदार्थों के स्वास्थ्य जोखिमों के मान्यता प्राप्त जोखिमों को देखते हुए यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी जीत है। लेकिन समय के साथ डाइट सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन बढ़ गया है। वास्तव में, यह इतना अधिक है कि ए उत्पाद अब नियमित रूप से अपशिष्ट जल में पाए जाते हैं।तो शोध इस बारे में क्या कहता है कि यदि आप इन्हें अक्सर पीते हैं तो लंबे समय में आपका स्वास्थ्य कैसे प्रभावित होता है डाइट शीतल पेय को क्या मीठा बनाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) लोगों को सलाह देता है कि उनके फ्री शूगर के दैनिक सेवन को उनकी कुल ऊर्जा खपत के 10 प्रतिशत से कम करें। प्रति दिन 5 से कम या लगभग 25 ग्राम (छह चम्मच) की और कमी अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेगी।लेकिन अधिकांश नियमित शीतल पेय में बहुत अधिक चीनी होती है। मूल कोका-कोला की एक नियमित 335 मिलीलीटर कैन में कम से कम सात चम्मच अतिरिक्त चीनी होती है। डाइट शीतल पेय को नियमित शीतल पेय के समान स्वाद के लिए डिज़ाइन किया गया है लेकिन चीनी के बिना। चीनी के बजाय, डाइट शीतल पेय में कृत्रिम या प्राकृतिक मिठास होती है। कृत्रिम मिठास में एस्पार्टेम, सैकरीन और सुक्रालोज़ शामिल हैं। प्राकृतिक मिठास में स्टीविया और मोंक फलों का अर्क शामिल है, जो पौधों के स्रोतों से आते हैं। कई कृत्रिम मिठास चीनी की तुलना में अधिक मीठी होती हैं



इसलिए उतनी ही मिठास प्रदान करने के लिए कम की आवश्यकता होती है।डाइट शीतल पेय को नियमित शीतल पेय के स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के रूप में विपणन किया जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो चीनी का सेवन कम करना चाहते हैं या अपना वजन नियंत्रित करना चाहते हैं।लेकिन जबकि ऑस्ट्रेलियाई वयस्कों और किशोरों के सर्वेक्षण से पता चलता है कि अधिकांश लोग अपने चीनी सेवन को कम करने के लाभों को समझते हैं, वे अक्सर इस बारे में जागरूक नहीं होते हैं कि डाइट पेय स्वास्थ्य को अधिक व्यापक रूप से कैसे प्रभावित कर सकते हैं।एस्पार्टेम के बारे में शोध क्या कहता है? शीतल पेय में कृत्रिम मिठास को अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित खाद्य अधिकारियों द्वारा उपभोग के लिए सुरक्षित माना जाता है। हालाँकि, कुछ शोधकर्ताओं ने उपभोग के दीर्घकालिक जोखिमों के बारे में चिंता जताई है। जो लोग नियमित रूप से और अक्सर डाइट सॉफ्ट ड्रिंक पीते हैं उनमें कुछ मेटाबोलिक स्थितियां (जैसे मधुमेह और हृदय रोग) विकसित होने की संभावना उन लोगों की तुलना में अधिक होती है जो डाइट सॉफ्ट ड्रिंक नहीं पीते हैं।अन्य आहार और जीवनशैली कारकों (जैसे शारीरिक गतिविधि) को ध्यान में रखने के बाद भी यह संबंध पाया गया।2023 में, डटल्यूएचओ ने घोषणा की कि रिपोर्ट में एस्पार्टेम – आहार शीतल पेय में इस्तेमाल किया जाने वाला मुख्य स्वीटनर –संभवत: मनुष्यों के लिए कैंसरकारी (कार्सिनोजेनिक का अर्थ है कैंसर पैदा करने वाला) पाया गया है।हालाँकि, महत्वपूर्ण बात यह है कि रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तव में आश्वस्त होने के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं कि एस्पार्टेम कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है और इस बात पर जोर दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### संरा ने लोगों, संस्थाओं को प्रतिबंध सूची से बाहर करने के लिए अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं को मंजूरी दी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उन सैकड़ो व्यक्तियो, कंपनियो और अन्य संस्थाओ के लिए अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओ को शुक्रवार को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी जो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधो के अधीन है और काली सूची से बाहर आना चाहते है। माल्टा और अमेरिका द्वारा सह-प्रायोजित इस प्रस्ताव के जरिए सुरक्षा परिषद द्वारा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधो की प्रभावशीलता मे सुधार के तरीको की जांच करने के लिए एक नया अनौपचारिक कार्य समूह बनाया जा सकेगा।माल्टा की संयुक्त राष्ट्र राजदूत वैनेसा फ्रेजियर ने मतदान से पहले परिषद को बताया कि यह प्रस्ताव उचित प्रक्रिया के प्रति परिषद की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है। अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने मतदान के बाद परिषद की सर्वसम्मति से मंजूरी को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि सूची से बाहर करने संबंधी प्रक्रिया 18 वर्ष से नही बदली है। उन्होने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध प्रक्रियाओ मे पारदर्शिता और निष्पक्षता जैसे मूल्यो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहा है। वुड ने कहा कि सुरक्षा परिषद के प्रतिबंध शांति और सुरक्षा के लिए खतरो को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण हथियार है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधो के जरिए आतंकवाद का मुकाबला करने मे मदद मिलती है और मानवाधिकारो के हनन को रोका जा सकता है।उन्होंने कहा कि अमेरिका अनिश्चितकालीन और दंडात्मक प्रतिबंधो के खिलाफ है, तथा जब आवश्यक हो तो प्रतिबंधो को हटाने और कम करने का समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र मे रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलांस्की ने कहा कि सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधो को अत्यधिक सावधानी से लागू किया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान में लापता हिंदू लड़की के माता-पिता ने उसे ढूंढ़ निकलने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में लापता हुई एक हिंदू लड़की के माता-पिता ने उसकी रहस्यमय गुमशुदगी के बाद उसे ढूंढ़ निकालने की मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया। सिंध प्रांत मे सुक्कुर के पास संगरार मे 19 अगस्त, 2021 को अपने घर के नजदीक मुहर्म के जुलूस मे शरबत बांटने के दौरान प्रिया कुमारी (तब सात साल की) रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। बच्ची के लापता होने से दुखी उसके पिता राजकुमार पाल और मां वीना कुमारी ने शुक्रवार को यहां क्लिफ्टन क्षेत्र मे प्रसिद्ध तीन तलवार स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया, ताकि लोगों को याद दिलाया जा सके कि उनकी बेटी अभी तक नही मिली है। राज ने कहा, उन्होंने (प्रशासन के लोगों ने) एक बार फिर हमें वादा किया है कि वे हमारी बेटी की तलाश कर रहे है और उसे शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो उनसे मिलने पहुंचे तथा उन्हें आश्वासन दिया कि एक पूर्ण संयुक्त जांच दल (जेआईटी) इस मामले की जांच कर रहा है। इसके बाद पाल और उनकी पत्नी ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। ओधो ने कहा कि जेआईटी के गठन के बाद भी किसी गवाह को याद नही आ रहा है कि उस छोटी लड़की के साथ उस दिन क्या हुआ। उन्होंने कहा, लेकिन जेआईटी इस मामले का हल करने के लिए दिन-रात काम कर रही है और हमारे पास शीघ्र जवाब होगा। प्रिया के लापता होने के तीन साल बाद भी उसका कोई सुराग नही मिला है। 2021 के मुहर्म जुलूस के दौरान काफी भीड़ होने के बावजूद किसी भी गवाह को उसकी गुमशुदगी का समूचा परिदृश्य याद नही है। सिंध मे हिंदुओ की अच्छी-खासी संख्या है और राज के अनुसार प्रिया के लापता होने के बाद लोगों के मन में अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता एवं डर समाया हुआ है। बच्चियो, किशोर या यहां तक कि विवाहित हिंदू महिलाओ का गायब होना और अपहरण होना प्रांत के कई हिस्सो मे कोई असामान्य बात नही है, लेकिन ज्यादातर मामलो मे, पीड़ित और उनका अपहरण करने वाले लोग देर-सबेर सामने आ ही जाते है और अदालतो का दरवाजा खटखटाते है। हिंदू समुदाय के नेताओ के मुताबिक, इनमे से ज्यादातर मामलो मे महिलाओ और लड़कियो का जबरन धर्मांतरण कर दिया जाता है और उनका बहुत अधिक उम्र के लोगो के साथ विवाह कर दिया जाता है। इन नेताओ के अनुसार आम तौर पुलिस पीड़ित परिवारो के बजाय अपहर्ताओ का समर्थन करने का प्रयास करती है।

### क्राउडस्ट्राइक की विफलता वैश्विक रूप से जुड़ी प्रौद्योगिकी की खामी को उजागर करती है

**वाशिंगटन।** दुनियाभर मे एयरलाइन, बैंकों, अस्पतालो और अन्य प्रमुख संगठनो ने अपनी कंप्यूटर प्रणाली को हैकर्स तथा डेटा उल्लंघन से बचाने के लिए साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक को चुना है लेकिन शुक्रवार को इसी कंपनी के सॉफ्टवेयर मे खामी के कारण वैश्विक स्तर पर व्यवधान पैदा हो गया। दुनियाभर मे प्रौद्योगिकी संबंधी व्यवधान के कारण शुक्रवार को उड़ानो का संचालन और बैंक तथा मीडिया संस्थानो का कामकाज प्रभावित हुआ था। इस व्यवधान से दुनियाभर की कंपनियां और सेवाएं प्रभावित हुई थी तथा चंद कंपनियो के सॉफ्टवेयर पर निर्भरता की सीमाएं उजागर हुईं। क्राउडस्ट्राइक ने कहा था कि माना जा रहा है कि इस समस्या की वजह कोई सुरक्षा गड़बड़ी या साइबर हमला नही है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय मे इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर ग्रेगरी फाल्को ने कहा, यह उस समरूप प्रौद्योगिकी का नतीजा है जो हमारी समस्त आईटी अवसंरचना की रीढ़ है। उन्होंने कहा, वास्तव मे इस गड़बड़ी का कारण यह है कि हम बहुत कम कंपनियो पर निर्भर है। क्राउडस्ट्राइक के अनुसार, यह गड़बड़ी कोई हैकिंग की घटना या साइबर हमला नही था। कंपनी ने इसके लिए माफी मांगी थी तथा कहा था कि इसे ठीक कर लिया जाएगा। गार्टनर के विश्लेषक एरिक ग्रेनियर ने कहा कि लेकिन यह काम आसान नही था और इसे ठीक करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शायद यही वह चीज है जिससे कंपनियां सबसे अधिक जूझ रही है। हालांकि, हर कोई क्राउडस्ट्राइक का ग्राहक नही है, फिर भी यह अग्रणी साइबर सुरक्षा प्रदाताओ मे से एक है।साइबर सुरक्षा विश्लेषक रिचर्ड स्टीनन ने कहा कि यह क्राउडस्ट्राइक की एक बड़ी गलती थी। पिछले 24 वर्षों से साइबर सुरक्षा उद्योग पर नजर रखने वाले स्टीनन ने कहा, यह निश्चित रूप से किसी भी सुरक्षा सॉफ्टवेयर प्रदाता की अब तक की सबसे बड़ी गलती या गड़बड़ी है।

### पूरी दुनिया में बढ़ रही स्कोडा

**ग्लोबल।** स्कोडा ऑटो जलवा दुनिया भर में अपनी 129वीं वर्षगांठ और भारत में 24वीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहा है। पूरे साल ग्राहकों और प्रोडक्ट्स से जुड़ी कई तरह की पहल करने और 2024 की शुरुआत में एक ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने इस ऑल-न्यू कार की दूसरी झलक पेश की है। डिज़ाइन टीज़र की रिलीज़ के बारे में, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा कि हमने 2024 की शुरुआत अपनी ऑल-न?यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के एलान के साथ की थी। 2024 के मध्य में, हम अपने तय रास्ते पर हैं। हमारी कॉम्पैक्ट एसयूवी भारत भर में सड़कों पर कठोर परीक्षण से गुज़र रही है और हम अपनी प्रोडक्ट तैयारियों, उच्च कार्यकुशलता और गुणवत्तापूर्ण लोकल सप्लायर पार्टनर्स के साथ मिलकर लगातार इसकी खासियतों में वृद्धि कर रहे हैं। नई कॉम्पैक्ट एसयूवी भारतीय सड़कों पर हमारी यूरोपीय तकनीक को सही मायने में लोकप्रिय बनाएगी। चूंकि यह एसयूवी एक बड़े कार प्लेटफ़ॉर्म पर आधारित है, इसलिए हमारी कॉम्पैक्ट एसूयवी में कॉम्पैक्ट पहचान के भीतर बड़ी कार का एहसास होगा और इस तरह यह नए कार खरीदारों के लिए एक बेहतरीन अपील होगी। ये भारत के प्रति हमारी ब्रांड प्रतिबद्धता के अनुरूप है, क्योंकि यूरोप के बाहर स्कोडा ऑटो के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाज़ार है। यूरोप के बाहर बनाई गई स्कोडा की ज़्यादातर कारें हमारी स्थानीय फैक्ट्रियों में निर्मित होती हैं और हम स्थानीय रूप से बनाई जाने वाली स्कोडा कारों को 14 देशों में निर्यात कर रहे हैं।

